TarunMitra TarunMitra TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

लखनऊ
वर्ष: 26 अंक 191
गुरूवार 8 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 36°C
न्यूनतम 27°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-12 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# ऑपरेशन सिंदूर: भारत ने पहलगाम हमले का लिया बदला

## 25 मिनट में ताबड़तोड़ हमले, पाक व पीओके में आतंकवादियों के नौ ठिकाने ध्वस्त

**नयी दिल्ली, 7 मई।** पहलगाम में निर्मम आतंकवादी हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को चुन चुन कर मारने के सरकार के संकल्प को पूरा करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में 25 मिनट तक ताबड़तोड़ हमले कर नौ आतंकवादी ठिकानों को पूरी तरह ध्वस्त कर आतंकवादियों के नेटवर्क की कमर तोड़ दी। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री, सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में देश को छह और सात मई की दरमियानी रात को एक बज कर पांच मिनट से डेढ़ बजे तक चले ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी।

ब्रीफिंग से पहले एक स्लाइड में बताया गया कि पाकिस्तान कई दशकों से आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और आतंकवादियों के हमलों में अब तक करीब 350 आम लोग और 600 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गये हैं। ऑपरेशन सिंदूर में जिन नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है उनमें से चार




पाकिस्तान में और पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में हैं। इन ठिकानों पर आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय, भर्ती, प्रशिक्षण केन्द्र और लांच पैड़ हैं। मिस्त्री ने जोर देकर कहा कि बीती रात सीमा पार की गई कार्रवाई नपी तुली, गैर उकसावे वाली एवं जिम्मेदारी थी जिसका उद्देश्य आतंकवादी ढांचे को नेस्तनाबूद करना और आतंकवादियों को आगे किसी भी ऐसी हरकत के लिए अक्षम बनाना था। इस कार्रवाई में पाकिस्तान के किसी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया।

इसमें निर्दोष लोगों की जान नहीं गयी और न ही उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई 25 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पहलगाम हमले के बाबत जारी बयान की भावना के अनुरूप है। विदेश सचिव ने कहा, पाकिस्तान आधारित आतंकवादी मॉड्यूल पर हमारी खुफिया निगरानी से संकेत मिला था कि भारत पर आगे भी हमले हो सकते हैं, अतः इन्हें रोकना और इसने निपटना दोनों को बेहद आवश्यक समझा गया।

आज सुबह भारत ने इस तरह के सीमा पार हमलों का जवाब देने और उन्हें रोकने तथा उनका प्रतिरोध करने के अपने अधिकार का प्रयोग किया है। मिस्त्री ने कहा कि 25 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रेस वक्तव्य में टीआरएफ के संदर्भ को हटाने के लिए पाकिस्तान के दबाव पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। पहलगाम आतंकी हमले की जांच से पाकिस्तान के साथ आतंकवादियों के संपर्क उजागर हुए हैं। विदेश सचिव ने पहलगाम हमले की पृष्ठभूमि की पूरी जानकारी दी और कहा, 22 अप्रैल 2025 को लश्कर-ए-तैयबा से संबंधित पाकिस्तानी और पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमला किया और 25 भारतीय नागरिकों और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी... ■ शेष पेज 11 पर

### कार्रवाई

- जैश हेडक्वार्टर में आतंकी मसूद अजहर के दस रिश्तेदारों की मौत
- भारत ने जैश, लश्कर और हिजबुल मुजाहिद्दीन के ठिकाने तबाह किए, भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच विमान सेवाएं प्रभावित
- पहलगाम हमले में जान गंवाने वालों के परिजनों ने सेना को किया सलाम
- अमेरिका ने कहा भारत पाकिस्तान की स्थिति पर नजर बनाए हुए

## पीएम ने राष्ट्रपति से मुलाकात कर ऑपरेशन सिंदूर की दी जानकारी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात कर उन्हें पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारत की ऐतिहासिक सैन्य कार्रवाई के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी थी। राष्ट्रपति भवन ने दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीर एक्स हैंडल पर साझा करते हुए लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।

## भारतीय सशस्त्र बलों पर हमें गर्व : खरगे

**नई दिल्ली, 7 मई।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना के पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में की गई जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर कांग्रेस कार्यसमिति की बुधवार को विशेष बैठक हुई। पार्टी ने सेना के पराक्रम की सराहना की और कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की सशस्त्र सेनाओं के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है।

पार्टी मुख्यालय पर पत्रकारों को दिए वक्तव्य में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमारे भारतीय सशस्त्र बलों पर हमें गर्व है, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर साहसिक कार्रवाई करते हुए मुंहतोड़ जवाब दिया है। हम अपने जांबाज सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति को सलाम करते हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सशस्त्र बलों और सरकार के साथ एकजुटता से खड़े होकर सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हर निर्णायक कार्रवाई का समर्थन किया है। उन्होंने आगे कहा कि पाक की ओर से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के सभी रूपों के विरुद्ध भारत की राष्ट्रीय नीति स्पष्ट और अडिग है।



- आतंकवाद के खिलाफ हर निर्णायक कार्रवाई का कांग्रेस ने किया समर्थन
- भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध : शाह

### विश्व आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर काम करे : विदेश मंत्री

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर पर भारत के हमलों के संदर्भ में कहा है कि दुनिया को आतंकवाद पूरी तरह अस्वीकार करने की नीति पर काम करना चाहिए। अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से एक लाइन में विदेश मंत्री ने कहा, दुनिया को आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति दिखानी चाहिए।

## पाकिस्तान को करारा जवाब : राजनाथ


**नई दिल्ली, 7 मई।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेनाओं ने कल रात ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च करके आतंकियों को प्रशिक्षण देने वाले शिविरों को तबाह कर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। भारत ने अपनी सरजमीं पर हुए हमले का जवाब देने के लिए अपने अधिकारों का इस्तेमाल किया है। हमारी यह कार्रवाई बेहद सोच-समझकर सधे हुए तरीके से की गई है।

आतंकियों के हौसले पस्त करने के उद्देश्य से यह कार्रवाई महज उनके शिविरों और अन्य ढांचों तक ही सीमित रखी गई है। पाकिस्तान के आतंकी शिविरों को नष्ट किये जाने के बाद रक्षा मंत्री शाम को नई दिल्ली में 66वें बीआरओ दिवस समारोह में शामिल हुए। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से 50 प्रमुख बीआरओ परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

इनमें 6 राज्यों और 2 केंद्रशासित प्रदेशों में 17 सड़कें, 30 पुल और 3 अन्य कार्य शामिल हैं, जिनका निर्माण 1879 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। आज जम्मू कश्मीर, लद्दाख, सिक्किम, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और राजस्थान में कई परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ है। हमें जो सड़कें दिखती हैं, जो पुल दिखते हैं, वह सिर्फ दो स्थानों को जोड़ने वाले नहीं होते हैं, बल्कि वह लोगों के दिलों को जोड़ने वाले होते हैं।

उन्होंने समारोह में कहा कि सेना ने अपने शौर्य एवं पराक्रम का परिचय देते हुए एक नया इतिहास लिख दिया है। भारत की सेना ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ करवाई की है। हमने जो लक्ष्य तय किये थे, उन्हें ठीक तय योजना के अनुसार सटीकता से ध्वस्त किया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में ही बीआरओ का बजट लगभग दोगुना हो गया है, जिससे सीमा पर बुनियादी ढांचों के विकास में रिकॉर्ड तोड़ प्रगति हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 में बीआरओ ने 16,600 करोड़ रुपये का उल्लेखनीय व्यय किया है, जो अपने आप में ऐतिहासिक है।

### उद्घाटन



- वर्चुअल माध्यम से 50 प्रमुख बीआरओ परियोजनाओं का उद्घाटन किया

## पंजाब के पांच जिलों के स्कूल-कॉलेज बंद

### अमृतसर हवाई अड्डे पर विमानों का संचालन बंद
### पंजाब के मुख्यमंत्री ने अपने कार्यक्रम किए रद्द

**चंडीगढ़।** भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर चलाने के बाद पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस ने बीएसएफ के साथ मिलकर गश्त बढ़ा दी है। पंजाब के पांच जिलों में शिक्षण संस्थानों और करतारपुर साहिब कॉरिडोर को भी बंद कर दिया गया है।मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल के कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हमला कर 26 पर्यटकों की हत्या के बाद से दोनों देशों के बीच तनाव चल रहा है। केन्द्र सरकार ने कई प्रतिबंध लागू किए गए हैं। बीती रात भारत ने पाकिस्तान स्थित कई आतंकी ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई की है। इसके बाद पंजाब के अमृतसर, गुरदासपुर, पठानकोट, फाजिल्का तथा फिरोजपुर जिलों में सामान्य की भांति आज सुबह बच्चे स्कूलों में आए लेकिन उन्हें वापस भेज दिया गया और स्कूल बंद कर दिए गए। पंजाब सरकार के साथ बातचीत के बाद जिला उपायुक्तों ने शिक्षण संस्थानों में छुट्टी का फैसला लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में रेड अलर्ट घोषित

**लखनऊ, 7 मई (तरुणमित्र)।** पहलगाम में आतंकी हमले का जवाब देते हुए भारतीय सेना ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया और आतंकियों के नौ ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है। इसके बाद उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट जारी किया गया है। यूपी डीजीपी के एक्स पर जारी किए गए बयान में कहा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट घोषित किया गया है। यूपी पुलिस की सभी फील्ड इकाइयों को रक्षा बलों से समन्वय स्थापित करने एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच में मिले दस्तावेज पाने का आरोपित को हक : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, 7 मई।** सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि आरोपित को जांच के दौरान मिले दस्तावेजों और बयानों की प्रति पाने का हक है, लेकिन ईडी की ओर से अभियोजन शिकायत के दाखिल होने के बाद आरोपित को उन्हें छोड़ना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आरोपित को जानने का हक है कि किन दस्तावेजों पर अभियोजन की ओर से भरोसा नहीं किया गया ताकि वो बचाव की बारी आने पर उन दस्तावेजों की मांग कर सके।

### बीकानेर में ज्वेलरी शॉप में सिलेंडर ब्लास्ट, तीन की मौत

**बीकानेर, 7 मई।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार को एक ज्वेलरी शॉप में एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि कुछ के अभी भी अंदर फंसे होने की आशंका है। पुलिस और स्थानीय लोग लगातार रेस्क्यू कर रहे हैं। ब्लास्ट इतना भीषण था कि शॉप में रखा सामान सड़क तक उड़कर आ गया। घटना में घायल पांच लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सिटी कोतवाली के पास स्थित मथुरा मार्केट में हुई है। जानकारी के अनुसार, मथुरा मार्केट में स्थित बिल्डिंग में कई छोटी-छोटी शॉप हैं, जहां सोने-चांदी के गहने बनाए जाते हैं।

## पुंछ में पाक की भारी गोलाबारी में 12 की मौत, 57 घायल

**जम्मू/श्रीनगर, 7 मई।** पाकिस्तानी सेना ने बुधवार को जम्मू एवं कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास अग्रिम गांवों को निशाना बनाकर भारी तोपखाने और मोर्टार से गोलाबारी की, जिसमें चार बच्चों समेत कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 57 घायल हो गए हैं।

भारतीय सेना गोलाबारी का मुंहतोड़ जवाब दे रही है, जिसमें पाकिस्तान के कई लोग हताहत हुए हैं और उनकी कई चौकियां नष्ट हो गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए मंगलवार-बुधवार की रात को हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी सेना ने सुबह एलओसी के पास अग्रिम गांवों को निशाना बनाकर भारी तोपखाने और मोर्टार से गोलाबारी की। हालांकि भारतीय सेना गोलाबारी का मुंहतोड़ जवाब दे रही है, लेकिन दुश्मन पक्ष के कई लोग हताहत हुए हैं और गोलीबारी में शामिल उनकी कई चौकियां नष्ट हो गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी गोलाबारी से सबसे ज्यादा नुकसान पुंछ जिले में हुआ है, जहां 12 नागरिक मारे गए हैं और 42 लोग घायल हुए हैं।

इनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई गई है। पाकिस्तान की ओर से की गई अंधाधुंध गोलाबारी से सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों में ■ शेष पेज 11 पर

### निशाना

- भारत की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान की कई चौकियां नष्ट
- जम्मू हवाई अड्डे को अगले नोटिस तक नागरिक उड़ानों के लिए बंद

## हादसे में एक परिवार के 5 सदस्यों की मौत

### झांसी-कानपुर नेशनल हाइवे-27 पर कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकराई
### टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के उड़ गए परखच्चे

**जालौन, 7 मई (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में आज सुबह हुए सड़क हादसे में पांच लोगों की जान चली गई। झांसी-कानपुर नेशनल हाइवे-27 पर एक कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। जान गंवाने वाले सभी लोग कार में सवार थे। हादसा एट थाना क्षेत्र के बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के करीब ग्राम गिरथान के समीप सुबह करीब 5:30 बजे हुआ। कार बहराइच से बेंगलुरु जा रही थी, जिसे बृजेश पुत्र शिव प्रसाद चला रहा था।

कार में उनके साथ पत्नी प्रीति, संगीता (पत्नी अंकित), सिद्दीका (पुत्री अंकित), अत्ताशय (पुत्र बृजेश), अंकित (पुत्र चिंता राम), मानवी ■ शेष पेज 11 पर




पाकिस्तान में सेना के सिंदूर ऑपरेशन के बाद भूतनाथ मार्केट में तिरंगा यात्रा निकालकर खुशी मनाते भूतनाथ लखनऊ व्यापार मंडल के पदाधिकारी। - छाया तरुणमित्र

## सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद को सेवा विस्तार

**नई दिल्ली, 7 मई।** केंद्र सरकार ने सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद के कार्यकाल का विस्तार किया है। सरकार ने उनके कार्यकाल को एक साल के लिए बढ़ाया है। इससे पहले सोमवार को अगले सीबीआई निदेशक की नियुक्ति के लिए पीएमओ में बैठक हुई थी। जिसमें मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल हुए थे। केंद्र सरकार ने बुधवार को सीबीआई निदेशक प्रवीन सूद का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया। सूद ने 25 मई 2023 को दो वर्ष की अवधि के लिए सीबीआई निदेशक का पदभार संभाला था। एक साल के सेवा विस्तार के बाद वह इस पद पर मई 2026 तक बने रहेंगे।सरकार की ओर से जारी बयान में मुताबिक, उनके कार्यकाल को बढ़ाने का निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई चयन समिति की बैठक में लिया गया। इस समिति में भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल थे।

### योगी सरकार को शराब पॉलिसी बदलने का मिला फायदा

## नई नीति से सरकार ने कमाए 4300 करोड़

■ हरिमोहन विश्वकर्मा

**लखनऊ, 7 मई।** उप्र की योगी सरकार के लिए उत्तर प्रदेश में नई शराब नीति लाभकारी हो रही है। रिटेल शराब व्यापार में आबकारी विभाग ने अप्रैल महीने में ही बंपर कमाई की है। बीते साल की तुलना में आबकारी विभाग को 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा का राजस्व प्राप्त हुआ है। अप्रैल में आबकारी विभाग को 4319 करोड़ रुपये का शुल्क मिला, ये बीयर, आईएमएफएल और देशी शराब की बिक्री से इकट्ठा हुआ है।

पिछले साल अप्रैल महीने में यही राजस्व मात्र 3313 करोड़ रुपये था। नई शराब नीति के चलते प्रदेश में बीयर और शराब की मिश्रित दुकानें शुरू की गईं, इससे रोजाना की बिक्री और आमदनी में बढ़ोतरी हुई है। आबकारी विभाग के अधिकारियों के मुताबिक कई नई लाइसेंस कैटेगरी शुरू करने के साथ कम लाइसेंस शुल्क पर कम अल्कोहल वाले पेय पदार्थों की पेशकश के लिए जगह बनाई गई है। इस बीच कई ऐसी कठिनाइयों को कम या खत्म किया गया है, जिनसे व्यापार करने में आसानी हो, उनका कहना है कि अवैध शराब के खिलाफ जारी कार्रवाई से भी इसमें फर्क पड़ा है। नई शराब नीति में कई उपाय राजस्व बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। प्रदेश में नई शराब नीति से अप्रैल में आबकारी विभाग को 1000 करोड़ रुपये से अधिक अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ है। मिश्रित शराब दुकानों और कम लाइसेंस शुल्क जैसी नीतियों से बिक्री में उल्लेखनीय इजाफा हुआ है, अवैध शराब पर कार्रवाई ने भी राजस्व में योगदान दिया है, इससे सरकार को आर्थिक लाभ हुआ है।

आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल का कहना है कि राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए आबकारी विभाग बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। आबकारी विभाग के मुताबिक 2025-26 वित्तीय वर्ष के पहले महीने में अपने साल-दर-साल राजस्व में 30 फीसदी की बढ़ोतरी की है।

### लाभ

- पिछले साल अप्रेल में सरकार को मिला था 3300 करोड़ राजस्व
- नई शराब नीति में बियर और अंग्रेजी शराब की खुली कंपोजिट दुकानें
- व्यापारियों ने भी नई शराब नीति को बताया बेहतर

## जांच समिति ने की जस्टिस वर्मा के खिलाफ आरोपों की पुष्टि

**नई दिल्ली, 7 मई।** नकदी मिलने के बाद चर्चा में आए दिल्ली हाई कोर्ट के जज रहे जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ गठित तीन सदस्यीय जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि की है कि नकदी बरामद की गयी थी।

इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने जस्टिस यशवंत वर्मा को इस्तीफा देने की सलाह दी है। चीफ जस्टिस खन्ना ने जांच समिति की रिपोर्ट जस्टिस यशवंत वर्मा को भी भेज दिया है और उनसे जवाब तलब किया है। जांच आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को 4 मई को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस से कहा था कि वो दिल्ली हाई कोर्ट से ट्रांसफर किए गए जस्टिस यशवंत वर्मा को कोई भी न्यायिक कार्य न सौंपें। जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित आवास से 14 मार्च को नकदी मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने एक जांच कमेटी के गठन का आदेश दिया था।

राष्ट्रपति ने जस्टिस वर्मा को दिल्ली हाई कोर्ट से इलाहाबाद हाई कोर्ट ट्रांसफर करने का आदेश दिया। इसी आदेश के बाद चीफ जस्टिस ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को जस्टिस वर्मा को कोई भी न्यायिक कार्य नहीं सौंपने का आदेश दिया।

इसके पहले चीफ जस्टिस ने दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को कहा था कि वे जस्टिस वर्मा से न्यायिक जिम्मेदारियां वापस ले लें।

# सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज में मॉकड्रिल का आयोजन

**प्रतापगढ़, 07 मई (तरुणमित्र)।** आपातकालीन परिस्थितियों के दृष्टिगत जनपद के सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज प्रतापगढ़ में नागरिक सुरक्षा को लेकर माक ड्रिल एवं अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज में असामाजिक तत्वों द्वारा बम के माध्यम से हमला किया गया और जैसे ही विद्यालय को जानकारी मिली तत्काल विद्यालय प्रशासन द्वारा सायरन बजाकर बच्चों व अध्यापकों सहित समस्त कर्मचारियों को अलर्ट किया गया तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर आनन्द कुमार जॉन ने तत्काल जिला प्रशासन व डायल 112 को फोन के माध्यम से सूचित किया और मौके पर पुलिस बल, अग्निशमन, होमगार्ड, एनसीसी कैडेट व चिकित्सा की टीमें पहुँची और विद्यालय में बम के माध्यम से लगी हुई आग को अग्निशमन दमकल द्वारा पानी के माध्यम से बुझाया गया और रेसक्यू टीमों द्वारा विद्यालय में हमले से घायल हुये बच्चों को निकाला गया और उन्हें 108 एम्बुलेन्स के माध्यम से जिला अस्पताल में चिकित्सीय उपचार हेतु भेजा गया तथा विद्यालय की बिल्डिंग में फंसे हुये अन्य बच्चों को रेस्क्यू टीमों द्वारा सकुशल निकाला गया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति ने कहा कि किसी भी आपातकाल में घबरायें नही, धैर्य और संयम से कार्य करें, जिला प्रशासन की गाइडलाइन का अनुपालन करें। अफवाहों पर ध्यान न दें तथा अफवाहों को न फैलायें। धैर्य, संयम और जागरूकता ही आपको और आपके प्रियजनों को सुरक्षित रखने में मदद कर सकती है।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, ईओ नगर पालिका राकेश कुमार, जिला आपदा विशेष अनुपम शेखर तिवारी सहित संबंधित अधिकारी, जनपद के समाजसेवी, व्यापार/उद्योग के पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्रायें व अन्य सम्भ्रान्त नागरिक उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस द्वारा किया गया। माक ड्रिल के दौरान बताया गया कि आपातकालीन परिस्थितियों जैसे कि हवाई हमले या बड़े आपदाओं की स्थिति में सतर्क रहे और त्वरित प्रतिक्रिया देने हेतु तैयार रहे। जनता से अपील की गयी कि ब्लैकआउट के समय निर्धारित समय सायंकाल से रात्रि तक ब्लैकआउट के समय बिजली बुझा दें, एअररेड सायरन बनजे पर शांतिपूर्वक अपने सुरक्षित स्थान पर शरण लें, अफवाहों से बचें और प्रशासन द्वारा दिये गये निदेर्शों का पालन करें।

नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों व स्थानीय प्रशासन का सहयोग करें। मॉकड्रिल को गम्भीरता से लें ताकि आपातकाल की स्थिति में जान-माल की हानि को न्यूनतम किया जा सके। घबरायें नही, बच्चों एवं पूरे परिवार को जागरूक करें। मोबाईल या रेडियो पर सरकारी एलर्ट सूनें। जरूरी वस्तुयें तैयार रखें जैसे पीने का पानी कम से कम तीन दिन का, सूखा भोजन (बिस्किट ड्राई फूड आदि), प्राथमिक चिकित्सा किट, टार्च एवं एक्सट्रा बैटरी/सेल रखें, जरूरी दस्तावेज जैसे पहचान पत्र/आईडी, मेडिकल रिपोर्ट आदि सुरक्षित रखें, खिड़कियों पर मोटे पर्दे काले कागज लगायें। शीशे से दूर रहे, जमीन पर लेट जाये।

हवाई हमले के बाद बाहर तभी निकलें जब सरकारी निर्देश मिलें, घायल हो तो प्राथमिक उपचार करें, संदिग्ध वस्तु या बम दिखें तो छूये नही पुलिस को सूचित करें। यदि रोड पर हो तो वाहन किनारे खड़ी कर वाहन की लाईट आफ कर दें। समय समय पर जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेशों/निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करें। परमाणु हमलों की घटनाओं की स्थिति में बताया गया कि घर के अंदर जाये और अंदर ही रहें। रेडियो/ टेलीविजन चालू करें और अपने स्थानीय प्राधिकरण की सार्वजनिक घोषणाओं/ पूवार्नुमानों पर ध्यान दें। सभी दरवाजे/खिड़कियाॅ बंद रखें।

# आतंकवादियों पर सेना की सफल कार्रवाई व्यापार मंडल ने किया मिष्ठान वितरण

**रायबरेली, 07 मई (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रायबरेली जिला अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा नगर, अध्यक्ष केके गुप्ता के नेतृत्व में सुपरमार्केट में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादियों के 9 ठिकानों पर सफल हमला करने की खुशी में मिष्ठान का वितरण किया गया, प्रदेश अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता जिला संरक्षक संदीप जैन ने कहा कि भारतीय सेना द्वारा बिना किसी पाकिस्तानी नागरिक को नुकसान पहुंचाए आतंकवादियों को जहन्नुम में पहुंचाने के लिए देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह सहित सेना के तीनों




प्रमुखों को मंडल द्वारा सेल्यूट किया जाता है।

वरिष्ठ जिला महामंत्री संदीप शुक्ला कोषाध्य चंद्रप्रकाश गुप्ता ने कहा कि सेना की इस सफल कार्रवाई से देश की जनता में खुशी की लहर फैल गई है, नगर युवा अध्यक्ष दिलदार राइनी, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष राजकुमारी सिंह ने कहा कि हम सबको अपनी भारतीय सेना पर गर्व है, इस मौके पर जिला संरक्षक महेंद्र अग्रवाल, गीता सिंह, जिला युवा अध्यक्ष पंकज प्रजापति, मोहम्मद शकील, वीके रावत, रेखा केसरवानी, मुकेश अग्रवाल, आलोक सिंह, अनिल लोहिया, सहित सैकड़ो व्यापारी उपस्थित होकर भारत माता की जय वंदे मातरम के जयकारे लगा रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### डीपीआरओ ने हैण्डपम्प सोकपिट की संख्या न बता पाने पर 4 पंचायत सचिवों को लगायी फटकार

**प्रतापगढ़, 07 मई (तरुणमित्र)।** जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे ने विकास खण्ड शिवगढ़ के सभागार में सहायक विकास अधिकारी (पं0), समस्त ग्राम पंचायत सचिव, सूखा न्यूनीकरण की ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों एवं नाम फाउन्डेशन आलोक शुक्ला के साथ समीक्षा बैठक की गयी। सूखा न्यूनीकरण से सम्बन्धित ग्राम प्रधानों को पानी के जलस्त्रोतो को संरक्षित करने हेतु जागरूक किया गया। सम्बन्धित ग्राम प्रधानों एवं सचिवों को हैण्डपम्प सोकपिट, घरेलू पानी का सोकपिट एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं लीचपिट का निर्माण कराये जाने हेतु कड़े निर्देश दिये गये। डीपीआरओ द्वारा सूखा न्यूनीकरण की ग्राम पंचायत एवं अन्य ग्राम पंचायतों में अधिष्ठापित हैण्डपम्पों की समीक्षा में पंचायत सचिव मधुबाला, अबरार अहमद, दीपांकर तिवारी एवं अशोक कुमार द्वारा हैण्डपम्प की सूचना एवं सोकपिट निर्माण कराये जाने की सूचना नहीं उपलब्ध कराये जाने पर कड़ी फटकार लगाते हुये समस्त सचिवों को 03 दिवस के भीतर हैण्डपम्प सोकपिट निर्माण कार्य प्रारम्भ कराये जाने के निर्देश दिये गये। इस दौरान नाम फाउन्डेशन के आलोक शुक्ला द्वारा अवगत कराया गया कि जो भी व्यक्ति नाम फाउन्डेशन के तहत तालाब खुदाई का कार्य करायेगा उसे नाम फाउन्डेशन के तरफ से 50 प्रतिशत की धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी। डीपीआरओ ने सम्बन्धित सचिवों को यह भी निर्देशित किया कि आगामी बैठक माह जून 2025 के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित है। बैठक में जिस ग्राम पंचायत में पानी संरक्षण हेतु कार्य होना नही पाया जायेगा तो सम्बन्धित सचिव के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

### पेट्रोल व सीएनजी पम्पों पर शौचालय की साफ-सफाई, आधारभूत सुविधायें सुनिश्चित करें : जिला पूर्ति अधिकारी

**प्रतापगढ़, 07 मई (तरुणमित्र)।** जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने बताया है कि आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग उ०प्र० जवाहर भवन लखनऊ के माध्यम से अवगत कराया गया है कि राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य राजमार्गों एवं विभिन्न प्रमुख राजमार्गो पर स्थित पेट्रोल पम्प, सी०एन०जी० पम्प आदि में स्थापित शौचालयो में साफ-सफाई की सुविधा संतोष जनक नहीं है एवं कतिपय शौचालय जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। कुछ पेट्रोल पम्प के शौचालयो में ताला बन्द होने की शिकायत भी संज्ञानित हुई है। जिला पूर्ति अधिकारी ने जनपद में स्थापित समस्त पेट्रोल पम्प/सी०एन०जी० पम्प संचालको को निर्देशित किया है कि वे अपने से सम्बन्धित पेट्रोल पम्प पर शौचालयों की साफ-साफाई उनकी मरम्मत, पुरुष एवं महिला हेतु अलग-अलग शौचालय दिव्यांगजनो हेतु रैम्पयुक्त शौचालय, समस्त पेट्रोल पम्प पर आधारभूत सुविधाओं यथा समस्त प्रकार की फिटिंग्स एवं रनिंग वाटर फेसीलिटी सुनिश्चित करें। पेट्रोल पम्प पर स्थित शौचालयों की सफाई हेतु शिफ्टवार सफाई कर्मियों की तैनाती की जाय और इस सम्बन्ध में एक डिस्प्ले बोर्ड पर उनका नाम व मोबाइल नम्बर प्रदर्शित किया जाय। सभी पेट्रोल पम्प संचालक समय-समय पर शौचालयों का अनुरक्षण तथा नवीनीकरण कराना सुनिश्चित करेगें। समस्त पेट्रोल पम्प संचालक आधारभूत सुविधाओं का उपयोग आमजनमानस को निर्वाध रूप से करने हेतु प्रोत्साहित करें।

### भारतीय स्टेट बैंक की शाखा टीकरमाफी के सामने गुमटी को चोरों ने बनाया निशाना

**अमेठी, 07 मई (तरुणमित्र)।** टीकरमाफी स्थित स्वामी परमहंस आश्रम परिसर में स्थित गुमटी का ताला तोड़कर उसमें रहा सारा सामान चोर उठा ले गए। घटना की जानकारी सुबह हुई तो ने पीड़ित ने चोरी की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। संग्रामपुर थानाक्षेत्र स्थित स्वामी परमहंस आश्रम परिसर में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा है। बैंक के सामने ही गांव निवासी श्यामू कश्यप एक गुमटी में पान मसाला व चाय की दुकान कर रखी है। मंगलवार शाम वह दुकान बंद कर गुमटी में ताला लगाकर कर घर चले गए। बुधवार सुबह वह दुकान पर पहुंचे तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। दुकान का ताला व गुमटी में लगी लकड़ी के पल्ले को तोड़कर उसमें रहा सारा सामान गायब था। गल्ले में रहे करीब हजार रुपए भी गायब थे। श्यामू कश्यप के मुताबिक मंगलवार को आश्रम में मेला लगता है और श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। शाम को वह और सामान लाकर रखे थे। घटना में करीब एक हजार रुपए की नगदी के साथ ही करीब पांच हजार रुपए के सामान चोर उठा ले गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। बताना मुनासिब होगा कि तोड़ी गई गुमटी के सामने ही भारतीय स्टेट बैंक की शाखा है। रात्रि में बैंक की रखवाली की जिम्मेदारी पुलिस पर है।

### अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को कल से 25 तक होगा खाद्यान्न का वितरण

**प्रतापगढ़, 07 मई (तरुणमित्र)।** जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माह मई 2025 के सापेक्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 9 मई से 25 मई 2025 तक खाद्यान्न का वितरण ई-पॉस वेइंग मशींन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा किया जायेगा। अन्त्योदय कार्डधारकों में 14 किग्रा0 एवं 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों कों प्रति यूनिट 2 किग्रा0 गेहूँ व 3 किग्रा0 चावल (कुल 5 किग्रा0) खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण उचित दर विक्रेता द्वारा किया जायेगा। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न न प्राप्त होने की स्थिति में कार्डधारक मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि अर्थात 25.05.2025 को खाद्यान्न प्राप्त कर सकेगें।

### सेल्फ डिफेंस मॉकड्रिल में छात्रों को किया जागरूक

**दुद्धी, सोनभद्र, 07 मई (तरुणमित्र)।** सेल्फ डिफेंस मॉक ड्रिल को लेकर बुधवार को सोन्नाचल इंटरमीडिएट कॉलेज में एसडीएम निखिल यादव, सीओ पीएस चंदेल के द्वारा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को मॉक ड्रिल की जानकारी दी गई। इस दौरान अफवाहों से दूर रहने के प्रति निर्देशित भी किया गया। आपातकाल या अचानक युद्ध की स्थिति में बचाव का अभ्यास कराया गया। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने बताया कि किसी भी परिस्थिति में आप सभी को घबराना नहीं है उन्होंने सरकार से प्राप्त निर्देशों को पढ़ कर सुनाया और बताया कि आपातकालीन स्थिति में हिम्मत व अपनी सूझबूझ से काम लेने, सतर्कता के प्रति सचेत एवं जागरूक रहने और यदि विद्यालयों में रहने की स्थिति में अगर सायरन बजे तो निचले तल पर जाएं और डेक्स बेंच व अपने घरों में रखे तखते के नीचे छुप जाए। बच्चों को आश्रय स्थलों की पहचान कराया गया। सायरन के समय ब्लैक आउट का पालन करना है घरों में सुरक्षित रहे। अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है। लिफ्ट का प्रयोग न करें खिड़कियों के पास नहीं रहना है। आपातकालीन स्थिति की सूचना मिलने पर गम्भीरता से रहे। आपातकालीन स्थिति में घरों के उपयोगी जरुरी सामान अपने पास रखें।

# राज्य महिला आयोग सदस्य ने किया निरीक्षण

**सुलतानपुर, 07 मई (तरुणमित्र)।** नीलम प्रभात सदस्य उप्र राज्य महिला आयोग लखनऊ द्वारा वन स्टाप सेन्टर निजाम पट्टी पॉचोपीरन सुलतानपुर का निरीक्षण किया गया। जहाँ पर स्टॉफ उपस्थित पाये गये। जिला प्रोबेशन अधिकारी सुलतानपुर द्वारा सदस्य को अवगत कराया गया कि वन स्टाप सेन्टर में घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को एक छत के नीचे काउन्सलिंग, पुलिस रिर्पोटिंग चौकी, विधिक सलाह, स्वास्थ एवं पाँच दिवस की निःशुल्क आवासीय व्यवस्था का प्रावधान है। सदस्य द्वारा केन्द्र प्रशासक को निर्देशित किया गया कि महिलाओं की काउन्सलिंग, साफ सफाई , भोजन आदि पर विशेष ध्यान दिया जाये तदोपरान्त कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय भदैंया सुलतानपुर का निरीक्षण किया। जहाँ पर छात्राओं के आवास हेतु तीन हॉल, एक स्मार्ट क्लास, एक कम्प्यूटर कक्ष आदि है।

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कुल 100 के सापेक्ष 82 छात्रायें उपस्थित पायी गयी। सदस्य द्वारा प्रधानाचार्या को निर्देशित किया गया कि विद्यालय में पंजीकृत बालिकाओं को आत्मरक्षा पर विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया जायें व समस्त हेल्पलाईन की जानकारी आवश्यक रूप से दी जाये साथ ही साथ गुड टच-बैड टच की भी जानकारी देने के साथ ही भोजन, साफ सफाई के लिए भी निर्देशित किया गया। दिनांक 07.05.2025 को प्रातः जिला कारागार का निरीक्षण किया जहाँ पर महिला कैदियों की संख्या 38 पायी गयी व चार बच्चें निरीक्षण दौरान पाये गये।

# आपातकाल में सुरक्षा के इंतजाम पर सतर्कता

**सुल्तानपुर, 07 मई (तरुणमित्र)।** बुधवार को शासन के निर्देश पर जिले के आला अधिकारियों की मौजूदगी में मार्क ड्रिल का आयोजन कर नागरिकों को जागरूक किया गया। इस दौरान आलाधिकारियों ने संदेश दिया कि आपातकाल की स्थिति आती है तो जिले के नागरिक धैर्य और साहस बना कर रखें पुलिस प्रशासन व फायर ब्रिगेड को सूचना दे और बताए गए उपायों का पालन करें नगरकों की सुरक्षा में पूरा प्रशासन मुस्तैद है। बताते चले पिछले दिनों पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से ही सरकार बेहद कड़ा रुख अपनाये हुए है। लगातार आतंकियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर देशवासियों में उबाल है। जन भावनाओं के अनुरूप सरकार बेहद



सरकार कड़ा कदम उठाने की ओर बढ़ सकती है।

इसी के मद्देनजर बुधवार को देश के कई जिलों में मॉकड्रिल की जा रही है, ताकि आपातकाल की स्थिति में लोग सतर्क रहें। इसी के तहत आज सुल्तानपुर के सिविल लाइन स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में आज मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। यहां अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया आज नागरिकों छात्रों के समक्ष ड्रिल का प्रदर्शन किया गया है जिसमें आग बुझाने, घटना के दौरान घायलों को उपचार के लिए ले जाने सहित कई रिहर्सल किया गया और लोगों को जागरूक किया गया।

वहीं अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि आपातकाल में घबराने की जरूरत नहीं है बल्कि उससे निपटने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में पर्याप्त बेड की व्यवस्था है, डॉक्टर की टीम अलर्ट मोड पर है।

पुलिस और राजस्व टीम पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। सारे विभाग एक दूसरे से सामंजस्य बना कर कार्य करने के मोड में है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव शुक्ला एसडीएम सदर विपिन कुमार द्विवेदी मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजय शर्मा नगर पालिका सफाई इंस्पेक्टर आधूलिका सिंह प्रशांत कुमार साहिल परवेज यूपी अपराध निरोधक समिति के जिला सचिव अमर बहादुर सिंह व्यापारी नेता हिमांशु मालवीय राजकुमार सोनकर राहुल सेठ विनय सेन स्काउट प्रशिक्षिका कामिनी सिंह राजकीय इंटर कॉलेज के अध्यापक छात्र-छात्राएं व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# इंडोरामा फैक्ट्री में फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग बुझाया, घायलों को पहुंचाया अस्पताल

**अमेठी, 07 मई (तरुणमित्र)।** जनपद में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जगदीशपुर के इंडोरामा फैक्ट्री में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल में आग लगने की स्थिति में फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से आग को बुझाया गया इसके अलावा फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारियों को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करते हुए घायलो को इलाज के लिए अस्पताल पहुँचाया गया।

मॉक ड्रिल के दौरान एसपी अपर्णा रजत कौशिक और डीएम संजय चौहान मौके पर मौजूद रहे। दरअसल पड़ोसी देश पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बाद भारत में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए



मॉक ड्रिल का आयोजन जा रही है।

प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से निजी संस्थानो के अलावा सरकारी संस्थानों में भी मॉक ड्रिल कर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी को मजबूत किया जा रहा है। अमेठी के जगदीशपुर स्थित इंडोरामा फैक्ट्री में आपात की स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल में फैक्ट्री में आग लगने की स्थिति में फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से आग को बुझाया गया इसके साथ ही कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया जिससे कि उनके जान माल की रक्षा की जा सके। इसके साथ ही आतंकी हमले में घायल हुए कर्मचारियों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया जिससे कि उनका समुचित इलाज किया जा सके। मॉक ड्रिल के दौरान अमेठी एसपी अपर्णा रजत कौशिक और अमेठी डीएम संजय चौहान मौके पर मौजूद रहे।

### 10 तक मृदा नमूना एकत्रित कर मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में कराए उपलब्ध : उप कृषि निदेशक

**रायबरेली, 07 मई (तरुणमित्र)।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार ने बताया कि सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत कार्यक्रम वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत जनपद में चयनित 360 ग्राम पंचायतों में मृदा नमूने एकत्रित करने का अभियान प्रगति पर है। जनपद में खरीफ 2025 के लक्ष्य 25200 मृदा नमूनों के सापेक्ष 22000 से अधिक मृदा नमूनें एकत्रित कर जनपद रायबरेली प्रदेश में प्रथम स्थान पर चल रहा है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिये गये है कि यह 10 मई 2025 तक शत-प्रतिशत मृदा नमूना एकत्रित करके मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में उपलब्ध करा दे। साथ ही इनके परीक्षण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

# मॉक ड्रिल गौरीगंज रेलवे स्टेशन पर घायल यात्रियों को पहुँचाया गया जिला अस्पताल

**अमेठी, 07 मई (तरुणमित्र)।** आतंकी हमलों में घायल यात्रियों को जल्द से जल्द चिकित्सीय सुबिधा मुहैया कराने के लिए पुलिस और स्वास्थ्य विभाग द्वारा मॉक ड्रिल किया गया।अमेठी और गौरीगंज रेलवे स्टेशन से घायल यात्रियों को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर जिला अस्पताल पहुँचाया गया जहाँ घायलों का इलाज किया गया।

पूरे मॉकड्रिल का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक और सीएमओ ने किया। दरअसल पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बाद सुरक्षा को लेकर मॉकड्रिल किया जा रहा है। आज अमेठी में भी मॉकड्रिल किया गया।अमेठी और गौरीगंज रेलवे स्टेशन पर आतंकी हमले के बाद घायल यात्रियों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुँचाया गया। गौरीगंज रेलवे स्टेशन और अमेठी रेलवे स्टेशन पर आतंकी हमले में चार यात्री घायल हुए जिन्हें ग्रीन कॉरिडोर बनाकर जिला अस्पताल पहुँचाया गया।

घायल यात्रियों को जिला अस्पताल पहुचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की टीम मौके पर मौजूद रही। पुलिस एस्कार्ट के साथ घायलो को जिला अस्पताल पहुँचाया गया जहां उनका इलाज किया गया। मॉकड्रिल को लेकर सीएमओ अंशुमान सिंह ने कहा कि किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से एलर्ट मोड में है। जिला अस्पताल समेत सभी अस्पतालों को तैयार रखा गया है और हमारी पूरी तैयारी है।

# आपातस्थिति से निपटने को कलेक्ट्रेट परिसर में कन्ट्रोल रूम स्थापित

**अमेठी, 07 मई (तरुणमित्र)।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अर्पित गुप्ता ने बताया कि 7 मई 2025 को प्रस्तावित गृह मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा नागरिक सुरक्षा अभ्यास एवं पूर्वाभ्यास कार्यकम के दृष्टिगत जनपद में जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के अन्तर्गत तत्काल प्रभाव से कलेक्ट्रेट में कन्ट्रोल रूम स्थापित करते हुए अग्रिम आदेश तक के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी 24x7 रोस्टर के अनुसार लगायी गयी है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उक्त परिसर में आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु स्थापित कन्ट्रोल रूम दूरभाष संख्या-05368-244355 व मोबाइल नम्बर-8395067102 पर सम्पर्क किया जा सकता है तथा जिसके अर्न्तगत कन्ट्रोल रूम प्रभारी डिप्टी कलेक्टर अमेठी मो. पंकज कुमार मो0नं0-8793270193 एवं कन्ट्रोल रूम इंचार्ज सहायक चकबन्दी अधिकारी तिलोई अभिषेक यादव मो0नं0-8574382805 के साथ तैनात कर्मचारी पुलिस विभाग द्वारा नामित आरक्षी, सहायक अध्यापक प्र0पा0 गोपालपुर डीघा जामों वशिष्ठ पाण्डेय मो0नं0-9889755791, सहायक अध्यापक कम्पो0वि0 करपिया मुसाफिरखाना शिवेन्द्र प्रताप सिंह मो0नं0-8853788194, सफाई कर्मचारी सम्बद्ध नजारत कलेक्टेट अरविन्द तिवारी मो0नं0-7398696688 की ड्यूटी प्रातः 6 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक लगायी गयी है।

### घर के सामने लगा ट्रांसफार्मर दे रहा मौत को दावत

**सुल्तानपुर, 07 मई (तरुणमित्र)।** कई महीने से विभाग का लगा रहा है चक्कर नही हो रही सुनवाई घर के सामने लगा ट्रांसफार्मर मौत को दे रहा है दावत सियाराम मोर्य निवासी ग्राम व पोस्ट डीहढगुपुर विकासखंड जयसिंहपुर सुल्तानपुर के घर के सामने लगा ट्रांसफर आए दिन जलता रहता है जिससे परिवार जनों में किसी घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। ट्रांसफार्मर किसी दूसरे स्थान पर स्थापित करवाने के लिए शिकायत अधिषासी अभियंता जयसिंहपुर से की गई थी परंतु अभी तक ट्रांसफार्मर अन्यत्र जगह स्थापित नहीं करवाया गया है जिससे हमेशा किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका पारिवारिक जनों में बनी रहती है।

# हवाई हमले से सुरक्षा को जीआईसी ग्राउंड में अभ्यास 'ड्रिल' का आयोजन

**रायबरेली, 07 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह की उपस्थिति में जीआईसी ग्राउंड में संभावित हवाई हमले से सुरक्षा हेतु एक पूर्व नियोजित अभ्यास (ड्रिल) आयोजित किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि इसका उद्देश्य हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा मानसिक रूप से तैयार रहना है।

भारत सरकार द्वारा आयोजित सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का उद्देश्य नागरिकों और प्रशासन को युद्ध जैसी आपात स्थितियों के लिए तैयार करना है। इस अभ्यास में विभिन्न सुरक्षा उपायों और प्रशिक्षण सत्रों को



शामिल किया गया है। हम सब की सजगता और तैयारी ही हमारी सुरक्षा की कुंजी है।

आज के आयोजित मॉकड्रिल में पुलिस विभाग, अग्निशमन विभाग एवं आपदा मित्रों के द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों एवं अन्य जनमानस को क्या करें के सम्बन्ध में अभ्यास एवं जागरूक किया गया है। जिलाधिकारी ने अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर संयम और समझदारी, हमारी आपकी की नागरिक जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमृता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा सहित संबंधित अधिकारीगण व विभिन सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिगण, विद्यार्थीगण व जनसामान्य उपस्थित रहें।

# डीएम ने की गैर आकांक्षी विकास खण्डों व आईजीआरएस की समीक्षा बैठक

**कौशाम्बी, 07 मई (तरुणमित्र)।** जिले में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा सम्राट उदयन सभागार में गैर आकांक्षी विकास खण्डों एवं आईजीआरएस की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियां को निर्देशित करते हुए कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित समस्त विकासात्मक योजनाओं का समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से सफल क्रियान्वयन के लिए विकास खण्ड स्तरीय नामित अधिकारी/कर्मचारी आवंटित ग्रामों में उपस्थित होकर योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता एवं गुणवत्तापूर्ण करायेंगे। उन्हांने कहा कि जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा लगातार गॉवों का भ्रमण किया जा रहा है, इससे गॉव के लोगों को लाभ भी मिल रहा हैं। बैठक में उन्होंने सप्लाई




इंस्पेक्टरों एवं पशु चिकित्साधिकारियों की टीम गठित की है, जो ग्रामों का लगातार भ्रमण करेंगी एवं वहॉ पर जो भी समस्यायें आ रही होंगी, उन्हें दूर कराने के साथ ही छूटे हुए पात्र लाभार्थियां को समस्त योजनाओ से लाभान्वित किये जाने का कार्य करेंगी। उन्होंने गठित टीम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गॉव में जाकर भ्रमण करते हुए आप सभी को आशा, ऑगनबाड़ी कार्यकत्री, प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों, बच्चों, पंचायत सेक्रेटरी, पंचायत सहायक एवं प्रधानों से भी मिलकर उनके कार्यों में आने वाली समस्याओं का समाधान करेंगे।

उन्होंने कहा कि यदि कायाकल्प एवं निर्माण के सम्बन्ध में कोई भी समस्या आ रही हो तो सम्बन्धित अधिकारी को अवगत करायेंगे। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा पीएचसी, सीएचसी एवं हर ग्राम में लगने वाले बीएचएनडी सेन्टरों का निरीक्षण किया जायेंगा एवं बीएचएनडी सेन्टर में उपस्थित एएनएम, आशा एवं ऑगनबाड़ी कायकर्त्री सभी से मिलकर इस सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि जब आप लोग ऑगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करें तो बच्चों की उपस्थिति, पोषण ट्रैकर, केन्द्र के समय से खुलने एवं पोषण वितरण आदि की जानकारी अवश्य प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि आप लोग यह भी चेक करेंगे कि आशा एवं ऑगनबाड़ी कार्यकत्री का ड्यूलिस्ट एक जैसा है या नहीं, निरीक्षण की रिपोर्ट भी प्रस्तुत करेंगे।

जिलाधिकारी ने टीम के अधिकारियां को निर्देशित करते हुए कहा कि निरीक्षण के दौरान जब बीएचएनडी सेन्टरों पर जाये तो वहॉ पर बच्चों के टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जॉच एवं एमसीपी कार्ड अवश्य देंखेगे, उससे आप लोगों को सभी जानकारी मिल जायेंगी। उन्होंने कहा कि आप लोग प्राथमिक विद्यालयों के निरीक्षण के लिए जब भी जायें तो बिल्डिंग अच्छी है या नहीं, बच्चां की उपस्थिति, शिक्षा की गुणवत्ता एवं टैबलेट सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को अवश्य देंखेगे एवं रिपोर्ट प्रस्तुत करेगें।

उन्होंने कहा कि गॉवां में आवास के लिए सर्वे का जो कार्य चल रहा है, उसे भी देंखेगे और यह भी सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पात्र व्यक्ति आवास से वंचित न रहने पायें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हर ग्राम पंचायत में मुझे एक तालाब चाहिए, चाहे वह छोटा हो, या बड़ा हो। उन्होंने अधिकारियां को निर्देशित करते हुए कहा कि गॉवों में जल निगम द्वारा कराये गये कार्यों का भी निरीक्षण करेंगे जैसे-पानी टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण है या नहीं, हर-घर में नल से जल के तहत हर घर में नल लगा है या नहीं, पानी आ रहा है कि नहीं एवं पाइप लाइन डालने के दौरान खोदी गई रोड बनकर तैयार हुई या नहीं आदि सभी की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

उन्होंने कहा कि आईजीआरएस की रिपोर्टिंग ब्लॉक स्तर पर काफी खराब है। सभी अधिकारीगण अपने-अपने निरीक्षण क्षेत्रों में 5-5 आईजीआरएस का सत्यापन भी लें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान भूसा दान करने के सम्बन्ध में भी लोगों से बात कर सहयोग प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि इस निरीक्षण का उद्देश्य गॉवों को सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त करना, सभी सरकारी योजनाओं से संतृप्त करना एवं उनकी शिकायतों को वहीं पर निस्तारण करना है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी सुखराब बन्धु सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# बाढ़ नियंत्रण को लेकर डीएम ने दिए कड़े निर्देश

**● राहत शिविरों की तैयारी पूर्ण करने के आदेश**

**शाहजहांपुर, 07 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ नियंत्रण स्टीयरिंग कमेटी एवं ड्रेनों की सफाई की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिले में संभावित आपदा परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए इमरजेंसी सपोर्ट फंक्शन, क्विक रिस्पांस टीम तथा नोडल/सहायक नोडल अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने जनपद की प्रमुख नदियों पर निर्मित तटबंधों की मरम्मत एवं नियमित रखरखाव, बाढ़ सूचना तंत्र की सक्रियता, राहत शिविरों की व्यवस्था, बाढ़ चौकियों की स्थापना, नगर क्षेत्र में नालों की सफाई, गोताखोरों एवं नावों की उपलब्धता तथा पशुओं के चारे आदि आवश्यक व्यवस्थाओं की तहसीलवार समीक्षा की।

आगामी वषार्काल के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) को गर्रा एवं खन्नौत नदी से प्रभावित क्षेत्रों में गत वर्ष आयी बाढ़ के जलस्तर के निशान लगाने के निर्देश दिये गये। उपस्थित अधिशासी अभियन्ता शारदा नहर खण्ड को आगामी वषार्काल में जनपद में नदियों से आने वाली बाढ से बचाव की तैयारियों की समीक्षा एवं उससे बचाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सिंचाई विभाग को नदियों की बाढ़ से प्रतिदिन अवगत कराने, बाढ़ प्रभावी क्षेत्रों में पिछले वर्ष आयी बाढ़ के निशान लगाने हेतु निर्देशित किया गया। बेहटा शाहबाजनगर क्षतिग्रस्त बंध को सिंचाई विभाग द्वारा मरम्मत कराने के निर्देश दिये गये। जनपद की समस्त तहसीलों में उपजिलाधिकारियों को बाढ चौकी एवं बाढ़ राहत शिविर बनाने एवं समस्त संवेदनशील स्थलों पर सतत निगरानी रखे जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने बाढ़ संभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर सभी तैयारियों को समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। राहत शिविरों की स्वच्छता, रंगाई-पुताई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता भी प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने अधिशासी अभियंता, शारदा नहर को निर्देशित किया कि जलस्तर मापने वाले स्थलों पर पर्याप्त कार्मिकों की ड्यूटी लगाई जाए तथा वर्ष 2024 की बाढ़ से संबंधित संकेतक चिन्हित स्थानों पर लगाए जाएं ताकि समय रहते सतर्कता बरती जा सके। इसके साथ ही नाव, जनरेटर, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था आदि सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पूर्व से ही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए।

लोक निर्माण विभाग के अभियंता को निर्देशित किया गया कि बाढ़ प्रभावित मार्गों की मरम्मत प्राथमिकता पर की जाए। साथ ही दैवीय आपदा के दौरान आवश्यक बचाव उपकरणों की संख्या बढ़ाई जाए।

जिलाधिकारी ने सख्त लहजे में कहा कि बाढ़ जैसी आपदा के समय किसी भी प्रकार की जनहानि या पशुहानि न हो, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्व से ही मुकम्मल कर ली जाएं। उन्होंने नगर निकायों को निर्देशित किया कि नाले एवं नहरों की समुचित सफाई कार्य शीघ्र पूरा करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह, नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्र, उपजिलाधिकारीगण सदर तिलहर जलालाबाद कलान, अधिशासी अभियन्ता शारदा नहर खण्ड एवं अधिशासी अभियन्ता राष्ट्रीय जल प्रबंध योजना शारदा नहर खण्ड अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सहायक अभियन्ता द्वितीय एवं तृतीय शारदा नहर खण्ड, उपस्थित रहे।

# एसपी जादौन के नेतृत्व में वृहद स्तर पर हुआ मॉक ड्रिल का आयोजन

**हरदोई, 07 मई (तरूणमित्र)।** जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपी नीरज कुमार जादौन के नेतृत्व में बुधवार को व्यापक स्तर पर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। एसपी ने स्वयं शहर की सड़कों पर निकलकर पैदल गश्त की और नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। एसपी नीरज जादौन ने मीडिया से बातचीत में बताया कि शासन और केंद्र सरकार से प्राप्त निर्देशों के तहत सुबह 7 बजे से पुलिस लाइन और समस्त थानों पर सायरन बजाकर पुलिस की तैयारी की जांच की गई। विशेष रूप से फैमिली लाइन्स, पुलिस व्हीकल इंस्टॉलेशन, थाने, चौकियां, बैरक और हाईराइज बिल्डिंग्स का गहन निरीक्षण किया गया।

उन्होंने बताया कि पहले चरण में संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त की गई, जिसमें बायोमैट्रिक और अन्य जरूरी तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए पूरी सुरक्षा सुनिश्चित की गई। साथ ही सभी थानों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने कस्बों में संवेदनशील स्थानों पर सतर्कता के साथ गश्त करें। दूसरे चरण में शुगर मिल, इंडस्ट्रियल एरिया, अस्पताल, धार्मिक स्थलों जैसी महत्वपूर्ण जगहों की सुरक्षा तैयारियों की जांच की जाएगी। शाम को होमगार्ड्स, पीआरडी, पुलिस पेंशनर्स, एक्स आर्मी मैन जैसे सभी एलायंस ग्रुप्स से संवाद स्थापित कर उन्हें भी जागरूक किया जाएगा। एसपी ने यह भी बताया कि फायर सर्विस को निर्देशित किया गया है कि मूवी थिएटर, अस्पताल जैसे स्थानों पर अग्निकांड की स्थिति में कैसे निपटना है, इस पर जागरूकता अभियान चलाया जाए। शहर के प्रमुख चौराहों पर भी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य है कि हर पहलू की तैयारी की समीक्षा कर नागरिकों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाए और हमारी एलायंस फोर्सेज भी इसमें सहयोग करेंगी। पाकिस्तान पर मिसाइल स्ट्राइक से संबंधित सवाल पर एसपी नीरज जादौन ने कहा, इस विषय पर टिप्पणी करना मेरे लिए ठीक नहीं है। एक व्यक्ति और पुलिस अधिकारी के रूप में मेरा कर्तव्य है कि मैं अपने जिले की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत बनाए रखूं। मेरी सभी जनपदवासियों से अपील है कि वे एयरफोर्सेस और पुलिस पर पूरा भरोसा रखें और किसी को भी आंतरिक शांति भंग करने का अवसर न दें।

## ऑपरेशन सिन्दूर से भारत के प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता पर पूरे देश को भरोसा: डॉ. आदर्श

**हरदोई, 07 मई (तरूणमित्र)।** ग्रामोदय पीजी कॉलेज डिघिया खेरिया में सवर्ण चेतना सभा के नेतृत्व में धन्यवाद मोदी जी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में भाजपा नेता, सवर्ण चेतना सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आदर्श दीपक मिश्र एडवोकेट के साथ तमाम गणमान्य नागरिकों ने भारत सरकार के ऐतिहासिक निर्णय का समर्थन किया।

इस अवसर पर श्री मिश्र ने कहा कि शौर्य, अदम्य साहस की प्रतीक भारतीय सेना ने पाकिस्तान में पापियों को जो नरक भेज कर अतुलित बल प्रदर्शन किया है वह प्रशंसनीय, सराहनीय, और नमन योग्य है, भारत सरकार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आतंकवाद को नष्ट करने की कसम खा चुके भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह, दुश्मन की नस



नस से वाफिक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल एवं इस आपरेशन सिंदूर से प्रत्यक्ष /अप्रत्यक्ष रुप से जुड़े प्रत्येक देशवासी वीरों का सवर्ण चेतना सभा नंदन वंदन अभिनंदन करती है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थन में बैनर पोस्टर भी लहराये गये। इस मौके पर सुशील कुमार मिश्र, कौशल किशोर त्रिपाठी, डॉ. अभय शंकर मिश्र, मुलायम सिंह यादव, अभय श्रीवास्तव, सोनी पांडे जनार्दन मिश्र, दीपक शर्मा बनवारी लाल वर्मा कमल किशोर त्रिपाठी, उमेश मिश्र अनुराग मिश्रा सुयश प्रकाश मिश्रा, आकाश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## मेधावी छात्र-छात्राओं को एसपी ने पढ़ाया ट्रैफिक नियमों का पाठ

**हरदोई, 07 मई (तरूणमित्र)।** शहर के मंगली पुरवा फाटक स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में बुधवार को एक प्रेरणादायी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2025 तथा ट्रैफिक रूल्स पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन रहे, जिन्होंने मेधावी बच्चों को प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं मेडल प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




भारत माता के जयघोष के साथ शुरू किए अपने संबोधन में एसपी श्री जादौन ने विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमित अध्ययन और संस्कारों का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि "बिना बहानेबाजी के नियमित स्कूल आना और पढ़ाई में निरंतरता ही सफलता की कुंजी है। "उन्होंने ट्रैफिक नियमों का पालन करने की प्रेरणा देते हुए बताया कि हेलमेट और सीट बेल्ट न सिर्फ कानून का पालन हैं बल्कि जीवन सुरक्षा की ढाल हैं। उन्होंने "जान है तो जहान है जैसे संदेशों के माध्यम से बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में छात्रा अपूर्वा सिंह व जिज्ञासा सिंह ने ट्रैफिक नियमों पर प्रभावशाली वक्तव्य व कविता प्रस्तुत की,। बच्चों द्वारा 'रेड रुको, येलो रेडी, ग्रीन चलो' गीत ने उपस्थित जनसमूह को ट्रैफिक संकेतों के प्रति सजग किया। बच्चों ने स्वागत गीत के माध्यम से मुख्य अतिथि का अभिवादन कर वातावरण को आत्मीयता से भर दिया। समारोह में बच्चों का आत्मविश्वास, संस्कार और सुरक्षा के प्रति सजगता देखने को मिली, जो जनपद की उज्ज्वल और सुरक्षित भावी पीढ़ी का संकेत है।

इस अवसर पर भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा, विद्यालय के प्रबंधक मुकेश सिंह, प्रधानाचार्य भूमिका सिंह, लक्ष्मी देवी सहित शिक्षिकाएँ कविता गुप्ता, अर्पिता सिंह, मंशा बाजपेई, आरती वर्मा, सोनी तिवारी, प्रज्ञा त्रिवेदी, ऐश्वर्या सिंह, कोमल यादव, आरती मिश्रा, वर्तिका शुक्ला, राखी गुप्ता, शिवांगी गुप्ता, विनीता त्रिवेदी, निकिता वर्मा, मानसी मिश्रा, करिश्मा वर्मा, शालिनी पाल, रंजना, राम प्रकाश पांडे, संजय कुमार गुप्ता, अभिनव सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संस्थापक अखिलेश सिंह ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक संपन्न

**हरदोई, 07 मई (तरूणमित्र)।** समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की मई माह की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष शराफत अली की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में पार्टी के पूर्व विधायक एवं सांसद एवं जिला कार्यकारिणी ब्लॉक नगर विधानसभा एवं फ्रंटल संगठन के पदाधिकारियी ने हिस्सा लिया। आज की बैठक में मुख्य रूप से पूर्व सांसद श्रीमती उषा वर्मा, पूर्व विधायक अनिल वर्मा, पूर्व विधायक श्रीमती राजेश्वरी देवी, मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक का एजेंडा बूथ लेवल एजेंट विधानसभाओं की बूथ समितियों स्नातक चुनाव की तैयारी जिला संगठन की मजबूती, निष्क्रिय पदाधिकारी पर कार्रवाई, पीडीए मीटिंगो की समीक्षा का था। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शराफत अली ने कहा कि पार्टी के सभी पदाधिकारी को बूथ स्तर कमेटी बनाकर फर्जी वोटरों को मतदाता सूची से कटवाने तथा अन्य फर्जी वोटरों की पहचान कर वोटर लिस्टों को साफ सुथरा बनवाने मे पूरी ताकत लगा दें, स्नातक चुनाव में पार्टी का हर कार्य कर्ता स्नातकों के वोट बनवाने में मदद करेगा। आज की बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह पाल, राहुल गुप्ता, फूलचंद वर्मा, धर्मवीर यादव, अलंकार सिंह, हाफिज मंसूरी, अनिल यादव, रहमत अली मोनू, प्रदीप राजवंशी, सोनू त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### आपात स्थिति से निपटने को तैयार: एसपी

**शाहजहाँपुर, 07 मई (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में देवेन्द्र कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, पंकज पन्त, क्षेत्राधिकारी नगर व प्रयांक जैन, क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा नगर क्षेत्र के समस्त थानों की मय दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ आकस्मिक परिस्थितियों एवं घटनास्थल पर पहुंचने की तत्परता एवं प्रतिक्रिया समय (फीरस्त्रङ्गल्लरी ळ्ळी) का सघन मूल्यांकन किया गया। इस मूल्यांकन के दौरान संबंधित थानों की दंगा नियंत्रण टीमों की तैनाती, उनकी तैयारियों, उपकरणों की स्थिति तथा आपातकालीन परिस्थितियों में उनकी त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता की विस्तृत समीक्षा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा समस्त थाना प्रभारियों एवं बल को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए, जिनमें आपसी समन्वय, शीघ्र सूचनाओं का आदान-प्रदान, और किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने हेतु निरंतर अलर्ट रहने की आवश्यकता पर बल दिया गया।।

### वक्फ संशोधन से मस्लिमों का होगा विकास: रानू

**हरपालपुर/ हरदोई, 07 मई (तरूणमित्र)।** ब्लाक सभागार मे बुधवार को आयोजित वक्फ संशोधन जन जागरण अभियान के तहत अल्पसंख्यक संवाद संगोष्ठी में भाजपा विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबके विकास के साथ काम कर रही है। सरकार ने संसद में वक्फ सशोधन बिल की मंजूरी मुस्लिम समाज के हित में है। जिससे अब उनका भी विकास होगा। उन्होंने कहा कि पहले मुस्लिम महिलाओं को पुरुष तलाक तलाक तलाक कहकर उन्हें छोड़ देते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं कर पा रहे है। भाजपा सरकार हमेशा सभी के विकास की बात कर रही है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अनोखेलाल कश्यप, प्रधान उवैस आलम पम्मी, संज्जाद मंसूरी, सागर खां, शमशेर खां,मो०साजिद, इरफान सिद्दीकी मौजूद रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान में बम फूटे, भारत में फूटे पटाखे

**हरदोई, 07 मई (तरूणमित्र)।** आतंकवादियों द्वारा कायराना पहलगाम हमले के जवाब में मोदी सरकार के नेतृत्व में हमारी सेनाओं के संयुक्त अभियान ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा हमला करके पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के 9 ठिकानों को नेस्तनाबूत करते हुए सैकड़ों आंतकियों का सफाया किया गया है।

इसी खुशी में आज वीरांगना सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती सुहाना जैन एवं निशक्त जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष श्री सुमत जैन व उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री पवन जैन जी ने भूतपूर्व सैनिकों को माला पहनाकर व पुष्पवर्षा करके मुंह मीठा कराकर उनका स्वागत किया। भूतपूर्व सैनिक व संस्था के




सदस्यों सहित तमाम लोग देशभक्ति गीतों पर थिरकते हुए नजर आये और सभी लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर जुलूस रूप में श्रीमती सुहाना जैन जी के आवास से लखनऊ चुंगी पर आकर आतिशबाजी करके जश्न मनाया। इस दौरान सभी लोग भारत माता की जय, पाकिस्तान मुदार्बाद, धन्यवाद मोदी जी, भारतीय सेना जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगाते रहे। इस दौरान श्रीमती सुहाना जैन ने मोदी सरकार का धन्यवाद करते हुए भारतीय सेना को बधाई दी और कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अधर्म के खिलाफ धर्मयुद्ध का प्रतीक है। हिन्दू परम्परा में सिंदूर केवल वैवाहिक प्रतीक नहीं, बल्कि शक्ति-दिव्य स्त्री ऊर्जा का प्रतीक है। जिसका अपमान सृष्टि के संतुलन पर प्रहार है। इस दृष्टि से ऑपरेशन सिंदूर को धर्म और सम्मान की रक्षा के लिए आध्यात्मिक संघर्ष के रूप में देखें, जो माँ दुर्गा के राक्षसों का संहार करने की छवि से प्रेरित है। यह केवल युद्ध नहीं, बल्कि, आतंक के विरुद्ध न्याय है।

यह ऑपरेशन सिर्फ प्रतिशोध नहीं, बल्कि धर्म, सम्मान और मानवता की विजय का आह्वान है। इस मौके रूप में प्रमुख रूप से अर्जुनदेव गुरुद्वारा के ज्ञानी सरदार दिलीप सिंह, बड़े सरदार बिंसी, पूर्व सैनिक वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष कैप्टन अशोक कुमार अग्निहोत्री, सूबेदार मेजर मशाल सिंह, सूबेदार मेजर योगेंद्र सिंह, हवलदार मुन्नू सिंह, सूबेदार गया प्रसाद, वीरपाल सिंह, मदन मोहन अवस्थी, संतोष दीक्षित, सूबेदार खेमकरन, शिववीर सिंह, राजेंद्र सिंह,यदुवीर सिंह, जे. बी. सिंह, सूबेदार सतीश दीक्षित, कप्तान राम मूर्ति पाल, श्रीमती कुसुम सिंह, अखिलेश गुप्ता, नीरज गुप्ता आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

## अग्नि सुरक्षा से निबटने को मॉक ड्रिल

**हरदोई, 07 मई (तरूणमित्र)।** जिले में अग्नि सुरक्षा और आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, हरदोई के स्पष्ट बिलग्राम अग्निशमन केंद्र की यूनिट द्वारा एक महत्वपूर्ण मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह मॉक ड्रिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिलग्राम के परिसर में आयोजित की गई, जिसमें सीएचसी के अधीक्षक, चिकित्सा कर्मियों और समस्त स्टाफ ने सक्रिय रूप से भाग लिया।



मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य अग्नि दुर्घटना जैसी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी बचाव कार्यों का प्रशिक्षण देना था। इस दौरान अग्निशमन कर्मियों ने आग बुझाने की तकनीकों, सुरक्षित निकासी प्रक्रिया और आपातकालीन उपकरणों के उपयोग का प्रदर्शन किया। कर्मचारियों को यह भी बताया गया कि ऐसी परिस्थितियों में घबराहट से बचकर संगठित और सुरक्षित तरीके से कार्य कैसे किया जाए।

इस मॉक ड्रिल में बिलग्राम अग्निशमन केंद्र के कुशल कर्मचारी फायरमैन अमन द्विवेदी, करुणा शंकर, आशीष कुमार, प्रमोद कुमार, दीपक कुमार और अजय कुमार सहित अन्य कर्मी शामिल रहे। इन सभी ने अपने अनुभव और प्रशिक्षण के आधार पर मॉक ड्रिल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

यह आयोजन न केवल अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक रहा, बल्कि स्वास्थ्य केंद्र जैसे संवेदनशील स्थानों पर कार्यरत कर्मचारियों को आपात स्थिति में त्वरित निर्णय लेने और समन्वय के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित भी किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने इस प्रकार के आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने पर जोर दिया ताकि जिले में अग्नि दुर्घटनाओं से होने वाले नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। इस मॉक ड्रिल को सभी उपस्थित लोगों ने उपयोगी और शिक्षाप्रद बताया।

## वित्तमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रदेश के कोषागारों की समीक्षा की

**शाहजहांपुर, 07 मई (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने प्रदेश के समस्त कोषागारों को निर्देश दिया है कि कोषागारो से पेंशन आहरित करने वाले ऐसे पेंशनर्स जिन्होंने बैंक से किसी प्रकार का लोन लिया है उनकी पेंशन उनके खाते में भेजने से पहले प्रत्येक माह उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए ऋणधारक पेंशनर्स से कुशलक्षेम जानने के उपरांत ही पेंशन का भुक्तान करें।

वित्तमंत्री आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के कोषागारों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सभी कोषागारों को निर्देश दिया है कि पेंशनर्स की शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करें। पेंशनरों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। किसी भी कोषागार में पेंशनरों को परेशान करने जैसी शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि बिलों को पास करने में अकारण बिलंब न किया जाए।

वित्तमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी कोषागारों में पेंशनर्स के बैठने की जगह, स्वच्छ पेयजल एवं पंखा इत्यादि की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रहे। उन्होंने निर्देश दिया कि समस्त कोषागारों में शौचालय एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि पेंशनर्स के खाते भेजी गई आधिक्य पेंशन की शत प्रतिशत रिकवरी सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि जहां पेंशनर्स एशोशिएसन हैं वहां पर संगठनों के पदाधिकारियों से संपर्क में रहे जिससे उनके माध्यम से भी पेंशनरों के बारे में जानकारी मिल सकती है।

## सीएचसी अधीक्षक ने किया बच्चों का स्वास्थ परीक्षण

**कछौना/हरदोई, 07 मई (तरूणमित्र)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना के अधीक्षक डॉक्टर रजनीश द्वारा प्राथमिक विद्यालय कछौना देहात तथा प्राथमिक विद्यालय बघोड़ा में चल रहे आरबीएसके के स्वास्थ्य परीक्षण का जायजा लिया जिसमें कुल 135 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। अधीक्षक द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी गई।

कार्यक्रम के जिला प्रबंधक मोहम्मद शाहिद द्वारा अध्यापक एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री को अवगत कराया गया कि किसी भी बच्चे में स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानी आने पर निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर तत्काल संपर्क करें। टीम लीडर डॉक्टर करण सिंह की अगुवाई में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा था। इस अवसर पर डॉक्टर वंदना, डॉक्टर अर्चना सिंह, निशा, राखी, दीक्षा आदि उपस्थित रहे।




## कार्यालय: ग्राम पंचायत रामपुर जगन विकास खण्ड सदर, जनपद-गाजीपुर

पत्रांकः /मेमो दिनांकः /05/2025

### निविदा/टेंडर

ग्राम पंचायत रामपुर जगन विकास खंड सदर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत निधि/पंचम वित्त आयोग 15वाँ वित्त आयोग स्वच्छ भारत मिशन फेज 2/मनरेगा/ओडीएफप्लस/गंगा एक्शन प्लान/अंत्येष्टि स्थल/पंचायत भवन/ सामुदायिक शौचालय निर्माण/ विद्यालय का कायाकल्प/सांसद निधि/विधायक निधि/ एमएलसी निधि/पंचम राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त अन्य संस्थाओं से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों के लिए निर्माण सामग्री जैसे स्वच्छता। सफाई किट हयूम पाइप ईट प्रथम श्रेणी-ईंट खड़जा भवन हेतु द्वितीय श्रेणी- एसओबी प्रति हजार-सीमेंट पोर्ट लेड व्हाइट सीमेंट प्रति बोरी ईट गिटटी 20-40 एमएम व पत्थर गिट्टी 22"4 एमएम से 53 एमएम तक कोटा स्टोन प्रति घन मीटर सफेद बालू (फाईन सैड) प्रति घन मीटर लाल बालू (कोरस सैड) प्रति घन मीटर डाला गिट्टी 20"40 एमएम स्टोन ब्लास्टर (साइजनुसार) प्रति घन मीटर सरिया तार एबेस्टरस सीट पैन सीट दरवाजा प्लास्टिक प्रति नग शौचालय निर्माण सामग्री प्रति सेट हैडपम्प सामग्री (मरम्मत व रिबोर हेतु) 300-350-600-900-एमएम प्रति रनिंग मी साईन बोर्ड पीबीसी पाईप प्रति रनिंग मी सीमेंट इंट पत्थर की पटिया साइजनुसार प्रति हजार स्टीट लाईट सोलर साईज व वाट के अनुसार प्रति नग टाईम्स साइजनुसार प्रति पेटी इंटरलॉकिंग ईट पेवर्स प्लास ईंट सीमेंट बेंच डेस्ट स्वच्छता हेतु सामग्री प्रति नग चूना ब्लीचिंग पाउडर पेट डिस्टेंपर प्रति किग्रा विद्युत वायरिंग प्रति प्वाइंट आर ओ प्लांट समरसेबुल कूड़ादान/ई-रिक्शा/ठेलागाड़ी/कूड़ा गाड़ी प्रति नग कोविड किट सेनिटाइजर मशीन फॉगिंग प्रति वाणिज्य कर आयकर में पंजीकृत फर्मों द्वारा कार्य स्थल पर सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदा आपूर्तिकर्ता दिनांक 08/05/2025 से कार्यालय पर कार्य दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर बंद लिफाफे में निविदा 14/05/2025 तक जमा कर सकते हैं। जो दिनाँक 15/05/2025 को निविदा गठित समिति के सामने दो बजे अपरान्ह के बाद खोलीं जाएगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। पशुओं के लिए भूसा ब्रेच मरम्मत साउंड सिस्टम कंप्यूटर सेट कुर्सी मेज सीसीटीटी कैमरा प्रतिबंध व शर्तें सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद अधोहस्ताक्षरी के आदेश पर कार्य स्थल पर आपूर्ति की जाएगी। गुणवत्ता मानक के अनुरूप न होने पर भुगतान की कार्यवाही रोकते हुए बिना कारण बताओ निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

(बैजनाथ तिवारी)
ग्राम पंचायत अधिकारी/सचिव
ग्राम पंचायत रामपुर जगन
विकास खण्ड सदर, जनपद-गाजीपुर

(श्रीमती सुषमा यादव)
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रामपुर जगन
विकास खण्ड सदर, जनपद-गाजीपुर


# श्री कृष्ण जन्म सेवा दल ने आयोजित किया हनुमान मंगल पाठ

**● विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर योग के साथ दिया धर्म के साथ अच्छी सेहत का संदेश**

**हरदोई, 07 मई (तरूणमित्र)।** श्री हरि के प्रिय भक्त प्रहलाद ऐडकी जन्म व कर्म पावन भूमि हरदोई में मंगल पाठ के अवसर अपने निरंतर एक सौ चार वे मंगलपाठ के क्रम में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई के कई मंदिरो में एक साथ धार्मिक आयोजन कर माहौल को भक्ति मय कर दिया।

श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री बैजनाथ धाम, श्री शिव श्याम परिवार मंदिर कांशीराम कालोनी, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्री हनुमान मंदिर कमालगंज, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ, श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में हनुमान चालीसा, अष्टक व आरती कर माहौल को भक्ति पूर्ण बना दिया।

महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में श्री बैजनाथ धाम सरायथोक में बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, सुंदर कांड व आरती के साथ हनुमान जी के भजनो का गुणगान किया। इस अवसर पर जिला महिला प्रभारी व योग प्रशिक्षिका विनीता पांडेय ने विश्व अस्थमा दिवस पर योग के माध्यम से स्वस्थ्य रहने के तरीकों पर प्रकाश डाला व विभिन्न योगों को कलाप करा योग की जानकारी दी।

इस मौके पर महिला संगठन की संयोजक अनीता मिश्रा, पुष्पा मिश्रा, बॉबी ओमर, अलका गुप्ता, अमृता सिंह, नीलम गुप्ता, बीना त्रिपाठी, रंजना मिश्रा, अर्चना दुबे, सोनिका गुप्ता, शशि गुप्ता, रामवती देवी, सोनू गुप्ता मिंटू गुप्ता, अमृता सिंह, संगीता गुप्ता, सुमन गुप्ता, अनुराधा गुप्ता, चन्दा पांडेय, आर्या गुप्ता, मोनिका गुप्ता, विद्या पांडेय, आरती गुप्ता, राधा गुप्ता, आरती मिश्रा, रानी शुक्ला आदि बहनों समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



कांशीराम कालोनी में श्री शिव श्याम मंदिर में युवा प्रभारी संध्या श्रीवास्तव के नेतृत्व में काफी संख्या में लोगो ने मंगल पाठ में भाग किया।

महिला प्रभारी मंजू गुप्ता के नेतृत्व में श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवे गंज में गायक पंकज गुप्ता ने सभी को हनुमान चालीसा, हनुमान अष्टक का पाठ करवाया। मंदिर पंडित रवि मिश्रा व अनिरुद्ध तिवारी ने पूजा अर्चन कराया। इस अवसर पर भजन गायक वेद प्रकाश गुप्ता राजू ने भजन सुना लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया इस मौके पर विजय अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, बहादुर बेटियाँ फाउंडेशन की जिला अध्यक्ष रेशमा गुप्ता, नीलम जिंदल, अंशिका अग्रवाल, मुस्कान अग्रवाल, श्रीकृष्ण गुप्ता, अवध राज, अक्षत गुप्ता, सचिन शुक्ला, आदित्य सिंह, मोहित शुक्ल, संदीप श्रीवास्तव, गौरव गुप्ता, शोभित गुप्ता, आस्था श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

ग्राम काईमाऊ में युवा प्रभारी सुमित तिवारी के नेतृत्व में मंगल पाठ हुआ। मल्लावां में आकाश गुप्ता व वंश कटियार के नेतृत्व में काफी संख्या में मौजूद लोगो ने सामूहिक मंगल पाठ किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
गुरूवार, 8 मई 2025
विक्रम संवत्- 2082, बैसाख शुक्ल पक्ष- एकादशी

# आपरेशन सिन्दूर की सफलता

कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रेल को घूमने गए पर्यटकों पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले में मारे गए 26 पर्यटकों के बाद पूरा देश आतंकवादियों और उसके आका पाकिस्तान पर सैनिक कार्यवाही का इंतजार कर रहा था। बुधवार सुबह करोड़ों देशवासियों की आंख खुलते ही दिल खुश करने वाली यह खबर मिल गई कि भारतीय सेना ने पीओके और पाकिस्तान के कुछ शहरों में चल रहे आतंकवादी कैम्पों और उनके मुख्यालय पर कार्यवाही कर उन्हें पूर्णतः नष्ट कर दिया है। इस सैन्य आपरेशन को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया गया है। आपरेशन सिन्दूर की योजना बनाने से लेकर उसे पूरा करने तक और फिर देश-विदेश को उसकी जानकारी देने तक हर काम पूरे योजनाबद्ध तरीके से किया गया। कानों-कान किसी को भनक नहीं पड़ने दी। पूरे देश के अनेक शहरों में मॉकड्रिल का ऐलान कर दिया गया। पाकिस्तान सीमा पर हवाई अभ्यास की बात कहकर पाकिस्तान को छलावे में रखा गया, सरकार रोजमर्रा के काम करती रही। यहां तक कि जातीय जनगणना जैसा राजनीतिक फैसला भी कर दिया। कैबिनेट की बैठक में भी रूटीन फैसले किए गए और पीएम मोदी रक्षा तैयारियों के साथ-साथ सरकारी कामकाज भी निपटाते रहे। भारतीय सेना ने बेहतरीन ढंग से ऑपरेशन को अंजाम दिया। हर कदम पर परफेक्शन और कहीं कोई चूक नहीं। पहलगाम हमले के बाद के ये 14 दिन भारतीय सेना के शानदार प्रदर्शन के लिए जाने इतिहास में सदैव जाने जाएंगे। भारतीय हमला कितना सटीक और तीव्र था, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान ने हमले में उसे हुए वृहद नुकसान और 26 मौतों को खुद स्वीकार कर लिया है। हालांकि अब भी पाकिस्तान मिलेटरी इस बात को स्वीकार नहीं कर रहा है कि मारे गए लोग आतंकी हैं। लेकिन इस बात की पुष्टि लगभग है कि पाकिस्तान में आपरेशन सिन्दूर के दौरान लगभग 100 से ऊपर आतंकी मारे गए हैं और इनमें कुख्यात आतंकी मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य भी शामिल हैं। हमले में एक और कुख्यात आतंकी हाफिज सईद के भाई के मारे जाने की खबरें हैं। कहा जा सकता है कि इस बार की भारतीय सैन्य स्ट्राइक का लेवल 2016 और 2019 के मुकाबले ज्यादा बड़ा है, जिसकी पूरा देश उम्मीद कर रहा थी। हालांकि भारतीय सेना सहित सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर पाकिस्तान बात आगे नहीं बढ़ाए तो उसने आतंकवाद के खिलाफ फिलहाल अपनी कार्यवाही पूरी कर ली है। पर अगर पाकिस्तान कोई जवाबी कार्यवाही करता है तो भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब देने में पीछे नहीं हटेगी। यानी आगे बहुत कुछ पाकिस्तानी प्रतिक्रिया पर निर्भर करेगा। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के साथ सेना की ओर से कर्नल सोफिया कुरैशी और वायुसेना की ओर से स्क्वॉड्रन लीडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन की जानकारी दी है और प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले एयर स्ट्राइक का दो मिनट का वीडियो प्ले किया गया। बहरहाल, फिलहाल जहां पाकिस्तान में इस स्ट्राइक को लेकर अफरातफरी का माहौल है तो भारत स्ट्राइक के बाद वैश्विक लाबिंग करने में जुटा है और दुनिया भर के शासकों से सम्पर्क में है। भारत के विपक्ष ने भी सेना की कार्यवाही की सराहना की है। फिलहाल, चीन और तुर्की को छोड़कर किसी अन्य देश ने पाकिस्तान के प्रति सहानुभूति नहीं दिखाई है। अब बारी पाकिस्तान की ओर से समझदारी दिखाने की है।

### नाम था सिंदूर !

घुस कर कार्रवाई ।
किया बड़ा है काम ।।
हिला पाकिस्तान ।
मिला बड़ा पैगाम ।।

सफल ऑपरेशन ।
नाम था सिंदूर ।।
धुंआ धुंआ पाकिस्तान ।
सेवा है भरपूर ।।

हुआ बदला पूरा ।
अड्डे किए तबाह ।।
सामने जो मंजर ।
हैं उसके गवाह ??।।

है अभी शुरूआत ये ।
करना बहुत बाकी ।।
रोना धोना चालू है ।
ना लगी चालाकी ।।



कृष्णेन्द्र राय

### सूडोकु नवताल- 7424

✱ ✲ ✲ ✲ ✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7423 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |

# 'आपरेशन सिंदूर' एक सख्त सन्देश



ललित गर्ग

## पहलगाम आतंकी हमले में सुहागिनों के सिन्दूर को उजाड़ने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए 'आपरेशन सिंदूर' की सफलतम कार्रवाई हर भारतीय के सीने को गर्व से भरने वाली है।

बुधवार की सुबह पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की कई सटीक, संयमित एवं नपी-तुली कार्रवाई पाकिस्तान को करारा सबक एवं सख्त संदेश है। निश्चित ही अब भारत की आत्मा पर होने वाले हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। 'आपरेशन सिंदूर' में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान में मौजूद 90 आतंकी मारे गए। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के लिए की गई, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। भारत भीतर घूस कर मारता है, इस बार भी उसने बिना पाकिस्तानी सीमा में प्रवेश किये, आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने का कार्य किया, जो बहुत सराहनीय कदम है, गौरवान्वित करने और जोश से भर देनेवाली साहसिक एवं अनूठी घटना है।

'आपरेशन सिंदूर' से आतंकवाद को समाप्त करने की दिशा में एक सार्थक पहल हुई है। शांति का आश्वासन, उजाले का भरोसा भारत से ही क्यों किया जाता है, कब तक हम अपनी मानवीयता एवं संवेदनशीलता को दशार्ते रहेंगे? इस बार समूचा देश एकजुट हुआ, उन्हें तो आतंक का माकूल जबाव चाहिए था, पाकिस्तान में पोषित हो रहे आतंकवाद के लिये कठोर कार्रवाई चाहिए थी। वायुसेना की इस कार्रवाई से न केवल भारत को बल्कि समूची दुनिया को राहत की सांसें मिली हैं। इस कार्रवाई से भारत ने पाकिस्तान को बेहद सख्त और निर्णायक संदेश दिया है कि अब आतंकवाद नहीं चलेगा। भारत ने किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और निष्पादन के तरीके में काफी संयम बरता है। नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइलों से हवाई हमला किया गया। ऑपरेशन को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुझाया था, पहलगाम में 26 हिंदू पर्यटकों की नृशंस हत्या के बाद, यह जवाब भारतीय बहनों एवं सुहागिनों के लिए एक उचित प्रतिशोध है, जिन्होंने बर्बर आतंकी हमले में अपने पतियों को खो दिया।

भारत के बदले की कार्रवाई का समय भी महत्वपूर्ण है। एयर स्ट्राइक एक हिंदू परिवार में मौत के बाद शोक के 13 दिन (तेरहवीं) के बाद हुई और हमारी बहनों एवं पीड़ितों को उचित न्याय मिला है। भारतीय वायु सेना द्वारा





अपनी सीमा के भीतर से दागी गई सटीक मिसाइलों के माध्यम से मुजफ्फराबाद, कोटली, गुलपुर, भिमबर, सियालकोट, चक अमरू, मुरीदके और बहावलपुर में केवल ज्ञात और पहचाने गए आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। भारत ने बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के कुख्यात आतंकी मुख्यालय को नष्ट कर स्पष्ट संदेश दिया है। जैश-ए-मोहम्मद चीफ हाफिज सैयद द्वारा बनाया गया यह स्थान आतंक का केंद्र, प्रयोगशाली एवं नर्सरी बन गया था। आगे भी भारतीय सेनाएं किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार हैं। भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के अपने संकल्प पर दृढ़ है। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान की बहानेबाजी एवं आतंकवाद को लगातार प्रोत्साहन एवं पल्लवन देने की स्थितियों को देखते हुए यह आवश्यक हो गया था कि उसे न केवल सबक सिखाया जाए, बल्कि यह संदेश भी दिया जाए कि भारत अब उसकी चालबाजी में आने वाला नहीं है।

यदि भारत ने पाकिस्तान और वहां पल-पल पनप रहे आतंकवाद को सबक नहीं सिखाया तो वे पुलवामा, उरी, पहलगाम जैसी दुखद घटनाओं को अंजाम देते रहेंगे, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सच्चे राष्ट्रभक्त एवं राष्ट्रनायक की भांति आतंकवाद की अनिर्णायक स्थिति में निष्पक्षता एवं कठोरता का पार्ट अदा किया हैं। अब तक हमने सदैव 'क्षमा करो और भूल जाओ' को वरीयता दी है। यही कारण है कि आतंकवाद बढ़ता गया, आतंकवादी पनपते गये, निर्दोष लाशें बिछती रही। अब यह वक्त बताएगा कि पाकिस्तान कोई सही सबक सीखता है या नहीं, लेकिन इसमें दोराय नहीं कि एयर स्ट्राइक से बिना उसकी सीमा में घुसे बड़े आतंकी अड्डे पर हमला करके यह बता दिया कि भारत के सहने की एक सीमा है, उसके धैर्य का बांध टूट गया है।

पाकिस्तानी सेना की उन्मादी मानसिकता एवं विकृत सोच को हम जानते हैं कि वह अपनी गंदी चालों से बाज नहीं आयेगा। लेकिन भारतीय सैन्य बल के सामने वह टिक नहीं पाएंगे। इस बार भारत पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीयों ने भी मोदी सरकार के नेतृत्व के पीछे अभूतपूर्व एकता दिखाई है। जाहिर है कि पाकिस्तान बड़े-बड़े दावे करेगा और दुनिया के सामने विक्टिम कार्ड खेलने की कोशिश करेगा। लेकिन पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश मिल गया है भारत के साथ खिलवाड़ न करें। फिलहाल पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय मिल गया है। पाकिस्तान से आतंक की जड़ों को मिटाने का यह स्पष्ट और सार्थक कदम है।

पाकिस्तान ने संयम एवं इंसानियत को छोड़ दिया है, उसने मयार्दा और सिद्धान्तों के कपड़े उतार कर नंगापन को ओढ़ लिया है। पूर्वाग्रह एवं आतंकवादी अहंकार के कारण वह विवेकशून्य हो गया है। उसको एवं उसके द्वारा पोषित आतंकवाद को परास्त करना जरूरी हो गया था, उसको परास्त करने का अर्थ उसे काबू में कर सही रास्ते पर लाना नहीं बल्कि आतंकवाद नेस्तनाबूद करना है। अब भी यदि वह सबक नहीं सिखता है तो उसका संकट बढ़ सकता है। भारत युद्ध नहीं चाहता, लेकिन पाकिस्तान युद्ध की मानसिकता से ग्रस्त है। उसे यह भी समझ आना चाहिए कि परमाणु बम के इस्तेमाल की उसकी धमकियां अब काम आने वाली नहीं। हर आतंकवादी घटना मानवीयता को घायल करती है और हर ऐसी जलने वाली लाश का धुआं मानवता पर कालिख पोत देता है। लेकिन आतंकवाद के शमन का रास्ता खोल कर भारत ने दुनिया को भी आश्वस्त किया है कि अब आतंकवाद की दिन लद गये है। भारत की कार्रवाई इस दिशा में एक सार्थक पहल है जिसने आतंकवाद के पैर ले लिये हैं, उसे पंगु बना दिया है। यह निश्चित ही सम्पूर्ण मानवता के लिये उजली सुबह की आहत है।

दरअसल, पाकिस्तान इसलिए अपनी आतंकी सोच बढ़ाता जा रहा था, क्योंकि उसे ठीक से कड़ा संदेश नहीं मिल रहा था। इस तरह उनकी हिम्मत बढ़ती गयी थी और उसने भारत में एक नहीं अनेक बार पहलगाम जैसी दर्दनाक घटनाओं को अंजाम दिया है। उनकी आतंकी योजनाओं को नाकाम करने की सख्त जरूरत पड़ी, ताकि आगे हम अपने और जवान न खोयें, निदोर्षों को मरते न देखें, अशांति को न झेले एवं भय को न जीये। भारत ने यह कर दिखाया है। तमाम आतंकी अड्डे को मटियामेट किया गया, वैसे तमाम अड्डे पाकिस्तानी सेना के संरक्षण और समर्थन से ही चलते रहे हैं। अभी तक पाकिस्तान ऐसे अड्डों को खत्म करने का दिखावा करने के साथ यह बहाना भी बनाता रहा है कि हम तो खुद ही आतंक के शिकार हैं। यह झूठ न जाने कितनी बार बेनकाब हो चुका है, किंतु पाकिस्तान बेशर्मी से बाज नहीं आता। सफल हवाई हमले को अंजाम देने के बाद भारत दुनिया को यह संदेश देने में भी कामयाब रहा कि उसने पाकिस्तान को निशाना बनाने के बजाय उसके यहां कायम आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। वायुसेना ने अपनी पराक्रम क्षमता और साहस का जो परिचय दिया, वह पाकिस्तान के साथ विश्व समुदाय को भी एक संदेश है। वह यह संदेश इसीलिए दे सकी, क्योंकि प्रधानमंत्री ने जरूरी राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय दिया। पाकिस्तान के मनोबल को तोड़कर ही आतंकवाद को परास्त किया जा सकेगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# देश में खुशी की लहर : सेना के जज्बे को सलाम



बाल मुकुन्द ओझा

भारत ने एक पखवाड़े के अंदर 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों की धर्म पूछ कर की गई हत्या का बदला लेते हुए भारत के वीर सपूतों ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को मिटटी में मिला दिया। इस कायराना हमले में आतंकियों ने सिर्फ पुरुषों को निशाना बनाया था और महिलाओं को ये कहकर छोड़ दिया था कि जाओ जाकर मोदी को बता देना। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी अपने एक एक शब्दों पर कायम रहे और जो कहा उसे पूरा करके दुनिया को दिखा दिया। मोदी का जवाब पाकिस्तान में हाहाकार बनकर गूंज रहा है। भारतीय सेना के पराक्रम और ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। एयर स्ट्राइक के बाद भारत ने साफ संदेश दे दिया है हमले का जवाब मुंहतोड़ मिलेगा। आतंकियों को किसी भी हालत में छोड़ा नहीं जायेगा। गृह मंत्री अमित शाह ने पहले ही घोषणा कर दी थी हत्यारों और आतंकियों को चुन चुन कर मारा जायेगा। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष के उन लोगों को भी करारा जवाब दे दिया जो सरकार की नियत पर सवाल उठा रहे थे।

बताया जाता है इस एयर स्ट्राइक में सौ से अधिक आतंकी मारे गए। भारत ने पाकिस्तान के सैनिक अथवा नागरिक ठिकानों पर कोई हमला नहीं किया। भारत की इस कार्यवाही से पूरे देश में हर्ष की लहर दौड़ गई। लोगों ने जगह जगह अपनी खुशी का इजहार किया। लोगों ऑपरेशन सिन्दूर को सलाम किया है। हर कोई प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय सेना की तारीफ कर रहा है।

इस घटना के बाद सबके जुबान पर इसके बदले की बात आ गई। सभी आतंकियों से बदले की बात कर रहे थे। मीडिया और सोशल मीडिया से सरकार पर दबाव बन रहा था। हर नागरिक, सिविल सोसाइटी और विपक्ष सरकार को आतंकवादियों और उसके आका पाकिस्तान से बदला लेने के लिए कह रहा था। इस नृशंष हमले के बाद से समूचा देश गुस्से से उबल रहा था और पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा था। आखिरकरा पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय आर्मी ने 6 मई की आधी रात को पीओके और पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूत कर दिया है।

सेना की इस कार्यवाही को ऑपरेशन सिंदूर बताया गया है। भारतीय सेना की प्रवक्ताए कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने पाकिस्तान के खिलाफ 25 मिनट तक चले ऑपरेशन सिंदूर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। देश के इतिहास में पहली बार आर्म्ड फोर्स की दो महिलाएं प्रेस ब्रीफिंग करने आईं। इनमें से एक एयरफोर्स से और दूसरी सेना से हैं। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के साथ ये दोनों अधिकारी भी मीडिया से मुखातिब हुईं और ऑपरेशन सिंदूर की सम्पूर्ण जानकारी मीडिया से साझा की। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया, जिससे लगभग 100 आतंकवादी मारे गए। कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया 7 मई की रात को 1.05 बजे भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान और पीओके में घुस कर ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और ये ऑपरेशन करीब 25 मिनट तक चलाए उन्होंने बताया कि कैसे भारतीय वायु सेना ने सिलसिलेवार तरीके से पाकिस्तान में मौजूद आतंकी कैम्पों को तबाह किया। ये सभी वो ठिकाने थे जहां से भारत के खिलाफ कई आतंकी हमलों की साजिश रची गई थी और भविष्य में हमलों की योजना बनाई जा रही थी। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहाए ष्वीडियो में तबाह किए गए आतंकी शिविरों को दिखाया गया है, जिसमें मुरीदके भी शामिल हैए जहां 2008 के मुंबई आतंकी हमलों में शामिल अजमल कसाब और डेविड हेडली ने ट्रेनिंग ली थी। पाक मीडिया के सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान में डर का माहौल हैं और सरकार की ओर से नागरिकों के लिए कई निर्देश जारी किए गए हैं।

वहीं पाकिस्तान के संचार मंत्री तरार ने इस हमले का जवाब देने की धमकी दी है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई इस कार्रवाई में मोस्ट वॉन्टेड आतंकी मसूद अजहर के परिवार के 14 लोग भी मारे गए हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# ...बदला हुआ भारत, बदला लेना जानता है



डॉ. आशीष वशिष्ठ

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के एक पखवाड़े बाद भारत ने इसका जवाब उपयुक्त और निर्णायक ढंग से दिया। 6/7 मई की मध्यरात्रि भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके में आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाकर एयर स्ट्राइक की। इस कार्रवाई में 100 से ज्यादा आतंकवादियों के मारे जाने और कई अन्य के घायल होने की खबरें आ रही हैं। भारत ने इस जवाबी कार्रवाई को नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर हत्या कर दी थी।

इस सैन्य कार्रवाई को केवल रणनीतिक पलटवार नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस स्पष्ट संकल्प की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है, जो उन्होंने हमले के दो दिन बाद बिहार के मधुबनी से दिया था। 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के मौके पर मधुबनी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम हमले पर गहरा शोक प्रकट किया और देशवासियों से दो मिनट का मौन रखवाया। इसके बाद उन्होंने एक कड़े और प्रतिज्ञाबद्ध स्वर में कहा था– 'मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी।' बिहार मधुबनी में प्रधानमंत्री का दिया गया बयान अब 'ऑपरेशन सिंदूर' के रूप में धरातल पर उतर चुका है, जिसमें आतंकी नेटवर्क की जड़ें हिलाकर रख दी गई हैं। ऑपरेशन सिंदूर के लिए जिन आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाया गया है, उनमें से चार पाकिस्तान में और पांच पीओके में हैं।

पहलगाम में आतंकी हमला कोई पहली घटना नहीं था जिसको पाक का समर्थन प्राप्त था। दशकों से पाकिस्तान में पले–बढ़े और प्रशिक्षित आतंकी भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देते आए हैं। लेकिन हर बार घटना के बाद भारत सरकार का रवैया जबानी जमा खर्च तक रहा। दो चार दिन की बयानबाजी और कागजी कार्रवाई के बाद गाड़ी पुरानी पटरी पर दौड़ती रही।

और पाकिस्तान अपनी कारस्तानियों से बाज नहीं आया। 26 नवंबर 2008 की रात, भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई उस समय दहल उठी जब पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने समुद्र के रास्ते शहर में प्रवेश किया। हमले के दौरान, भारतीय सुरक्षा बलों, जिसमें मुंबई पुलिस, एनएसजी और अन्य कमांडो शामिल थे, ने तीन दिनों तक ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन में 9 आतंकी मारे गए, लेकिन अजमल कसाब को 27 नवंबर 2008 को जुहू चौपाटी पर जिंदा पकड़ लिया गया।

इस हमले में 166 लोग मारे गए, जिनमें 26 विदेशी नागरिक भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए। तत्कालीन कांग्रेस नीत यूपीए सरकार केंद्र की सत्ता में थी। प्रधानमंत्री थे डॉ. मनमोहन सिंह। इस घटना के बाद तत्कालीन भारत सरकार का रवैया जगजाहिर है। असल में तत्कालीन सत्तासीन दल का पूरा जोर इस बात पर था कि इस हमले में शामिल लोगों को हिंदू साबित किया जाए, जिससे वो हिंदू आतंकवाद की थ्योरी को स्थापित कर सके। गनीमत यह रही कि आतंकी अजमल कसाब जिंदा पकड़ लिया गया। वरना सुरक्षाबलों द्वारा मारे गए आतंकियों के हाथों मे षड्यंत्र पूर्वक बंधे कलावे से ही सरकार हिंदू आतंकवाद की थ्योरी स्थापित करने में सफल हो जाती। 12 मार्च 1993 को मुंबई के विभिन्न इलाकों खासकर हिंदू आबादी बहुल में 13 सिलसिलेवार बम धमाके हुए, जिसमें 257 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई और 700 से ज्यादा निर्दोष नागरिक घायल हो गए। उस समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। पीवी नरसिंह राव देश के प्रधानमंत्री थे।

13 दिसंबर 2001 को, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैय्यबा नामक आतंकवादी संगठनों के पांच आतंकवादियों ने भारत की संसद पर एक घातक हमला किया। इस आतंकी हमले का मुख्य आरोपी मोहम्मद अफजल गुरु था। इस हमले में दिल्ली पुलिस के पांच जवान, एक महिला कांस्टेबल और दो सुरक्षा गार्ड शहीद हो गए। 24 सितंबर 2002... शाम के करीब पौने पांच बजे का समय, ये वो दिन था जब गुजरात के अक्षरधाम मंदिर को आतंकियों ने अपना निशाना बनाया।

इस आतंकी हमले में मंदिर परिसर में मौजूद 32 श्रद्धालुओं और 3 सुरक्षाकर्मियों की जान गई थी। आतंकियों ने हथियारों से लैस होकर श्रद्धालुओं को निशाना बनाया था। इस घातक हमले में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकवादियों का संबंध था। आतंकवादियों को एनएसजी कमांडो ने मार गिराया था। संसद और अक्षरधाम हमले के समय देश में भाजपा नीत एनडीए के नेता प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी गठबंधन की सरकार चला रहे थे। देश में आतंकी घटनाओं की लंबी फेहरिस्त है। चूंकि देश में सबसे ज्यादा लंबे समय तक कांग्रेस का राज रहा है। ऐसे में पाक समर्थित आतंकवाद से निपटने के लिए बयानबाजी और डोजियर भेजने का जो तरीका कांग्रेस की सरकार ने शुरू किया, वो रिवायत 2014 तक जारी रही। हर आतंकी हमले के बाद भारत ने जिस तरह रिएक्ट किया, उससे पूरी दुनिया में यह मैसेज गया कि भारत एक 'सॉफ्ट स्टेट' है। भारत के इस टालू और ठंडे रवैये से पाकिस्तान के हौसले बुलंद हुए। 2004 से 2014 में कांग्रेस नीत यूपीए सरकार के शासन में आतंकियों के हौसले इतने बुलंद थे कि वो जहां चाहते थे आसानी से हमले को अंजाम दे देते थे। उन्हें पता था कि भारत सरकार का रवैया बयानबाजी और कागजी लिखा पढ़ी से ज्यादा कुछ नहीं होगा। वर्ष 2014 में केंद्र की सत्ता में भाजपा नीत एनडीए सरकार का आगमन हुआ। जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। मोदी सरकार ने सत्ता संभालने के साथ आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करना शुरू किया। जिसका नतीजा यह रहा है कि कश्मीर को छोड़कर देश के किसी हिस्से में आतंकी घटनाओं की खबर सामने नहीं आई। कश्मीर में स्थानीय लोगों की मदद से आतंकियों और उनके सरगनाओं के हौसले बुलंद है। 2019 में धारा 370 को हटाने के बाद घाटी के हालात तेजी से बदले। के बाद से देश में आतंकी घटनाओं का ग्राफ गिरा है। 18 सितंबर 2016 में जम्मू-कश्मीर स्थित उरी भारतीय सेना के ब्रिगेड हेडक्वार्टर पर जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादियों ने सुबह सवेरे घात लगाकर हमला किया। हमले में हमारे कई जवान शहीद हुए। इस हमले के महज 10 दिन बाद भारतीय जवानों ने 28-29 सितंबर की दरम्यानी रात को पीओके में सीमा के भीतर तीन किलोमीटर अंदर तक घुसकर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर डाला। पाकिस्तान को सबक सिखाने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता था।

जम्मू कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी 2019 की शाम करीब तीन बजे सीआरपीएफ के एक काफिले को श्रीनगर-जम्मू हाईवे पर आतंकी हमला हुआ था।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**तुला :** आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# डीएम की सख्ती का रहा असर

# आईजीआरएस रैंकिंग में आया सुधार

## प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में 26वीं रैंक से 17वीं रैंक पर पहुंचा जनपद

**बरेली, 07 मई (तरूणमित्र)।** आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद बरेली की स्थिति में सुधार आया है। 26वीं रैंक से 17वीं रैंक पर आया जनपद। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जनपद में पदभार ग्रहण करने के साथ ही बैठक कर समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के क्रम में स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतकर्ता से बात करना व उसे पूरी बात से अवगत कराना आवश्यक है, जिससे जब लखनऊ से उसके पास फोन आये तो वह यह बता सकें कि संबंधित विभाग द्वारा हमसे सम्पर्क किया गया। निर्देश दिए गए थे कि अंतिम दिन देर रात निस्तारण फीड ना करें इससे शिकायत के डिफाल्टर होने की सम्भावना रहती है।

बल्कि इस कार्य को समय से करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए थे कि समस्त अधिकारी अपने कार्यालय में एक कर्मचारी लगाये जो शिकायतकर्ता से फोन कर उनका फीडबैक लें कि वह शिकायत निस्तारण से संतुष्ट है या नहीं। नोडल अधिकारी शिकायत को भी कर्मचारी लगाकर फीडबैक लेने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी के प्रयासों से जनपद की रैंकिंग में उछाल आया है। जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देश है कि आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय के अंदर किया जाये।

उक्त के साथ एक ही शिकायत के बार-बार अपलोड होने को लेकर भी विस्तार से निर्देश दिए गये हैं और निर्देशित किया गया है कि कोई भी अधिकारी शिकायतों का निस्तारण दफ्तर में बैठ कर ना करें, बल्कि मौके पर जाकर ही शिकायत का निस्तारण किया जाना चाहिए। उसी का परिणाम है कि जनपद की रैंकिंग में वृद्धि हुई है।



### तहसीलवार पिछड़ने का कारण बताएंगे एसडीएम

जहां एक ओर जनपद स्तर की रैंकिंग में सुधार आया है, तो वही प्रदेश से जारी तहसीलवार रैंकिंग में जनपद की सभी तहसीलों की स्थिति अच्छी नहीं रही। डीएम अविनाश सिंह ने सभी एसडीएम से कारण बताओं नोटिस मांगने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि तहसील फरीदपुर की प्रदेश स्तर पर 44वीं रैंक, तहसील सदर की 61वीं, तहसील आंवला की 84, तहसील बहेड़ी की 96, तहसील नवाबगंज की 121 और तहसील मीरगंज की 228 रैंक आई है।

## ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम हमले का मरहम पूरा इलाज बाकी : मौलाना तौकीर

**बरेली, 07 मई (तरूणमित्र)।** कश्मीर में आतंकवादी हमले के बाद भारत द्वारा जवाबी कार्रवाई किए जाने की मांग और आतंकवाद के खिलाफ 11 मई रविवार को इस्लामिया इण्टर कॉलेज ग्राउंड बरेली में धरना देने का ऐलान करने के अगले ही दिन भारत द्वारा पाकिस्तान पर हमला कर आतंकी अड्डों को नष्ट करने के बाद आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा बहुत खुश आइन खबर है, जो जख़्म हमे पहलगाम में मिले थे उस पर मरहम है यह पूरा इलाज नहीं है। इलाज अभी बाकी है उन्होंने कहा हमें अपनी सेना पर गर्व है। उसने सटीक निशाना कर आतंकवादी अड्डों को नष्ट किया। उन्होंने कहा हिंदुस्तान ने हमेशा सब्र का मुजाहिरा किया है आतंकवादी हमले बार बार होते रहे है हद तो तब हो गई जब आईडी देख कर हमला कर हमारे मुल्क में अफरा तफरी का माहौल पैदा करने की कोशिश की जा रही है। मुल्क को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। यह हमारी गंगा जमानी तहजीब से खिलवाड़ है हम हुकूमत से मांग करते है के पहलगांव में जो लोग मारे गए थे उन्हें शहीद का दर्जा दिया जाए, उन्होंने कहा यह काम यही नहीं रुकना चाहिए इस वक़्त सबसे बेहतर मौका है जो गलती हमने आजादी के वक्त की थी उसमें सुधार कर पाक अधिकृत कश्मीर ही नहीं पूरे पाकिस्तान को हिंदुस्तान का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। एक सवाल के जवाब में उन्होंने ने कहा के पाकिस्तान बनना धर्म का नहीं सियासत का मसला था पाकिस्तान किसी मुसलमान ने नहीं बनाया उसे बनाने वाले एक गुजराती थे जो मुसलमान नहीं थे। मौलाना ने कहा के शरीयत किसी बेगुनाह के कत्ल की इजाजत नहीं देती पहलगाम जो कुछ हुआ वह आतंकवाद था। जिसकी इस्लाम इजाजत नहीं देता।

## नजीबाबाद स्थित प्रेमधाम आश्रम का डीएम ने किया निरीक्षण, दिव्यांग बच्चों ने किया स्वागत

**बिजनौर, 07 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत तहसील नजीबाबाद में हरिद्वार रोड स्थित प्रेमधाम आश्रम का भ्रमण किया गया।जिलाधिकारी श्रीमती कौर का दिव्यांग बच्चों ने बैंड और सलामी देकर स्वागत किया तथा आश्रम के मुख्य संचालक पादरी श्री शिब्बू एवं श्री बिन्नी द्वारा बुके देकर उनका अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रेम धाम आश्रम में जिस प्रकार मानवीय मूल्यों पर आधारित आत्मिकता, करूणा और दया भाव से दिव्यांग जनों की निःस्वार्थ रूप से सेवा की जा रही है, वह प्रशंसनीय, सराहनीय एवं अनुकरणीय है। उन्होंने आश्रम के प्रबंधन तंत्र को आश्वस्त करते हुए कहा कि उक्त संबंध में किसी भी समस्या के समाधान और सहयोग के लिए जिला प्रशासन सदैव तत्पर रहेगा। उन्होंने आश्रम में हर स्थान पर पाई जाने वाली स्वच्छता, प्रबंधन एवं व्यवस्था की खुले दिल से प्रशंसा करते हुए संचालकों को बधाई दी।

जिलाधिकारी ने प्रेम धाम आश्रम की तीन मंजिला इमारत में दिव्यांग जनों की सुविधा के लिए स्थापित की गई नई लिफ्ट का फीता काट कर उद्घाटन किया और लिफ्ट द्वारा प्रथम तल पर अति दिव्यांग जनों को फल, कोल्ड ड्रिंक, बिस्कुट आदि पौष्टिक सामग्री पर आधारित किट का वितरण किया।

आश्रम के संचालकों द्वारा इस अवसर पर जिलाधिकारी को दिव्यांग जनों के लिए बनाए गए आईसीयू यूनिट, किचन, मैस, बेड रूम्स की भ्रमण कराते हुए स्कूल कक्षाओं में दिव्यांग जनों को दी जाने वाली शिक्षा पद्धति तथा दिव्यांग जनों द्वारा उत्पादित फुटवियर, मेट्स, सजावट सामग्री का भी अवलोकन कराया गया। उन्होंने दिव्यांग जनों द्वारा उत्पादित सुंदर और आकर्षक उत्पादों की प्रशंसा की।

### ब्लॉक पर लगे कैंप में 37 शिकायतों का तत्काल निस्तारण

**बरेली, 07 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं जिसमें मुख्य रूप से पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के कुशल संचालन हेतु विकास खण्ड भदपुरा के सभागार में कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में कमल सिंह खण्ड विकास अधिकारी, रिषभ रस्तोगी एडीओ समाज कल्याण, रिंकी सैनी जिला मिशन कोआर्डिनेटर, हरिन्दर कौर जैण्डर स्पेशलिस्ट, हिमांशु कम्प्यूटर सहायक, लाल बहादुर आउटरीच कार्यकर्ता, दिनेश सिंह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, छत्रपाल एमटीएस आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपरोक्त कैम्प में 45 लाभार्थी उपस्थित हुए जिसमें से 35 लाभार्थी पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना के एवं 10 लाभार्थी मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के थे।

## वक्फ संशोधन कानून से बेहतर होगी मुसलमानों की स्थिति-पाठक

**फिरोजाबाद, 07 मई (तरूणमित्र)।** सरस्वती शिशु मंदिर (बच्चू बाबा) जलेसर रोड के हॉल में भारतीय जनता पार्टी महानगर फिरोजाबाद द्वारा वक़्फ सुधार जन जागरण अभियान के अंतर्गत अल्पसंख्यक प्रबुद्ध नागरिक संवाद कार्यक्रम महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उपस्थित जनसमूह को वक़्फ संशोधन अधिनियम पर संक्षिप्त जानकारी देते हुए संबोधित करते हुए कहा कि वक़्फ इस्लामी कानून के अंतर्गत स्थापित एक अपरिवर्तनीय धर्मार्थ निधि है।

जिसे भारत में वक़्फ अधिनियम 1995 के तहत मान्यता प्राप्त है, और विनियमित किया जाता है। इस शब्द में इस्लामी कानून के तहत पवित्र, धार्मिक या धर्मार्थ कर्म के से किये गये सभी दान शामिल हैं। वक़्फ बोर्ड और उनके द्वारा नियंत्रित संपत्तियां भारत में इस्लामी जीवन के महत्वपूर्ण अंग हैं। क्योंकि वह अनगिनत मस्जिदों, धार्मिक और परोपकारी संस्थाओं के संरक्षक के रूप में कार्य करते हैं। वक़्फ की व्यवस्थापन प्रणाली बहुत दुर्बल रही है, जिसमें लगभग कोई जवाब दे ही नहीं रही। इसी कारण वक़्फ अधिनियम 2025 बनाया गया है, ताकि वक़्फ के शासन को सुव्यवस्था किया जा सके।

तीन तलाक जैसे गंभीर मुद्दे इस्लाम से कतई ताल्लुक नहीं रखते हैं। कांग्रेस और सपा राजनीतिक पार्टियों वोट बैंक की राजनीति के लिए इन सभी मुद्दों को इस्लाम से जोड़कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेकती हैं। और मुस्लिम समुदाय को आजतक गुमराह करती चली आ रही है । वक्फ दान की सम्पत्ति है। दान की सम्पत्ति का उपयोग समाज हित में होना चाहिए। नये वक्फ कानून में यही संशोधन किया गया है।

मुस्लिम समाज के गरीब और पसमांदा परिवारों, महिलाओं, खासकर मुस्लिम विधवाओं को, बच्चों को उनका हक भी मिलेगा और उनका हक सुरक्षित भी रहेगा। यही असली सामाजिक न्याय है। वक्फ (संशोधन) विधेयक - 2025 वक्फ संपत्तियों में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन सुनिश्चित करेगा तथा साथ ही भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण भी लगाएगा। यह सुधार गरीब मुस्लिम बहनों-भाइयों की प्रगति के लिए है और इसके सुखद परिणाम भविष्य में सामने आयेंगे। वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित कर केंद्र सरकार, मुस्लिम समुदाय के कमजोर एवं वंचित वर्गों के कल्याण के लिए ठोस कदम उठा रही है।




### देशवासियों का मनोबल बढ़ाने के लिए जरूरी थी सर्जिकल स्ट्राइक

**बरेली, 07 मई (तरूणमित्र)।** आतंकी शिविरों पर भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक देशवासियों का मनोबल बढ़ाने के लिए जरूरी थी। आज का हिंदुस्तान किसी भी तरह के हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सक्षम है। हमारी सेना हर परिस्थिति में दुश्मन का मुकाबला करने की ताकत रखती है। सेना के पास अत्याधुनिक संसाधन, तकनीक और साधन हैं। ऐसे में घबराने की जरूरत नहीं है। यह बात एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के मेडिकल सुपरिटेंडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) डा. आरपी सिंह ने कही। कर्नल सिंह ने कहा कि पहलगांव में आतंकी हमले के बाद वर्तमान में देश में जो हालात हैं। इस हालात में आतंकी कैंपों पर सेना की सर्जिकल स्ट्राइक लोगों की मनोभावना के अनुकूल है। यह आम लोगों के साथ सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए भी जरूरी थी। हालांकि सरकार जलसंधि रद करने जैसे कूटनीतिक कदम पहले ही उठा कर पाकिस्तान की घेराबंदी कर चुकी है। इससे पाकिस्तान घुटने टेकने पर मजबूर है।

## देर रात घर में सो रही दंपति को अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से किया लहूलुहान

**फिरोजाबाद, 07 मई (तरूणमित्र)।** थाना सिरसागंज के गांव पटसुरी मैं मंगलवार की आधी रात्रि बाद अज्ञात लोगों ने एक मकान में प्रवेश कर सोई हुई दंपति पर धारदार हथियार से प्रहार कर घायल कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को उपचार और डॉक्टरी परीक्षण के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आई हैपटसुरी निवासी 60 वर्षीय अनेक सिंह पुत्र बदन सिंह और उनकी पत्नी 58 वर्षीय सरोज तथा उनका नाती आशुतोष मंगलवार की रात घर में सो रहे थे। उनके दो पुत्र है, जिनमें से एक पुत्र जयपुर तथा दूसरा पुत्र नोएडा में रहता है, मंगलवार की रात्रि वह अपने मकान में सोये हुए थे, तभी अज्ञात लोग मकान के अंदर प्रवेश कर गये, और उन पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया, जिसके फल स्वरुप अनेक सिंह और उनकी पत्नी सरोज गंभीर रूप से घायल हो गये। जबकि नाती आशुतोष बाल बाल बच गया चीख पुकार होने पर पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गये। तब तक हमलावर फरार हो चुके थे, सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को डॉक्टरी परीक्षण और उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आई जहां परीक्षण के बाद परिजन दोनों को प्राइवेट ट्रामा सेंटर ले गई है।

## व्यापारियों की समस्याओं को ले भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने बृजेश पाठक को ज्ञापन सौंपा

**फिरोजाबाद, 07 मई (तरूणमित्र)।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने व्यापारियों की समस्या को लेकर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को ज्ञापन सौंपा महानगर अध्यक्ष प्रशांत माहेश्वरी ने दिये गये ज्ञापन में व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु एवं प्राइवेट स्कूलों की फीस वृद्धि एवं मनमानी के खिलाफ पुलिस लाइन हेलीपेड पर ज्ञापन दिया।

उन्होंने कहा कि जनपद फिरोजाबाद में खाद सुरक्षा विभाग द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न नमूने लेने के नाम पर खुदरा व्यापारियों का सपा मानसिकता के कुछ अधिकारी व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं उन भ्रष्ट अधिकारियों की अपराध शाखा से जांच कराई जाए। नगर निगम द्वारा किराए पर संचालित 300 दुकानों का किराये पर सर्किल रेट को रोका जाये।मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल में पूर्ण व्यवस्था न होना व्यापारियों को इलाज के लिए आगरा जाने को कहा जाता है।

जिसकी व्यवस्था फिरोजाबाद में ही कराई जाये। उच्च अधिकारी व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेते हैं ना ही सीयूजी नंबर रिसीव करते है। प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस बढ़ोतरी चुनिंदा दुकान से किताबे खरीदने पर बाध्य किया जाता है। जिला प्रशासन को अवगत कराने के बाद अभिभावकों की कोई भी प्राइवेट स्कूलों पर कार्रवाई नही की जाती है।

प्राइवेट स्कूलों वालो ने शिक्षा के मंदिर को शिक्षा का व्यापार बना दिया है। प्राइवेट स्कूलों की ईमानदार अधिकारियों द्वारा जांच कराई जाए। छोटा व्यापारी एवं आम जनमानस काफी परेशान है। कक्षा 1से लेकर पांचवी क्लास का कोर्स 5000 से 10000 रुपए में बिक रहा है। प्राइवेट स्कूलों में एनसीईआरटी बुक लागू कराई जाये।

## आईवीआरआई में प्रसार परिषद की 26वीं बैठक का किया आयोजन

**बरेली, 07 मई (तरूणमित्र)।** भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान में प्रसार परिषद की 26 वीं बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें प्रसार गतिविधियों की समीक्षा की गयी तथा भविष्य में नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत फार्म स्कूल ऑन एयर, प्रौद्योगिकियों के व्यापक प्रचार प्रसार कृषि विज्ञान केन्द्र एवं अन्य माध्यमों द्वारा, इण्टरफेस मीट आयोजित करने किसान मेला प्रदर्शनी आयोजित करने प्रसार शिक्षा के विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों द्वारा इनका का प्रचार-प्रसार तथा कृषक उत्पादक संगठन, पशुधन उत्पादकता को बढ़ाने के लिए सीड विलेज बनाने तथा उद्यमिता विकास करने पर बल दिया गया। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहायक महानिदेशक कृषि प्रसार डा. आर.के. सिंह ने आईवीआरआई, प्रसार शिक्षा द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की प्रंशसा करते हुए कहा कि हमे विकसित तकनीकों तथा नैदानिकों को ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों किसानों तक पहुँचाना होगा। संस्थान निदेशक डा. त्रिवेणी दत्त ने कहा कि अब आने वाले समय में हमें प्रसार शिक्षा को और मजबूत बनाना होगा। उन्होंने कहा कि प्रसार परिषद की 25वीं बैठक में निर्णय लिये गये वह काफी लाभकारी सिद्ध हुये। संस्थान द्वारा बनाये गये पैकेज ऑफ प्रैक्टिस को देश के विभिन्न पशुपालन निदेशकों, पशुचिकित्साधिकारियो द्वारा सराहा गया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बहुत सारे कार्यक्रम हित धारकों के लिये चलाये गये जिनका उन्हें लाभ मिला। डा. दत्त ने कहा कि संस्थान का प्रयास है प्रसार शिक्षा के माध्यम से और अधिक इण्टरफेस मीट विभिन्न हितधारकों, उद्यमियो, एनजीओ के साथ किये जायें जिससे किसानों एवं पशुपालकों के जीवन स्तर को सुधारा जा सके। उन्होंने कहा कि हमें बरेली के अलावा क्षेत्रीय परिसरों तथा देश के विभिन्न राज्यों में किसानोपयोगी कार्यक्रम चलाने होंगे। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक प्रयोग करना होगा तथा नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार चलाये जा रहे वोकेशनल तथा सार्टिफिकेट कोर्स का एक शैक्षणिक कलैण्डर के माध्यम से प्रसार शिक्षा तथा विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों द्वारा इनका का प्रचार-प्रसार करना होगा।




### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**फिरोजाबाद, 07 मई (तरूणमित्र)।** थाना रजावली क्षेत्र के गांव पिपरोली और कार्तिकी के मध्य बुधवार की दोपहर अज्ञात वाहन द्वारा बाइक में टक्कर मारने के फल स्वरुप उस पर सवार एक युवक की मौत हो गई पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है टूंडला एटा मार्ग स्थित थाना रजावली क्षेत्र के गांव पिपरौली और कार्तिक के मध्य एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिसके फल स्वरुप उस पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई, इधर सूचना मिलते ही पुलिस और सरकारी एंबुलेंस मौके पर पहुंची, तब तक युवक ने दम तोड़ दिया।


**कार्यालय : ग्राम पंचायत विधापारा, विकास खण्ड सदर जनपद-गाजीपुर**

पत्रांकः /मेमो दिनांकः /05/2025

**निविदा / टेण्डर**

ग्राम पंचायत विधापारा विकास खंड सदर में वित्तीय वर्ष 2025 -26 में ग्राम पंचायत निधि / पंचम वित्त आयोग 15वाँ वित्त आयोग स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 / मनरेगा / ओडीएफप्लस / गंगा एक्शन प्लान / अंत्येष्टि स्थल / पंचायत भवन / सामुदायिक शौचालय निर्माण/ विद्यालय का कायाकल्प / सांसद निधि / विधायक निधि/ एम एल सी निधि/पंचम राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त अन्य संस्थाओं से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों के लिए निर्माण सामग्री जैसे स्वच्छता। सफाई किट हयूम पाइप ईट प्रथम श्रेणी- ईंट खड़जा भवन हेतु द्वितीय श्रेणी- एस ओ बी प्रति हजार- सीमेंट पोर्ट लेड व्हाइट सीमेंट प्रति बोरी ईट गिटटी 20-40 एम एम व पत्थर गिटटी 22" 4 एम एम से 53 एम एम तक कोटा स्टोन प्रति घन मीटर सफेद बालू (फाईन सैड) प्रति घन मीटर लाल बालू (कोरस सैड) प्रति घन मीटर डाला गिरटी 20" 40 एम एम स्टोन ब्लास्टर (साइजनुसार) प्रति घन मीटर सरिया तार एबेस्टरस सीट पैन सीट दरवाजा प्लास्टिक प्रति नग शौचालय निर्माण सामग्री प्रति सेट हैडपम्प सामग्री (मरम्मत व रिबोर हेतु) 300-350-600-900- एम एम प्रति रनिंग मी साईन बोर्ड पी बी सी पाईप प्रति रनिंग मी सीमेंट इंट पत्थर की पटिया साइजनुसार प्रति हजार स्टीट लाईट सोलर साईज व वाट के अनुसार प्रति नग टाईम्स साइजनुसार प्रति पेटी इंटरलॉकिंग ईट पेवर्स प्लास ईंट सीमेंट बेंच डेस्ट स्वच्छता हेतु सामग्री प्रति नग चूना ब्लीचिंग पाउडर पेट डिस्टेंपर प्रति किग्रा विद्युत वायरिंग प्रति प्वाइंट आर ओ प्लांट समरसेबुल कूड़ादान/ई रिक्शा/ठेलागाड़ी/कूड़ा गाड़ी प्रति नग कोविड किट सेनिटाइजर मशीन फॉगिंग प्रति वाणिज्य कर आयकर में पंजीकृत फर्मों द्वारा कार्य स्थल पर सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदा आपूर्तिकर्ता दिनांक 08 / 0 5/ 2025 से कार्यालय पर कार्य दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर बंद लिफाफे में निविदा 14/ 0 5/ 20 25 तक जमा कर सकते हैं। जो दिनाँक 15 /05/ 202 5 को निविदा गठित समिति के सामने दो बजे अपरान्ह के बाद खोलीं जाएगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। पशुओं के लिए भूसा ब्रेच मरम्मत साउंड सिस्टम कंप्यूटर सेट कुर्सी मेज सी सी टी टी कैमरा प्रतिबंध व शर्तें सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद अधोहस्ताक्षरी के आदेश पर कार्य स्थल पर आपूर्ति की जाएगी। गुणवत्ता मानक के अनुरूप न होने पर भुगतान की कार्यवाही रोकते हुए बिना कारण बताओ निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**(बैजनाथ तिवारी)**
ग्राम पंचायत अधिकारी/सचिव
ग्राम पंचायत विधापारा
विकास खण्ड सदर, जनपद-गाजीपुर

**(श्रीमती मंजू यादव )**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत विधापारा
विकास खण्ड सदर, जनपद-गाजीपुर

**कार्यालय : ग्राम पंचायत बिराईच, विकास खण्ड सदर जनपद-गाजीपुर**

पत्रांकः /मेमो दिनांकः /05/2025

**निविदा / टेण्डर**

ग्राम पंचायत बिराईच विकास खंड सदर में वित्तीय वर्ष 2025 -26 में ग्राम पंचायत निधि / पंचम वित्त आयोग 15वाँ वित्त आयोग स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 / मनरेगा / ओडीएफप्लस / गंगा एक्शन प्लान / अंत्येष्टि स्थल / पंचायत भवन / सामुदायिक शौचालय निर्माण/ विद्यालय का कायाकल्प / सांसद निधि / विधायक निधि/ एम एल सी निधि/पंचम राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त अन्य संस्थाओं से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों के लिए निर्माण सामग्री जैसे स्वच्छता। सफाई किट हयूम पाइप ईट प्रथम श्रेणी- ईंट खड़जा भवन हेतु द्वितीय श्रेणी- एस ओ बी प्रति हजार- सीमेंट पोर्ट लेड व्हाइट सीमेंट प्रति बोरी ईट गिटटी 20-40 एम एम व पत्थर गिटटी 22" 4 एम एम से 53 एम एम तक कोटा स्टोन प्रति घन मीटर सफेद बालू (फाईन सैड) प्रति घन मीटर लाल बालू (कोरस सैड) प्रति घन मीटर डाला गिरटी 20" 40 एम एम स्टोन ब्लास्टर (साइजनुसार) प्रति घन मीटर सरिया तार एबेस्टरस सीट पैन सीट दरवाजा प्लास्टिक प्रति नग शौचालय निर्माण सामग्री प्रति सेट हैडपम्प सामग्री (मरम्मत व रिबोर हेतु) 300-350-600-900- एम एम प्रति रनिंग मी साईन बोर्ड पी बी सी पाईप प्रति रनिंग मी सीमेंट इंट पत्थर की पटिया साइजनुसार प्रति हजार स्टीट लाईट सोलर साईज व वाट के अनुसार प्रति नग टाईम्स साइजनुसार प्रति पेटी इंटरलॉकिंग ईट पेवर्स प्लास ईंट सीमेंट बेंच डेस्ट स्वच्छता हेतु सामग्री प्रति नग चूना ब्लीचिंग पाउडर पेट डिस्टेंपर प्रति किग्रा विद्युत वायरिंग प्रति प्वाइंट आर ओ प्लांट समरसेबुल कूड़ादान/ई रिक्शा/ठेलागाड़ी/कूड़ा गाड़ी प्रति नग कोविड किट सेनिटाइजर मशीन फॉगिंग प्रति वाणिज्य कर आयकर में पंजीकृत फर्मों द्वारा कार्य स्थल पर सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदा आपूर्तिकर्ता दिनांक 08/05/2025 से कार्यालय पर कार्य दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर बंद लिफाफे में निविदा 14/ 0 5/ 20 25 तक जमा कर सकते हैं। जो दिनाँक 15 /05/ 202 5 को निविदा गठित समिति के सामने दो बजे अपरान्ह के बाद खोलीं जाएगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। पशुओं के लिए भूसा ब्रेच मरम्मत साउंड सिस्टम कंप्यूटर सेट कुर्सी मेज सी सी टी टी कैमरा प्रतिबंध व शर्तें सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद अधोहस्ताक्षरी के आदेश पर कार्य स्थल पर आपूर्ति की जाएगी। गुणवत्ता मानक के अनुरूप न होने पर भुगतान की कार्यवाही रोकते हुए बिना कारण बताओ निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**(बैजनाथ तिवारी)**
ग्राम पंचायत अधिकारी/ सचिव
ग्राम पंचायत बिराईच
विकास खण्ड सदर, जनपद-गाजीपुर

**(श्रीमती पूनम देवी)**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बिराईच
विकास खण्ड सदर, जनपद-गाजीपुर


## स्वयं सहायता समूह का कारोबार बढ़ाने को दिलाएं बाजार : डीएम

### जिलाधिकारी ने की आकाँक्षात्मक विकास खण्डों की प्रगति समीक्षा

**बरेली, 07 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आकाँक्षात्मक विकास खण्डों की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि आकाँक्षात्मक विकास खण्डों के कुल 50 इंडिकेटर हैं, 26 इंडिकेटर की मासिक रिपोर्ट तैयार होती है तथा बाकी की त्रैमासिक/ अर्धवार्षिक/वार्षिक रिपोर्ट तैयार होती है। मार्च के डेटा के अनुसार पांचों आकाँक्षात्मक विकासखंड राज्य एवरेज से ऊपर है। कृषि विभाग के इण्डिकेटर एफ पीओ का गठन व मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अंतर्गत विभागीय लक्ष्य के सापेक्ष अधिक कार्य किया गया है लेकिन आकाक्षात्मक विकास खण्डों के पोर्टल पर लक्ष्य अलग फीड है इस कारण रैक प्रभावित हैं लक्ष्य समान फीड कराने हेतु पत्र लिखा गया है। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि ओडीएफ प्लस के अंतर्गत बड़ी संख्या में शौचालय बनाये गए हैं लेकिन लोग इनका प्रयोग करें इस दृष्टि से भी जागरूक किया जाए।

बैठक में अवगत कराया गया है कि जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत हाउस होल्ड वॉटर कनेक्शन में विकास खण्ड शेरगढ़ व फतहेगंज पश्चमी की स्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। रिवाल्विंग फंड में मात्र विकास शेरगढ़ को छोड़कर अन्य आकाँक्षात्मक विकास खण्डों की स्थिति सही पायी गयी। बैठक में निर्देश दिए गए कि स्किल डेवलपमेंट में रैंकिंग ठीक है। निर्देश दिए गए की कार्य को अच्छा करने के साथ ही रिफलैक्ट करना भी जरूरी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामान को विक्रय हेतु मार्केट उपलब्ध कराया जाए।

वन ब्लाक वन प्रोजेक्ट पर भी ध्यान देते हुए इकनौमी को बढ़ाने का प्रयास किया जाये। बैठक में सीडीओ जग प्रवेश, सीएमओ डॉ विश्राम सिंह, पीडी डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव, डीडीओ दिनेश कुमार, डीसी मनरेगा मो. हसीब अंसारी, डीपीआरओ कमल कुमार, यूनिसेफ से नूरुल निशा, समस्त खण्ड विकास सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# जिले में होगा कानून का राज, अपराधियों को भेजेंगे जेलः अनूप

- योग्य इंस्पेक्टरों को थाना व काम करने वाले एसआई को मिलेगी चौकी
- नवागंतुक एसपी ने संभाला जिले का कार्यभार



**फतेहपुर, 07 मई (तरूणमित्र)।** जिले में कानून का राज स्थापित किया जाएगा। अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजने का काम करेंगे। योग्य इंस्पेक्टरों को थाना व काम करने वाले एसआई को चैकी का प्रभारी बनाया जाएगा। पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए वह हरसंभव प्रयास करेंगे। यह बात बुधवार को नवागंतुक पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही।

नवागंतुक एसपी अनूप सिंह ने सर्वप्रथम एसपी कार्यालय पहुंचकर पद भार ग्रहण किया। चार्ज लेने के बाद उन्होंने कहा कि जिले में कानून का राज स्थापित करेंगे अपराधों की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। जनता की समस्याओं का तत्काल निदान किया जाएगा। भूमि विवाद जैसे मामलों को हल करने के लिए पुलिस और राजस्व टीम मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण करेगी। पीड़ितों के संतुष्ट होने पर ही मामले को निस्तारित माना जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि जिले में संगठित और असंगठित किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना दें तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अपराधियों को संरक्षण देने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि थाने की पोस्टिंग में शासन के निर्देशों और योग्य को ही थानों की कमान सौंपी जाएगी। खाली पड़ी चौकियों पर जल्द काम करने वाले पुलिस कर्मियों की पोस्टिंग की जाएगी। एसपी ने कहा कि लूट, छिनैती जैसे अपराधों को रोकने के लिए बार्डर पर पेट्रोलिंग और पुलिस की टीमें लगाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी व्यापारी दस लाख से अधिक रुपया लेकर जमा करने जा रहा तो इसकी जानकारी उन्हें दे वह व्यापारी को पुलिस स्कार्ट की व्यवस्था देंगे ताकि उसके साथ किसी प्रकार की घटना न घटित हो सके। उन्होंने कहा कि जिले में चल रहे अवैध स्टैंड पर भी कार्रवाई की जाएगी। जिले की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए भी ठोस कदम उठाए जाएंगे। इस मौके पर एएसपी विजय शंकर मिश्रा, सीओ सिटी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## भट्ठा मजदूर ने पेड़ पर लगाई फांसी, रेफर

**बिंदकी, फतेहपुर, 07 मई (तरूणमित्र)।** घरेलू विवाद के चलते ईंट भट्ठा मजदूर ने भट्टे के समीप एक पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। लोगों ने देखा तो हड़कंप मच गया। गंभीर हालत में मजदूर को फांसी के फंदे से बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जोनिहा कस्बे के समीप अमौली रोड में एक ईंट भट्ठे के समीप पेड़ में लकी उम्र 24 वर्ष पुत्र ननका निवासी ग्राम डीघ ने पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया।

# गढ़ कोतवाल नीरज कुमार ने मिट्टी की ढांग में दबे युवक को बचाया

- सीओ वरुण मिश्रा भी रहे मौजूद, 3 घंटे चला ऑपरेशन
- एसपी कुँवर ज्ञानंजय सिंह ने की पुलिस के कार्य की सराहना







**हापुड़, 7 मई (तरुण मित्र)।** थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के स्याना चौपला पर आईजीएल कंपनी की गैस पाइप लाइन बिछाने का कार्य चल रहा था जिसमें एक कर्मचारी पाइप वेल्डिंग का कार्य कर रहा था, जो अचानक मिट्टी की ढांग गिरने से दब गया था। जिसकी सूचना गढ़ कोतवाल को दी गई सूचना मिलते ही कोतवाल नीरज कुमार व क्षेत्राधिकारी वरूण मिश्रा पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंची। जहां स्थिति को देखते हुए तत्काल इसकी सूचना चिकित्सा विभाग टीम को दी गई चिकित्सा विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ कराया गया। जिसके साथ कोतवाल नीरज कुमार खुद टीम के साथ लगकर करीब 03 घंटे की कड़ी मशक्कत के पश्चात उक्त कर्मचारी को सकुशल बाहर निकालकर उसकी जान बचाने में सफलता प्राप्त की गई। पुलिस के इस कदम से जनता गद-गद नजर आई। जनता ने साहसी कार्य के लिए गढ़ कोतवाल नीरज कुमार के लिए जिंदाबाद के नारे लगाए तथा उन्हें गोद में उठा लिया और उन्हें बधाई दी इस मामले में हापुड़ एसपी कुँवर ज्ञानंजय सिंह ने सीओ वरूण मिश्रा व कोतवाल नीरज कुमार के इस कार्य की सराहना की है।

## गर्भवती महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, रेफर

**बिंदकी, फतेहपुर, 07 मई (तरूणमित्र)।** घरेलू विवाद के चलते तीन माह की गर्भवती महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर हालत में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के अंतर्गत दिलावलपुर गांव में घरेलू विवाद के चलते तीन माह की गर्भवती महिला लक्ष्मी देवी 29 वर्ष पत्नी अमित कुमार ने जहरीला पदार्थ खा लिया। महिला की हालत बिगड़ी तो इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# हमले के दौरान खुद को सुरक्षित रखने के लिए किया जागरूक



**फतेहपुर, 07 मई (तरूणमित्र)।** पहलगाम के आतंकी हमले में मारे गये निर्दोष भारतीय नागरिकों की हत्या के बदले में भारतीय सेना के द्वारा पाकिस्तान में घुसकर एयर स्ट्राइक किये जाने के बाद दोनों देशों के मध्य युद्ध के संभावित खतरो को देखते हुए देशभर में माकड्रिल के माध्यम से लोगों को युद्ध की आपात स्थिति में खुद को सुरक्षित रखने व घायलों को निकालने जैसी स्थिति से बचाने के लिए माक ड्रिल के माध्यम से अभयास कराया गया।

बुधवार को शहर के राजकीय इंटर कालेज में जिला प्रशासन के निर्देशन में आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा पुलिस, फायर ब्रिग्रेड, चिकित्सा विभाग, रेड क्रॉस द्वारा युद्ध जैसी स्थिति लेकर माक ड्रिल किया गया। जिसमे हवाई या मिसाइल हमले के संभावित खतरे के दौरान खुद व परिवार के लोगों को सुरक्षित बचने, एक स्थान से दूसरे स्थान निकलने, हमले के दौरान घायलों को इलाज आदि के विषय में जानकारी दी गयी। फायर ब्रिग्रेड की टीम द्वारा बम विस्फोट की स्थिति में भागने की जगह जमीन पर लेटकर व रेंगते हुए एक स्थान से दूसरे स्थान पर निकलने घायलों को इलाज के लिये एंबुलेंस तक पहुंचाने व आपात स्थिति में एम्बुलेम्स न मिलने पर रेडक्रॉस सोसाइटी के लोगों द्वारा घायलों को प्राथमिक उपचार किये जाने के विषय में जानकारी दी गयी। विद्यालय के बच्चे एवं नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने सिविलियन सोसाइटी में लोगो को सुरक्षित रहने एवं आपात स्थिति में घायलों की मदद करने की जानकारी देकर अपने परिजनों एवं आस पास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की गई।

**माकड्रिल की अहम बातें**

लोगों को एयर रेड सायरन के माध्यम से बताया गया कि सायरन बजने की स्थिति को युद्ध में खतरे से एलर्ट समझे। खतरे वाली जगह को फौरन खाकी करे व सुरक्षित स्थान की ओर मूव करें।

**ब्लैकआउट**

सायरन बजते ही या मिसाइल हमले का आभास होते ही रात के समय मे तत्काल घरों में बिजली की आपूर्ति बंद कर ब्लैकआउट करें। बल्ब व टार्च की जगह मोमबत्ती का प्रयोग करें।

**केंद्र की पहल पर माकड्रिल अभ्यास**

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) के लिए देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बुधवार को मॉकड्रिल आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे।

# दुकानदार पर पेट्रोल डाल जलाने के दोषी को 7 वर्ष की कैद

**सोनभद्र, 07 मई (तरूणमित्र)।** एक वर्ष पूर्व दुकानदार राजू चौधरी के ऊपर पेट्रोल छिड़क कर जलाने के मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए सीजेएम आलोक यादव की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी संतोष कुमार कनौजिया को 7 वर्ष की कैद व 85 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रुपये पीड़ित को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक सीमा पत्नी राजू चौधरी निवासी नई बस्ती वार्ड नम्बर 14, थाना रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र ने पुलिस अधीक्षक सोनभद्र को दिए प्रार्थना पत्र में अवगत कराया था कि वह अपने पति के दुकान बुढ़िया होटल बढ़ौली चैराहा, रॉबर्ट्सगंज बंद करते समय प्रतिदिन आती थी। घटना 29 अप्रैल 2024 की रात्रि 11 बजे की है।

# एसडी मेडिकल कॉलेज ने 25 टीबी मरीजों को लिया गोद, दी पोषण पोटली



**मुजफ्फरनगर, 07 मई (तरूणमित्र)।** आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) मुजफ्फरनगर की अध्यक्षता में एस0 डी0 मेडिकल कॉलेज परिसर में एक सराहनीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 25 टीबी मरीजों को गोद लिया गया और उन्हें पोषण पोटली प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य मरीजों को जल्द स्वस्थ करना और उनके उपचार में पोषण की अहम भूमिका को सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम के दौरान एस0 डी0 मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन नीरज, डॉ. पी. के. चन्द, डॉ. संजीव समेत संस्थान के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। वहीं, टीबी हॉस्पिटल की ओर से डॉ. लोकेश गुप्ता, जिला क्षय अधिकारी (डीटीओ) विपिन शर्मा, हेमंत यादव, अभिषेक गर्ग और विपिन कुमार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में डीटीओ डॉ. लोकेश गुप्ता ने बताया कि यह पहल टीबी हारेगा देश जीतेगा अभियान के तहत की जा रही है, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके उपचार और पोषण की जिम्मेदारी ली जाती है। मरीजों को दी गई पोषण पोटली में दालें, चना, सूखे मेवे, ओआरएस और आवश्यक सप्लीमेंट्स शामिल हैं।

## भोर पहर आंधी पानी से मौसम ने ली करवट

**खागा, फतेहपुर, 07 मई (तरूणमित्र)।** क्षेत्र में मंगलवार की सुबह भोर पहर अचानक आई तेज आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचाई। कई गांवों में किसानों का भूसा भीग गया, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। खेतों में रखा अनाज भी पानी में भीग गया, जिससे उसकी गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। तेज हवाओं के कारण कई घरों की छतों पर रखी टीन उड़ गईं, जिससे घरों में पानी भर गया और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

आंधी इतनी तेज थी कि कई जगह पुराने और कमजोर पेड़ धराशाई हो गए। इससे बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई क्योंकि कई जगह तारों पर पेड़ गिर गए। कुछ स्थानों पर रास्ते भी अवरुद्ध हो गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग भयभीत होकर रात भर जागते रहे। प्रशासन की ओर से अभी तक कोई राहत कार्य शुरू नहीं हुआ है, जिससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

# सिविल डिफेंस ने किया मॉक ड्रिल का सफल आयोजन



**अमरोहा, 07 मई (तरूणमित्र)।** आपदा प्रबंधन की तैयारियों को सशक्त करने एवं आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से आज जीआईसी कॉलेज व जीआईसी स्टेडियम, अमरोहा में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का भव्य आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल में फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, नगर निगम, एनसीसी कैडेट, स्काउट्स, छात्रों एवं विभिन्न आपदा राहत इकाइयों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करना तथा नागरिकों को आपदा के समय अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों और सुरक्षा उपायों से अवगत कराना था।

ड्रिल के दौरान ADM अमरोहा, अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा, क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक अमरोहा नगर व अमरोहा देहात समेत कई पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्राथमिक बचाव तकनीक, सुरक्षित निकासी प्रक्रिया, फर्स्ट एड, और आपातकालीन सेवा नंबरों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि आपदा की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासनिक तैयारियों के साथ-साथ नागरिकों की जागरूकता और सक्रिय भागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है।

इस आयोजन ने न केवल आपातकालीन सेवाओं के समन्वय को परखा, बल्कि आम जनता को भी आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया।

## मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण लेने के लिए करें आवेदन

**फतेहपुर, 07 मई (तरूणमित्र)।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा जनपद में उत्पाद विकास मानकीकरण एवं गुणवत्ता विनिश्चय योजना के अन्तर्गत हनी मिशन (मधुमक्खी पालन) योजना के अंतर्गत परम्परागत एवं स्वरोजगार में रूचि रखने वाले 18 वर्ष से 50 वर्ष की आयु के बेरोजगार व शहद उत्पादन कार्य में प्रशिक्षित व्यक्तियों को पांच दिवसीय गुणवत्तापरक तकनीक प्रशिक्षण प्रदान करते हुए 05-05 हनी बाक्स (प्रति व्यक्ति) एवं संबंधित टूल किट्स निःशुल्क दिया जाना प्रस्तावित है। लाभार्थी आवेदन विभाग की वेबसाइट की आनलाइन सेवाओं के अन्तर्गत ऑनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटन के नाम से अपलोड कर सकते हैं।

# आतंकी ठिकानों पर हमला, खुशी में लिमरा इंटरनेशनल स्कूल ने मनाया जश्न



**एटा, 07 मई (तरूणमित्र)।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक की खुशी में पूरे देश में उत्साह का माहौल है। इसी कड़ी में एटा के प्रतिष्ठित लिमरा इंटरनेशनल स्कूल में भी जोरदार ढंग से जश्न मनाया गया। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने देश की इस सैन्य सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए देशभक्ति से भरे कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन मुहम्मद उमर ने कहा कि यह कार्रवाई पहलगाम हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने विद्यार्थियों को लड्डू बांटकर इस ऐतिहासिक सैन्य कार्रवाई की खुशी साझा की और भारतीय सेना को सलाम किया।

विद्यालय परिसर में हिंदुस्तान जिंदाबाद और भारतीय सेना अमर रहे, के नारों से गूंज उठा। बच्चों में देशभक्ति की भावना को जागृत करते हुए शिक्षकों ने उन्हें भारतीय सेना के साहस और बलिदान के महत्व की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की प्रिंसिपल सैल्जा थॉमस, वाइस प्रिंसिपल मुहम्मद सलीम, प्रिंसिपल बीनू थॉमस समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सपा करेगी बूथ अध्यक्षों व सेक्टर प्रभारियों का सम्मान

- सर्जिकल स्ट्राइक पर देश की सेना को दी बधाई



**फतेहपुर, 07 मई (तरूणमित्र)।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में विभिन्न मुद्दों को लेकर जहां चर्चा की गई वहीं प्रदेश नेतृत्व के अनुसार निर्णय लिया गया कि जिले में बूथ स्तरीय सम्मेलन आयोजित करके बूथ अध्यक्षों व सेक्टर प्रभारियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक पर बधाई दी गई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल ने शिरकत की। बैठक में सांसद श्री उत्तम ने कहा कि सभी छह विधानसभाओं में बूथ स्तरीय सम्मेलन आयोजित करके बूथ अध्यक्षों व सेक्टर प्रभारियों का सम्मान किया जाएगा। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने बूथ स्तर पर मतदाता सूची की जांच करने व कटे नाम जोड़ने और नए नाम बढ़वाने के साथ ही जो गलत नाम दर्ज हैं उन्हें हटवाने की बात कहते हुए बूथ अध्यक्ष का जिले कमेटी पूरा संगठन सहयोग करेगा। संचालन जिला महासचिव चौधरी मंजर यार ने देश की सेना सेना द्वारा किए गए स्ट्राइक के लिए बधाई दी। कहा किहमारी सेना हमारा गौरव है। आतंकवाद को जड़ से खत्म होना चाहिए।

इस मौके पर चेयरमैन नगर पालिका परिषद एड राजकुमार मौर्या, संतोष द्विवेदी, वीरेंद्र यादव, दलजीत निषाद, विपिन यादव, महेंद्र बहादुर सिंह, एड जगदीश सिंह, रामतीरथ परमहंस, सुशील पटेल दोषी, शमीम अहमद, राजू कुर्मी, अरुणेश यादव, एड सुघर लाल यादव, सियाराम यादव, दीपक डब्लू, यादव, संगीता राज पासवान, रेशमा सिद्दीकी, आजम खान, डा अमित पाल, अय्यूब खान, सुनील उमराव, शिव सिंह यादव, कुश वर्मा, सुनील कोरी, बासदेव पासवान, डीजी कुशवाहा, शकील अकबर, नरेश कोरी, फूल सिंह मौर्या, अश्विनी यादव, अरुण यादव, पवन द्विवेदी, राम गोपाल निषाद, अरुण यादव, तेज सिंह यादव, सत्यप्रकाश यादव, रईस अहमद, राम नरेश, कामता प्रसाद, चंद्र भान आदि मौजूद रहे।


## कार्यालयः खण्ड विकास अधिकारी नवाबगंज-बरेली

पत्रांक-231 /स्था0/ क्षेत्र पंचायत निधि/टेण्डर/2025-26 दिनांक 06.05.2025

### निविदा सूचना

एतद्द्वारा समस्त ग्रमीण अभियन्त्रण विभाग/जिला पंचायत/राजकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड नवाबगंज बरेली द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत क्षेत्र निधि के अन्तर्गत निम्नलिखित विवरण के अनुसार निर्माण कार्य कराने हेतु सीलबन्द निविदाएं दिनांक 26.05.2025 तक 2 बजे सीलबन्द बाक्स में डाली जा सकती हैं। जो उसी दिवस में उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपरान्ह 2 बजे निर्धारित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी। प्रत्येक निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्रथम-पृथक धरोहर धनराशि जमा करनी होगी। जिसकी जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्लन राशि (लाख में) | धरोहर राशि (रू.) | निविदा शुल्क | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत अधकटा में मिनी स्टेडियम की बाउंड्रीवाल की रंगाई पुताई एवं ओपन जिम आदि का निर्माण कार्य। | 9.950 | 100000 | 1500 | 4 माह |
| 2 | ग्राम परेवा कुर्मीयान में सोमपाल के घर से बारात घर के पास नाला तक नाला निर्माण कार्य। | 4.360 | 45000 | 800 | 4 माह |
| 3 | ग्राम ठिरिया सैदपुर में चैना सम्पर्क मार्ग पर लाला राम के खेत के पास तालाब के किनारे सुरछा दिवाल का निर्माण कार्य। | 9.987 | 100000 | 1500 | 4 माह |
| 4 | ग्राम पडरी में ब्रम्देव मन्दिर के पास शीतल पेयजल प्याऊ का निर्माण कार्य। | 3.400 | 35000 | 800 | 4 माह |
| 5 | ग्राम इंडिया वीरम नगला में मन्दिर के पास शीतल पेयजल प्याऊ का निर्माण कार्य। | 3.400 | 35000 | 800 | 4 माह |
| 6 | ग्राम मियापुर में श्यामाचरन के खेत के पास पुराना खड़ंजे से सुखलाल के खेत तक मिट्टी एवं खड़ंजा निर्माण कार्य। | 9.994 | 100000 | 1500 | 4 माह |
| 7 | ग्राम ग्रेम में असरफ अली से पंचायती बाग तक मिट्टी एवं (पुलिया) खड़ंजा निर्माण कार्य। | 6.747 | 68000 | 1000 | 4 माह |

1-निविदा पत्र भरकर उसके साथ धरोहर की 10 प्रतिशत राष्ट्रीय बैंक एफ०डी०आर, डी०डी० अथवा एन०एस०सी जो कि बंधक खण्ड विकास अधिकारी नवाबगंज के नाम पृथक-पृथक बन्धक करा कर देनी होगी तथा बिल से धरोहर राशि की कोई कटौती नहीं की जायेगी।
2-निविदादाता को निविदा के साथ अद्यतन हैसियत प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र एवं जी०एस०टी० पंजीकरण की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य हैं।
3-निविदादाता को निविदा के साथ100 रुपए के स्टांप पेपर पर स्वघोषणा पत्र/ शपथ पत्र संलग्न करना होगा तथा निविदा स्वीकृति के उपरान्त स्वयं के व्यय पर निर्धारित स्टांप पर अनुबन्ध गठित करना होगा। निविदादाताओं को 100 रुपए के स्टांप पर फोटोयुक्त घोषणा पत्र इन शर्तों के साथ कि वह किसी भी संस्था से ब्लैकलिस्टिड नहीं हुए हैं।
4-ठेकेदार/फर्म को निर्माण कार्य को नियत समय सीमा के अन्दर एवं लो०नि०वि० की विस्तृत विशिष्टियों/मानक के अनुरूप पूर्ण करना होगा।
5-समस्त निविदाताओं को उक्त सभी निविदाओं के सम्बन्ध में समय - समय पर जानी विभिन्न शासनादेशों/नियमों/आदेशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
6-सार्वजनिक निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले उप खनिजों पर रोयल्टी का भुगतान किये जाने विषयक भूतत्व एवं खनिज कर्म अनुभाग के शासनादेश संख्या 3885/ 66-2015-292 / 2015 दिनांक 15.10.2015 का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा।
7-उल्लेखनीय है कि कार्य धनराशि की उपलब्धता के आधार पर ही कराया जायेगा तथा शासनादेश संख्या 1639/33-3-2018-03/205 पंचायती राज अनुभाग-3 दिनांक 19.06.2015 एवं समय-समय पर जारी शासनादेश एवं परिपत्रों का पालन किया जायेगा।
8-निविदादाता को शासन के निर्देशों के अनुरूप करों (यथा जी०एस०टी०आदि) की व्यवस्था लागू रहेगी।
9-सशर्त निविदा/डाक से प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
10-निविदादाता किसी भी जनप्रतिनिधि या कार्यालय स्टाफ से पारिवारिक सम्बन्ध नहीं रखता हो।
11-निविदा से सम्बन्धित कोई भी विवाद का निस्तारण माननीय न्यायालय जनपद बरेली ही मान्य होगा।
12-निविदा के स्वीकार्य करने अथवा निरस्त करने का अधिकारी अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**नवाबगंज-बरेली**

# निर्माणाधीन कस्तूरबा आवासीय विद्यालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

## कार्य की गुणवत्ता ठीक न मिलने पर डीसी निर्माण का रोका वेतन

बहराइच , 07 मई (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड हुजूरपुर अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय पटखौली परिसर में कक्षा 9 से 12 तक कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के रू. 4.5301 करोड़ की लागत से कार्यदायी संस्था सी एण्ड डीएस द्वारा कराये जा रहे उच्चीकरण कार्य का तकनीकी टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के स्थानिक अभियन्ता अशोक पाण्डेय ने बताया कि उच्चीकरण कार्य के अन्तर्गत एकेडमिक ब्लाक में 04 क्लास रूम, 03 लैब रूम, 02 अदद टॉयलेट ब्लाक, स्टाफ रूम, गेम रूम व 25 बालिकाओं हेतु छात्रावास का कार्य कराया जा रहा है। श्री पाण्डेय ने बताया कि प्रथम किश्त के रूप में धनराशि रू. 1.81 करोड़ की धनराशि अवमुक्त हुई है। जिसका सदुपयोग कर



लगभग 43 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। डीएम ने निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण करते हुए शटरिंग कार्य एवं केसिंग पाईप की गुणवत्ता पर असंतोष व्यक्त करते हुए नाराजगी व्यक्त की। डीएम ने कार्यस्थल पर उपयोग में लाये जा रहे मसाले, सरिया, प्लास्टर इत्यादि सामग्री के नमूने संग्रहीत कराते हुए गुणवत्ता की जांच कराये जाने के निर्देश दिया। डीएम ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि विभाग अन्तर्गत जिले में संचालित निर्माण कार्यों का नियमित रूप से निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता के साथ साथ यह भी सुनिश्चित करें कि सभी कार्य समय से पूर्ण हों। कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक न पाये जाने पर डीएम ने बेसिक शिक्षा विभाग के डी.सी. निर्माण राकेश सिंह का वेतन बाधित करने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर अधि.अभि. लो.नि.वि. निर्माण खण्ड प्रथम अमर सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह, बेसिक शिक्षा विभाग के डीसी निर्माण राकेश सिंह व डीसी बालिका अनुराग शर्मा व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# जनसमस्याओं के निस्तारण में जनपद को मिला प्रदेश में प्रथम स्थान

श्रावस्ती, 07 मई, (तरुणमित्र)। शासन द्वारा आई0जी0आर0एस0 माह-अप्रैल, 2025 की रैंकिंग जारी की गयी है, जिसमें जनपद श्रावस्ती ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। गौरतलब है कि जनपद में जनशिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु प्रतिदिन 10 बजे से जनसुनवाई एवं प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण की दैनिक समीक्षा की जा रही है। आगामी 03 दिवस के लंबित संदर्भों के निस्तारण की दैनिक 05 बजे एवं असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण के गुणवत्ता का परीक्षण हेतु दैनिक सायं 09 बजे समीक्षा की जा रही है। जनपद में शासन की मंशानुरूप जनशिकायतों की निस्तारण की गुणवत्ता के परीक्षण हेतु नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं जिनके माध्यम से निस्तारण आख्या का परीक्षण करते हुए जिलाधिकारी द्वारा निस्तारण की गुणवत्ता का सतत अनुश्रवण किया जा रहा है। जनशिकायतों के निस्तारण के वास्तविक स्थिति की जानकारी हेतु कॉल सेंटर के माध्यम से शिकायतकर्ताओं से फीडबैक भी प्राप्त किया जा रहा है। शासन की मंशानुरूप जनपद में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी द्वारा जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराते हुए समस्त अधिकारीगण को आमजनमानस की समस्या के समाधान हेतु प्रयास किए जाने हेतु निरंतर अनुश्रवण एवं निर्देशित किया जा रहा है, फलस्वरूप जनपद को यह स्थान प्राप्त हुआ है। जनसमस्याओं के निस्तारण में टॉप-5 में अपनी जगह बनाते हुए पहले तृतीय स्थान व दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो जिले के सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के सहयोग से यह उपलब्धि हासिल हुई है, इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी बधाई के पात्र है। उन्होंने बताया कि इस सूची में शीर्ष पर बने रहे और जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें। इसके लिए सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को सतत रूप से मेहनत करने की जरूरत है। जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में है, इसलिए समस्त अधिकारी शिकायती प्राप्त सन्दर्भ का निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें तथा शिकायतों।

# प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने के लिए अभियंता ने किया दुधारा विद्यालय का निरीक्षण

सेमरियावा,संतकबीरनगर, 07 मई (तरूणमित्र)। ए. एच. एग्री.इंटर कालेज दुधारा के बाउंड्रीवाल के सामने ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य जिला पंचायत द्वारा कराया जाएगा। पूर्व विधायक जय चौबे व जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव के निर्देश पर सहायक अभियंता आशीष कुमार पटेल व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मुमताज अहमद ने दुधारा आकर कार्यस्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान ढक्कन सहित 60 मीटर नाला निर्माण कराने के लिए प्रोजेक्ट तैयार करने का प्रस्ताव बनाने का निर्देश दिया गया और कहा गया



कि संस्तुति मिलते ही टेंडर निकालकर कार्य शुरू करा दिया जाएगा। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मुमताज अहमद ने कहा कि हम इसी विद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं। हम जल्दी विद्यालय में बच्चों को स्वच्छ पानी पीने के लिए आरओ प्लांट लगवाएंगे इस दौरान प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी, मुहम्मद इस्तियाक, मुहम्मद शाहिद, जुबैर अहमद, मुहम्मद युनुस, सबीह अहमद, रफी अहमद, जुनैद अहमद सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## पापकार्न व मोटराईज्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीन के लिए आवेदन आमंत्रित

बहराइच , 07 मई (तरूणमित्र)। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूमिका चावला ने बताया कि परम्परागत स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2025-26 में 10-10 मोटराईज्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीन तथा पॉपकार्न मेकिंग मशीन का निःशुल्क वितरण कराया जाना है। पापकार्न बनाने वाले कारीगरों विशेषकर पिछड़ी जाति भुर्जी समुदाय के लोगों को पापकार्न मशीन तथा दोना पत्तल बनाने वाले कारीगरों एवं इस उद्योग में रूचि रखने वाले वाले व्यक्तियों रोजगार उपलब्ध कराने हेतु उ.प्र. सरकार द्वारा निःशुल्क मोटराईज्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीन तथा पॉपकार्न मेकिंग मशीन का वितरण किया जाएगा।उन्होंने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक व्यक्ति वे अपना आवेदन कार्यालय के वेबसाइट यूपीकेवीआईबी डाट जीओवी डाट इन पर पर ऑनलाइन/ऑफलाइन कर निम्न प्रपत्र 01 फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता, राशन कार्ड, पास बुक के साथ आनलाइन/ऑफलाइन आवेदन पत्र पूर्ण कर 15 मई 2025 तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में जमा कर सकते है। कृपया अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग कार्यालय बहराइच के मो.न. 9580503159 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## 10 पेटी देशी शराब के साथ 1 गिरफ्तार

अम्बेडकरनगर , 07 मई (तरूणमित्र) उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार अयोध्या व जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश कुमार सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के क्रम में कल 6 मई 2025 को सहायक आबकारी आयुक्त प्रवर्तन धर्मेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में प्रवर्तन व जनपद की संयुक्त टीम द्वारा सोनगांव से सहतूगंज जाने वाले मार्ग पर ग्राम बदलपुर के पास खड़ंजा मार्ग पर सुभाष पाण्डेय पुत्र हीरा लाल पाण्डेय निवासी इमामपुर मलेथू सहतूगंज को 10 पेटी देशी शराब के साथ पकड़ा गया। आबकारी विभाग को सूचना मिली थी कि सुभाष पाण्डेय नाम का व्यक्ति अपनी अर्टिगा कार से देसी शराब की पेटियों को सहतूगंज ले जा कर बेचता है जिस पर आबकारी



व पुलिस की संयुक्त टीम बना कर सुभाष पाण्डेय को उनकी अर्टिगा कार, जिसमे शराब का परिवहन किया जा रहा था , सहित घेराबंदी कर के पकड़ा गया तथा कोतवाली अकबरपुर में सम्बन्धित के विरुद्ध धारा 60/72 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कराया गया। इसके साथ ही देसी शराब दुकान सोनगांव के अनुज्ञापी को किसी व्यक्ति को निर्धारित मात्रा से अधिक शराब बिक्री करने हेतु नोटिस भी जारी किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### चिकित्सक नियुक्ति के लिए निर्धारित साक्षात्कार स्थगित

बहराइच , 07 मई (तरूणमित्र)। जनपद बहराइच में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों हेतु संविदा पर चिकित्सा अधिकारियों (एमबीबीएस/डेंटल सर्जन/आयुष चिकित्सक) की नियुक्ति हेतु 08 व 09 मई 2025 को निर्धारित साक्षात्कार कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि साक्षात्कार की नवीन तिथि जल्द ही निर्धारित कर सभी पात्र अभ्यर्थियों को उनके द्वारा प्रदान किए गए ई-मेल पते एवं जनपद बहराइच की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

### जनता दर्शन: एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं दिया त्वरित निस्तारण के निर्देश

श्रावस्ती, 07 मई, (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा जनता दर्शन आयोजित कर फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। जनता दर्शन में कुल 03 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 01 जमीनी विवाद, 01 मारपीट तथा 01 महिला से संबंधित प्रकरण शामिल रहा। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना सिरसिया अंतर्गत पिपरह्वा जोगा निवासी महिला की दहेज उत्पीड़न संबंधी शिकायत पर अभियोग पंजीकरण हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया।इसी प्रकार, धरमपुर निवासी एक प्रार्थी को जान से मारने की धमकी दिए जाने की शिकायत पर भी संबंधित आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

### कृतज्ञता समारोह का आयोजन 9 मई को

आजमगढ़, 07 मई (तरूणमित्र)। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह द्वारा विगत पांच वर्षों के अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग और स्नेह के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए एक कृतज्ञता समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह 9 मई शुक्रवार को प्रातः 10 बजे हरिऔध कला केन्द्र, आजमगढ़ में आयोजित होगा। प्रवीण कुमार सिंह ने कहा, रपिछले पांच वर्षों में कांग्रेस के सम्मानित कार्यकताओं, पत्रकार बंधुओं और जिले के प्रबुद्धजनों के सहयोग और स्नेह ने मुझे आप सभी का ऋणी बना दिया। यह समारोह आपके सम्मान में आयोजित किया जा रहा है।र उन्होंने सभी से इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी शोभा बढ़ाने की अपील की है। आयोजक ने इसे संघर्ष के 5 साल की संज्ञा देते हुए सभी का विश्वास ही अपनी ताकत बताते हुए कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### अधूरे निर्माण पर डीएम की सख्ती, ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश

गोंडा, 07 मई (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने गोण्डा नगर में अधूरे सौंदर्यीकरण और इंटरलॉकिंग कार्यों को लेकर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को बुधवार को कड़े निर्देश दिए हैं। 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत गुरुनानक चौक से गुड्डूमल चौराहा तक स्वीकृत कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है, जिससे आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।डीएम ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया है कि संबंधित ठेकेदार को तत्काल नोटिस जारी किया जाए और स्वीकृत कार्य को अविलंब प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि प्रयुक्त निर्माण सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप हो और समस्त कार्य मानसून से पहले पूर्ण कर लिया जाए।बता दें, जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मंगलवार की शाम नगर का भ्रमण किया था। इस दौरान जिलाधिकारी ने देखा कि गुरुनानक चौक से गुड्डूमल चौराहा तक स्वीकृत कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है । इंटरलॉकिंग हटाने के बाद सड़क पर कई जगह गड्ढे हो गए हैं, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। साथ ही जो इंटरलॉकिंग सामग्री साइट पर स्टोर की गई है, उसकी गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं पाई गई।अधिशासी अधिकारी को निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि वे ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करें और कार्य की गुणवत्ता पर सतत निगरानी रखें। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया है ।

### 10 मई को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

बाराबंकी, 07 मई (तरूणमित्र)। बुधवार को प्रतिमा श्रीवास्तव जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एवं श्री सत्यदेव गुप्ता प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय के द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई2025 के प्रचार-प्रसार हेतु भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, आर्यावर्त ग्रामीण बैंक, सेन्ट्रल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, यूको बैंक के चार पहिया वाहन की रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। प्रण विजय सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, बाराबंकी द्वारा बताया गया कि प्रचार प्रसार वाहन के द्वारा जनपद बाराबंकी के विभिन्न स्थानो पर जाकर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में लोगो को पम्पलेट्स वितरित कर जागरूक किया जायेगा। आम जनमानस को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौता के माध्यम से किस प्रकार से अपने मुकदमों निस्तारण सुलभता से किया ।

# जिला अधिकारी ने उप केन्द्र धेन्सा नानकार पर आयोजित बीएचएनडी दिवस का किया औचक निरीक्षण

सिध्दार्थनगर, 07 मई (तरूणमित्र)। निरीक्षण के दौरान सीएचओ, आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित थी। आगंबाड़ी कार्यकत्री के पास वजन मशीन नही था। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि वजन मशीन उपलब्ध कराये। कार्ड में आरसीएम नम्बर अंकित नही था। जिससे सरकारी योजनाओ का लाभ नही मिल पा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा मौके पर देखा गया। गर्भवती महिला का ट्रैकिंग रजिस्टर/सैम मैम बच्चों का रजिस्टर पूर्ण नही पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा मौके पर गर्भवती महिला गीता से वार्ता किया गया जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक बीएचएनडी दिवस में जांच कराये। ड्यू लिस्ट के अनुसार 11 बच्चे पंजीकृत थे। जिलाधिकारी द्वारा एएनएम व आंगनबाड़ी कार्यकत्री को निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओ को सलाह देना सुनिश्चित करे। आंगनबाड़ी एवं आशा को निर्देश दिया कि गांव में घर-घर जाकर टीकाकरण से एक दिन पूर्व गर्भवती महिलाओ एवं बच्चों को सूचित करें। एएनएम को निर्देश दिया कि कोई भी बच्चा तथा गर्भवती महिला जांच एवं टीकाकरण से छूटना नही चाहिए।

# जनपद में बेहतर चिकित्सा के लिए 35 एम्बुलेंस को एमएलसी, विधायक ने दिखाई हरी झंडी

अंबेडकरनगर , 07 मई (तरूणमित्र)। सदस्य विधान परिषद हरिओम पांडे, विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद व जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्ट्रेट परिसर से जन सामान्य को त्वरित एवं बेहतर चिकित्सकीय सुविधा सुगमता से उपलब्ध कराने सुनिश्चित करने हेतु 35 एम्बुलेंसों ( 108 , 102 एवं ए एल एस) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य ने बताया कि मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री की मंशानुसार जन सामान्य को सुगमता से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा किसी दुर्घटना में घायल व्यक्ति को त्वरित उपचार मुहैया कराने के दृष्टिगत




आज 35 नई एंबुलेंस को जनसामान्य की सेवा हेतु रवाना किया गया इससे स्वास्थ्य सेवाएं सुगम होगी तथा जरूरतमंदों को त्वरित रूप से एंबुलेंस सेवाएं प्राप्त होगी।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में शासन की मंशानुसार जन सामान्य को बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है जनपद में कुल 52 एम्बुलेंस संचालित है जिसमें से 35 एंबुलेंस जिनके संचालन की समयावधि पूरी हो चुकी थी, के स्थान पर 35 नई एंबुलेंसो रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार शैवाल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिम विशाल पांडेय सहित अन्य संबंधित चिकित्सक उपस्थित रहे।

### 160वें दिन धरना जारी

देवरिया, 07 मई, (तरुणमित्र)। बैतालपुर चीनी मिल चलाने हेतु चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में चलाया जा रहा धरना वें दिन जारी रहा। धरना सभा को संबोधित करते हुए नेता क्रांतिकारी किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास दूबे ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बैतालपुर चीनी मिल को चलाने के लिए देवरिया जिले में आम सभा में चार-चार बार घोषणा किया और आंदोलन के नवे वर्ष भी किसानों की मांग और मुख्यमंत्री की घोषणा दोनों पूरी नहीं हो सकी जिससे किसानों में आक्रोश है। आगे कहा कि चीनी मिल चालू होने तक धरना जारी रहेगा।

# सीएमएस ने किया संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण

सैदनपुर/बाराबंकी, 07 मई (तारूणामित्र)।संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर के सी एम एस डाक्टर ए के सिन्हा ने अधीक्षक डाक्टर इकबाल के साथ ओ पी डी, पैथालॉजी,पर्चा बनाने वाले कक्ष तथा संयुक्त चिकित्सालय परिसर का निरीक्षण कर अस्पताल में साफ सफाई के बाबत सम्बंधितों को आवाश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।बुधवार को संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में 595 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर दवायें दी गई हैं। सीएमएस डाक्टर एके सिन्हा,अधीक्षक डाक्टर इकबाल ने पैथालॉजी, ओपीडी,दवा काउन्टर दवा भन्डारण कक्ष आदि का निरीक्षण किया।सी एम एस ने पर्चा बनाने वाले कक्ष में पर्दे सही कराने साफ सफाई के लिए अस्पताल की सफाई कराने वाले कर्मचारी को आवाश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।ओ पी डी में डाक्टर कक्षों के निरीक्षण के साथ साथ पैथालॉजी लैब,दवा भन्डार एंव दवा वितरण कक्ष का सी एम एस ने निरीक्षण कर चीफ फार्मासिस्ट एंव फार्मासिस्ट को आवाश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा है कि दवायें सुव्यवस्थित ढंग से रखी जांय।वाटर कूलर, सही ढंग से प्रयोग किया जाय ताकि मरीज व तीमारदारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। वार्डों का निरीक्षण करते हुए सी एम एस ने साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने पर बल देते हुए मरीज के साथ एक तीमारदार रुकने।तथा अस्पताल की सुरक्षा में लगे गार्डों को निर्देशित किया है कि वाहन सही ढंग से पार्क करवाये जांय।और इस बात का भी ध्यान रखें कि कोई भी व्यक्ति पान पुकार अस्पताल परिसर में न थूंके।यदि कोई थूंकता पाया जाय तो शिकायत कर जुमार्ना करवाया जाये

### टॉप-10 अपराधी व हिस्ट्रीशीटर दद्दन खां गिरफ्तार

सिरसिया/श्रावस्ती, 07 मई, (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के कुशल निर्देशन मेप्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज थाना सिरसिया मय पुलिस टीम बीट निरीक्षण पर थे, कि इसी दौरान क्षेत्र में चिन्हित टॉप-10 अपराधी व हिस्ट्रीशीटर दद्दन खान उर्फ मैनुद्दीन खान पुत्र हफीज खान निवासी निराला नगर थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती अवैध मस्जिद व मदरसा के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रशासनिक अभियान को लेकर आमजन को गुमराह कर शांति व्यवस्था को प्रभावित करने हेतु उकसाता हुआ पाया गया। शांति व्यवस्था के दृष्टिगत उक्त अभियुक्त अंतर्गत गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए ।

## जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 13 मई को

बहराइच , 07 मई (तरूणमित्र)। सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 13 मई 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यो पर चर्चा की जायेगी। सदस्य सचिव ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## एसएसबी ने 900 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

भिनगा/श्रावस्ती, 07 मई, (तरुणमित्र)। 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), भिनगा की 'ई' समवाय ककरदरी के जवानो ने नेपाल से भारत मे 900 ग्राम चरस की तस्करी कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गुप्त सूचना के आधार पर समवाय प्रभारी के. एच. नाबाचंद्र सिंह (सहायक कमांडेंट) के नेतृत्व में 04 जवानों की टीम एवं थाना मल्हीपुर से उप निरीक्षक सतीश चंद्र मिश्रा के साथ 02 पुलिस कर्मियों की टीम द्वारा जगपति मंदिर के पास ककरदरी मार्ग पर स्तम्भ संख्या 640 से लगभग 4 किलोमीटर की दूरी पर रात्रि नाका लगाया गया। नाका के दौरान नेपाल से भारत की ओर आने वाले एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 900 ग्राम चरस बरामद की गई, पूछने पर व्यक्ति ने अपना नाम अरविंद सिंह पुत्र उत्तम सिंह ग्राम मनकवरा परसौना थाना मल्हीपुर जिला श्रावस्ती (उ.प्र.) बताया, मौके पर ही उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर चरस को जब्त कर लिया गया। कागजी कार्यवाही पूर्ण करने के बाद जब्त चरस एवं गिरफ्तार व्यक्ति को अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना मल्हीपुर को सुपुर्द कर दिया गया, 62वीं वाहिनी एसएसबी के जवान भारत-नेपाल सीमा पर नशीले पदार्थों

# डीएम व एसपी ने इंडो-नेपाल सुइया बार्डर का किया निरीक्षण

## जिलाधिकारी ने सीमा सुरक्षा संबंधी गतिविधियों को बढ़ाने का दिया निर्देश

श्रावस्ती, 07 मई, (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने इंडो नेपाल सुइया बार्डर पहुँचकर क्षेत्रों के सीमावर्ती गाँवों के आसपास जाकर निरीक्षण कर सुरक्षा का जायजा लिया तथा निरन्तर निगरानी रखने हेतु सुरक्षा बलों को निर्देश दिया। उन्होने सीमा स्तम्भों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तुरसमा, असहरनिया भ्रमण कर जायजा भी लिया।जिलाधिकारी ने सीमा पर आवागमन की निगरानी, अवैध तस्करी और आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल खुली सीमा होने के कारण सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके लिए पूर्ण सतर्कता रखी



जाए।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आप के आस पास क्षेत्र में कोई संदिग्ध व्यक्ति की सूचना मिलती है तो तत्काल पुलिस को अवगत कराये। उन्होंने ये भी कहा सभी लोग आपस मे सोहार्दपूर्ण रहकर अपना सहयोग प्रदान करे। इस अवसर पर 62वीं वाहिनी एसएसबी टीम सहित अन्य संम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

### जिले में 2 अवैध मदरसों पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

श्रावस्ती, 07 मई, (तरुणमित्र)।जिले में अवैध एवं बिना मान्यता के संचालित मदरसों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज तहसील भिनगा के अन्तर्गत ग्राम केशवापुर जोगिन भरिया में शासकीय भूमि पर स्थित मदरसा दारूल उलूम सुन्नते गुलशने रजा पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही हुई। वहीं तहसील जमुनहा के अंतर्गत ग्राम रामपुर बस्ती में शासकीय भूमि पर स्थित अवैध मदरसा गाजिया अनवारे रजा पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही हुई। इसके अतिरिक्त निजी भूमि पर अमान्यता प्राप्त कुल 02 अवैध मदरसों पर चिह्नांकन व सीलिंग की कार्यवाही हुई।

# डीएम ने चौपाल लगाकर जनता की सुनीं समस्याएं

- रास्तों में अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

बाराबंकी, 07 मई (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जनता से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए नगर पालिका परिषद के सत्यप्रेमी नगर वार्ड में बुधवार को चौपाल लगाकर जनता की समस्याओं को सुना। सत्यप्रेमी नगर वार्ड के भुइहारे बाबा मंदिर के परिसर में आयोजित चौपाल कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने उपजिलाधिकारी नवाबगंज श्री आनन्द कुमार तिवारी, नगर पालिका नवाबगंज ईओ श्री संजय शुक्ला और अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ जनता की समस्याओं को सुना और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। चौपाल में सबसे अधिक शिकायतें साफ-सफाई और जल निकासी को लेकर आईं। डीएम ने नगर पालिका के अधिकारियों को सभी वार्डों और मोहल्लों में तत्काल सफाई अभियान चलाने और जलनिकासी की समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए। सत्यप्रेमी वार्ड निवासी राजकिशोर ने बताया कि उनके मोहल्ले में बन्दरों का बड़ा आतंक है जिस पर जिलाधिकारी ने बंदरों को पकड़ने हेतु ईओ नगर पालिका को अभियान चलाने के निर्देश दिए। नरेंद्र श्रीकृष्ण ने बताया कि राम सेवक पार्क के पास शाम को अराजक तत्व दारू पीकर घूमते रहते है जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। संगीता सिंह और गणेश प्रसाद ने सड़क पर घूमने वाले आवारा पशुओं की समस्या से अवगत कराया जिस पर जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका को निर्देश दिया कि अभियान चलाकर आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजा जाए। अनिल तिवारी ने बिजली के लटकते तारों की समस्या बताई। उषा शर्मा और ज्योति प्रकाश शुक्ला ने जलभराव की समस्या से जिलाधिकारी को अवगत कराया जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए सभी समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नियमित डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने दुधेश्वर नाथ मंदिर और भुइहारे बाबा मंदिर के परिसर का निरीक्षण किया और सम्बंधित अधिकारियों को साफ-सफाई के निर्देश दिए। जनता की अपील पर राम सेवक यादव पार्क में हाईमास्ट लाइट लगवाने अधिकारियों को निर्देश दिए।

# एडीएम व एएसपी के मार्ग दर्शन में बचाव का मॉक ड्रिल किया अभ्यास

**संतकबीरनगर, 07 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश एवं अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जनपद के हीरालाल इण्टर कॉलेज के प्रांगण में युद्ध अथवा किसी भी आपातकालीन/संकट की स्थिति/ब्लैक आउट के दौरान/से निपटने के लिए आपदा विशेषज्ञों सहित मेडिकल टीम, फायर ब्रिगेड एवं अन्य सम्बंधित संसाधनों के साथ लाइव मॉक ड्रिल/बचाव का अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस अधिकारी/आपदा विशेषज्ञ द्वारा उपस्थित छात्र/छात्राओं, एन0सी0सी0 कैडेड एवं आम नागरिकों को युद्ध जैसे भयावह स्थिति/संकट के समय क्या करे या क्या न करें के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। बताया गया कि युद्ध की स्थिति से पहले क्या करें और क्या ना करें की सपष्ट गाइडलाइन्स जानना बहुत जरूरी होता है ताकि आप और आपके परिजन सुरक्षित रह सकें।



युद्ध अथवा संकट की घड़ी में क्या करें से सम्बंधित जानकारी देते हुए बताया गया कि जरूरी दस्तावेज (आधार, पहचान पत्र, जमीन कागज, बैंक डिटेल) को एक बैग में रखें। घर में प्राथमिक चिकित्सा किट, सूखा राशन, पानी, टॉर्च, बैटरियाँ और नकद पैसे रखें। मोबाइल फोन और पावर बैंक चार्ज रखें। रेडियो या सरकारी समाचार स्रोत से स्थिति की जानकारी लेते रहें। नजदीकी शरण स्थल या बंकर की जानकारी पहले से रखें। बच्चों, बुजुर्गों और विकलांगों के लिए विशेष योजना बनाएं। सभी को एक आपातकालीन योजना के बारे में बताएं। अगर संभव हो तो सुरक्षित क्षेत्र की ओर प्रस्थान करें। घर में मजबूत दीवारों के पास या नीचे शरण लें। यदि निकासी का आदेश हो तो तुरंत पालन करें जानकारी दिये जाने के दौरान यह भी बताया गया कि युद्ध अथवा संकट काल की घड़ी में हम क्या ना करें जैसे अफवाहों पर विश्वास न करें, सोशल मीडिया या अनजान स्रोतों से मिली खबरों को सत्य माने बिना न फैलाएं। बिना योजना के बाहर न निकलें, बाहर निकलना खतरनाक हो सकता है। केवल जरूरत पड़ने पर और सुरक्षा सुनिश्चित करके ही जाएं। ध्यान भटकाने वाले काम न करें, युद्ध की स्थिति में अनुशासन बहुत जरूरी है। लापरवाही जानलेवा हो सकती है। हथियार या संदिग्ध वस्तु छूने से बचें, किसी भी विस्फोटक या संदिग्ध. वस्तु को न छुए, तुरंत प्रशासन को सूचित करें। भीड़भाड़ वाले इलाकों से बचें, खुले बाजार या स्टेशन जैसे क्षेत्रों में रहने से खतरे की सम्भावना बढ़ जाती है अतः ऐसे स्थिति में अनावश्यक घर से बाहर न निकलें इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खलीलाबाद शैलेश कुमार दूबे, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर अजीत चौहान, आपदा विशेषज्ञ, आपदा मित्र, एन0सी0सी0 कैडेड, छात्र/छात्राएं, सहित सम्बंधित अधिकारी एवं शिक्षकगण आदि उपस्थित रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र बंजरिया में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**बस्ती, 07 मई (तरूणमित्र)।** कृषि विज्ञान केंद्र, बंजरिया में धान की सीधी बीजाई (डीएसआर) क्लस्टर निर्माण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें अटारी कानपुर, उपकार, इरी, यूपी सीड, जैन इरीगेशन, किसान क्राफ्ट, बायर, वराह एवं ग्रो इंडीको जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र प्रभारी डॉ. पी. के. मिश्रा ने किया। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में डीएसआर तकनीक को जल संरक्षण, श्रम लागत में कमी और पर्यावरणीय अनुकूलता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर इसका व्यावसायिक रूप से प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित विश्व बैंक की टेक्निकल लीड डॉ. अंजलि पारसनिस ने डीएसआर क्लस्टर की



उपयोगिता एवं दीर्घकालिक लाभों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह तकनीक वर्तमान कृषि संकटों का व्यवहारिक समाधान प्रस्तुत करती है।डॉ. बी. बी. सिंह (वैज्ञानिक जीपीबी) ने बीज चयन एवं उन्नत किस्मों की भूमिका पर जानकारी दी। डॉ. प्रेम शंकर (पादप सुरक्षा वैज्ञानिक) ने डीएसआर पद्धति में बीज शोधन के साथ रोग-कीट प्रबंधन की रणनीतियों पर प्रकाश डाला। आर. वी. सिंह (कृषि प्रसार वैज्ञानिक) ने डीएसआर तकनीक को किसानों तक पहुँचाने के लिए विस्तार एवं प्रचार-प्रसार की योजनाओं पर चर्चा की। हरिओम मिश्रा (एग्रोनॉमी विशेषज्ञ) ने डीएसआर की खेत तैयारी, सिंचाई प्रबंधन एवं पोषण प्रबंधन संबंधी तकनीकी बिंदुओं की जानकारी दी। डॉ. अंजलि वर्मा (गृह विज्ञान विशेषज्ञ) ने धान उत्पादन से संबंधित मूल्यवर्धन, धान आधारित उत्पादों की तैयारी एवं महिला किसानों की भूमिका पर विचार साझा किए।

# गौ-आश्रय स्थलों के लिए भूसा जुटाने को बनाएँ समन्वय-कमिश्नर

**गोण्डा, 07 मई (तरूणमित्र)।** देवीपाटन मंडल के कमिश्नर शशि भूषण लाल सुशील ने मंडल के चारों जनपदों गोंडा, बहराइच, बलरामपुर एवं श्रावस्ती के जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गौ-आश्रय स्थलों की आवश्यकता की पूर्ति हेतु किसानों से अधिकतम भूसा दान में प्राप्त कर उसका सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार यह कार्य समयबद्ध ढंग से और प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। कमिश्नर ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि वर्तमान समय में गेहूं की मड़ाई का कार्य प्रायः पूरा हो चुका है और किसान अपने खेतों से भूसा निकाल चुके हैं। यह समय भूसा संग्रहण के लिए अत्यंत उपयुक्त है। ऐसे में जिला प्रशासन को चाहिए कि वह स्थानीय किसानों, समाजसेवियों व संगठनों से समन्वय स्थापित कर अधिकाधिक भूसा दान में प्राप्त करें।कमिश्नर ने बलरामपुर जिले के भूसा संग्रहण प्रयासों की विशेष रूप से सराहना की है। उन्होंने बताया कि बलरामपुर में अब तक 834.00 कुंतल भूसा विभिन्न दानकर्ताओं से प्राप्त किया गया है, जो एक अनुकरणीय प्रयास है। इसी प्रकार गोंडा जनपद में भी जिलाधिकारी के प्रयासों से बड़ी मात्रा में भूसा प्राप्त हुआ है और यह कार्य लगातार जारी है। कमिश्नर ने निर्देश दिया है कि सभी जिलाधिकारी इस कार्य को गंभीरता से लें और शासन की मंशा के अनुरूप समर्पित भावना से भूसा संग्रहण की प्रक्रिया पूरी करें। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक जिले से भूसा संग्रहण की अद्यतन सूचना शीघ्र अधोहस्ताक्षरी को भेजी जाए।

इस निर्देश का उद्देश्य गौ-आश्रय स्थलों में गोवंश के लिए चारे की पर्याप्त व्यवस्था करना है, जिससे ग्रीष्मकाल में चारे की कमी से किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। मंडलायुक्त ने कहा है कि इस अभियान में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

# जाति जनगणना के निर्णय को भाजपाईयों ने सराहा,एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जताई खुशी

**तमकुहीराज/कुशीनगर, 07 मई (तरूणमित्र)।** भारत सरकार द्वारा जाति जनगणना कराए जाने के निर्णय को भाजपाईयों ने सराहनीय बताया और सरकार के इस निर्णय पर एक दुसरे को मिठाई खिला कर शुभकामनाएं दी।सनद रहे की मंगलवार के दिन वरिष्ठ भाजपा नेता,पूर्व विधायक प्रत्याशी संजय गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने सरकार द्वारा लिए गए जाति जनगणना के निर्णय को सही और सरकार की दूरगामी सोच बताया,सरकार के इस निर्णय पर एक दुसरे को मिठाई खिलाकर प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। भाजपा नेता संजय गुप्ता उपस्थित युवाओं व अपने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा भारत सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय से देश में रहें हर वर्ग की वास्तविक स्थिति पता चलेगी। आगे श्री गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री के इस निर्णय से ओबीसी वर्ग को फायदा होगी एक सवाल के जबाब में भाजपा नेता ने कहा की विपक्ष आज तक सरकार पर आनाप सनाप आरोप लगाता रहा है, बावजूद




देश की जानता सब जान रही हैं।वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष डाक्टर मुन्ना गुप्ता ने कहा की भाजपा सरकार ने जाति जनगणना कराने के निर्णय को लेकर भारतीय राजनीति में इतिहास रच दिया,सरकार के इस निर्णय पर सम्पूर्ण ओबीसी समाज में खुशी की लहर हैं।इस दौरान अवधेश पटेल,भीम गुप्ता, शोहन चौहान,संजय गुप्ता, सूर्यदेव कुशवाहा, चंद्रशेखर साहनी,कमलेश यादव, पवन कुशवाहा,अनुजप्रताप कुशवाहा, मुशर्रफ आलम, राजन गोड़,हरेंद्र गुप्ता आदि लोग मौजूद रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### आपरेशन सिन्दूर से खुशी की लहर विश्व हिन्दू महासंघ ने बाटी मिठाई

**बस्ती , 07 मई (तरूणमित्र)।** भारतीय सेना द्वारा आपरेशन सिन्दूर के द्वारा पाकिस्तान के आतंकी अ्डड्ो को तबाह कर दिये जाने से खुशी की लहर है। बुधवार को पाकिस्तान पर किये गये आपरेशन सिन्दूर को लेकर विश्व हिंदू महासंघ ने जिला अस्पताल चौराहे पर जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दिया। अखिलेश सिंह ने कहा कि देश ने पहलगाम में हुये आतंकी हमले का बदला ले लिया है। यदि आरेशन सिन्दूर के बाद पाकिस्तान ने कोई हरकत किया तो उसे इससे बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देने का जो वादा किया था उसे पूरा कर दिया।कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य देवेन्द्र प्रतापसिंह ने कहा कि भारत ने आतंकवाद को कड़ी चुनौती देकर पाकिस्तान को सबक सिखा दिया है।एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियों को साझा करने वालों में मुख्य रूप से दिग्विजय सिंह, मनोज सिंह, सौरभ तिवारी, किशु गुप्ता, अमर सिंह, राजेश सिंह, हरीश सिंह, अमित सिंह, राकेश सिंह, विपिन सिंह, अर्पण श्रीवास्तव, उपेन्द्र सिंह, जय सिंह, जमुना प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

### सरकार स्वरोजगार के माध्यम आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऋण मुक्त पांच लाख रुपये देगी

**उतरौला/बलरामपुर 07 मई (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत मंगलवार को विकास खंड के सभागार में आयोजित शिविर में 20युवाओं ने आवेदन किया गया।शिविर में मौजूद मुकेश मिश्र व आलोकित श्रीवास्तव ने युवाओं का मार्गदर्शन कर आन लाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी कराई है। सहायक प्रबंधक उद्योग अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि 21से40 वर्ष के युवक युवतियों को स्वरोजगार के लिए पांच लाख रुपए का ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जा रहा है।वे स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनाने के साथ साथ अन्य लोगों को रोजगार मुहैया कराएगी।युवा उद्यमी योजना में उत्पाद (मैन्यूफैक्करिंग) में राइस मिल बेकरी उद्योग आदि व सेवा क्षेत्र में टेंट हाउस,मैरेज लॉन,ऑटो सर्विस सेंटर,ब्यूटी पार्लर व सैलून आदि के पांच लाख रुपए तक का ऋण दिया जाएगा।

### अवैध कब्जा हटवाने की मांग: बजरंग दल ने सौपा ज्ञापन

**बस्ती , 07 मई (तरूणमित्र)।** बुधवार को बजरंग दल के जिला संयोजक मन मोहन त्रिपाठी, जिला गौरक्षा प्रमुख स्नेह पाण्डेय के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी सदर को सम्बोधित ज्ञापन देकर एडीएम को सौंपा। मांग किया कि वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के गढवल गांव में सार्वजनिक पूजा की भूमि काली स्थान से अवैध कब्जा और अतिक्रमण खाली कराया जाय।ज्ञापन में कहा गया है कि वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के गढवल गांव में सार्वजनिक पूजा की भूमि काली स्थान गाटा संख्या 45 च पर गांव के कुछ भू- माफियाओं ने जबरिया कब्जा कर लिया है। इससे लोगों को असुविधा हो रही है। बजरंग दल पदाधिकारियों ने मांग किया कि अवैध कब्जे को हटवाया जाय।ज्ञापन देने वालों में धर्मेन्द्र कन्नौजिया, राहुल कुमार, अनिल प्रजापति, राजन मिश्रा, दुर्गा प्रसाद, नितेश कुमार, रामऔतार, मंगेश शर्मा, पवन पाण्डेय, कृष्ण औतार, कृष्ण कुमार शर्मा, आदि शामिल रहे।

### तेज रफ्तार कार व बाइक भिड़ंत में बाइक सवार दो गंभीर घायल

**मेहनवन (गोंडा) , 07 मई (तरूणमित्र)।** मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को बीती रात धानेपुर थाना क्षेत्र के आनंदनगर चौराहे के पास दो बजे रामनगर बाजार की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने दुबिहाघाट के तरफ से आ रही बाइक सवार को टक्कर मार दी।बाइक पर सवार मिश्रनपुरवा दुल्हापुर बनकट के रहने वाले संजय और राहुल पुत्रगण नन्के को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों दूर जा गिरे। राहुल को गंभीर चोटें आईं।हादसे में कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक दुकान में जा घुसी। दुकान में लेटे हुए डेबरीकला निवासी छेदीलाल पुत्र राजाराम को भी गंभीर चोटें आईं। कार श्रीराम यादव की चाय की दुकान में भी घुस गई।दुर्घटना में दुकान का स्टील का काउंटर टूट गया और सारा सामान बिखर गया।

### अवैध अतिक्रमण हटाने की प्रशासनिक कार्यवाही संपन्न

**तरबगंज गोंडा , 07 मई (तरूणमित्र)।** उप जिलाधिकारी तरबगंज श्री राजीव मोहन सक्सेना के निर्देशन में तहसील तरबगंज के ग्राम बरौली, परगना ग्वारिच, थाना उमरीबेगमगंज स्थित गाटा संख्या 1676, रकबा 0.809 हेक्टेयर शासकीय भूमि, जो अभिलेखों में ₹स्कूल फार्मर₹ के रूप में दर्ज है, से अवैध अतिक्रमण को नियमानुसार हटाने की कार्यवाही सफलतापूर्वक संपन्न की गई।पूर्व में की गई पैमाइश के दौरान उक्त भूमि पर अवैध अतिक्रमण की पुष्टि हुई थी, जिस पर उप जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था।

# आलोक व शिखर भारत गौरव सनातन सम्मान से हुए सम्मानित

**गोरखपुर , 07 मई (तरूणमित्र)।** लखनऊ में आयोजित विश्व हिन्दू रक्षा परिषद द्वारा सनातन संस्कृति के संरक्षण,संवर्धन एवं जीवंत रखने के पुनीत उद्देश्य से आयोजित ₹भारत गौरव सनातन सम्मान समारोह₹ में समाजसेवी आलोक गुप्ता व विश्व हिंदू रक्षा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष शिखर गुप्ता सम्मानित हुए।इस अवसर पर विश्व हिदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय द्वारा मानव शिक्षा सेवा संस्था के प्रबंधक आलोक गुप्ता को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वहीं विश्व हिंदू रक्षा परिषद उत्तर प्रदेश अध्यक्ष शिखर गुप्ता को अयोध्या हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय महासचिव, पैराग्वे साउथ अमेरिका इंद्रेश सिंह , राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्राजील देश संजीव



शर्मा, पूर्व सांसद एवं सदस्य विधानसभा, नेपाल केदारनंदन चौधरी , वाराणसी के पूज्य स्वामी सतुआ बाबा महाराज , पूर्व सांसद संत, अयोध्या डॉ० राम विकास वेदांती , हनुमान गढ़ी अयोध्या के महंत राजू दास , अंतर्राष्ट्रीय धमार्चार्य जगद्गुरु आचार्य देवमुरारी बापू , राष्ट्रीय अध्यक्ष न्यूयार्क अमेरिका राकेश पल चोपड़ा , राष्ट्रीय अध्यक्ष मलेशिया पवन कुमार , न्यायाधीश, अध्यक्ष राज्य उपभोक्ता आयोग उत्तर प्रदेश सुशील कुमार त्यागी, राष्ट्रीय महामंत्री राहुल सिंह एवं विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आतंकियों पर हमला ,उत्साह व उमंग से दौड़ी खुशी की लहर

**कुशीनगर , 07 मई (तरूणमित्र)।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 9 आतंकी ठिकानों पर देर रात ड्रोन और मिसाइल हमला कर 100 से अधिक आतंकवादियों को मौत की नींद सुला देने की खबर मिलते ही पूरे देश मे उत्साह और उमंग की लहर दौड़ पड़ी। इसी क्रम में आज नगरपालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने समर्थकों और युवा साथियों के साथ पटाखों और आतिशबाजियों के बीच पूरे नगर में भारत माता के जयकारों के साथ रैली निकाली। सैंकड़ों की संख्या में आये उत्साही युवकों के नारों और आतिशबाजियों के बीच नगर का हर क्षेत्र भारतीय सेना की जयजयकार के नारों से गूँज उठा। पालिकाध्यक्ष श्री जायसवाल के साहबगंज स्थित निज निवास से धर्मशाला रोड होते हुए तिलक चौक, कोतवाली रोड, कसेरा टोली चौक, जलकल भवन, सुभाष चौक, रामकोला रोड, बावली चौक, साहबगंज होते हुए यात्रा का समापन हुआ। मीडिया द्वारा



बातचीत के क्रम में नपाध्यक्ष श्री जायसवाल ने बताया कि कल देर रात हुई कार्यवाही से भारतीय सेना ने पूरे विश्व को दिखा दिया है कि हमारी तरफ आंख उठाने वाले को हम मिट्टी में मिलाने का सामर्थ्य रखते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल सहित तीनों सेनाओं के सेनानायकों और वीर भारतीय सैनिकों को इस बड़ी कार्यवाही का सूत्रधार बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारा भारत देश आज सुरक्षित हाथों में है। बीते दिनों इस्लामिक आतंकवादियों द्वारा हिन्दू पर्यटकों को धार्मिक आधार पर चुनचुन कर हत्या करने के बदले की कार्यवाही में 9 ठिकानों पर हमला व 100 से अधिक जिहादियों को मिट्टी में मिलाने को संतोषजनक बताने के साथ ही उन्होंने कहा कि अभी ये शुरूआत मात्र है। आने वाले दिनों में इस तरह की और बड़ी कार्यवाही होनी है और चुन चुन कर सभी आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने की रणनीति पर सरकार काम कर रही है। इस दौरान उनके साथ कुंदन सिंह, आकाश वर्मा, मंथन सिंह, दिव्यांश शर्मा, हरिमोहन जायसवाल,गौरव रौनियार, कुलदीप जायसवाल, मानस मिश्र, रामु पाण्डेय, रितेश जायसवाल,संजय साहा, भोलू यादव,विनय गौड़,अमन मोदनवाल,संतोष यादव,दीनदयाल मद्धेशिया, अजय जायसवाल, रवि शर्मा, भोला साहा, सन्नी सिंह,आशीष गुप्ता,अरुण सिंह, विनय मद्धेशिया,अनूप गौड़,अजय शर्मा, अभय मारोदिया,जय वर्मा, अंशु जायसवाल,दिनेश यादव, पिंटू साह, समीर चौधरी,हरिन्द साह,बबलू शर्मा, छोटू साह, अमर शर्मा, मनीष सिंह, सुगंध सिंह, केदार गुप्ता, मुरारी पटेल,संजय सिंघल,सहित सैकड़ों की संख्या में समर्थक व आमजन उपस्थित रहे।

# गुरवलिया व्यापार मंडल ने सौंपा तमकुहीराज एसडीएम को ज्ञापन

**राजापाकड़/कुशीनगर , 07 मई (तरूणमित्र)।** बुधवार के दिन गुरवलिया व्यपार मंडल के अध्यक्ष विनोद यादव के नेतृत्व में गुरवलिया के व्यपारियो ने बाजार में प्रवाहित हो रही जर्जर तार पोल से बिजली व उससे हो रही घटनाओं के सम्बंध मे मुख्यमंत्री, ऊजार्मंत्री,व जिलाधिकारी को सम्बोधित एक ज्ञापन तमकुहीराज एसडीएम को सौंपा।सनद हो की गुरवलिया बाजार में वर्षों पूर्व लगे तार व पोल से आये दिन घटनाएं होती रहती है।जिसके सम्बंध में गुरवलिया व्यपार मंडल समय समय पर विभाग को अवगत करता रहता है उसके बावजूद भी विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं किया जाता हैं।बताते चलें की मंगलवार के दिन भी



गुरवलिया बाजार में एक व्यक्ति के घर पे मांगलिक कार्यक्रम के दौरान ग्यारह हजार हाईटेंशन तार गिर गया जिसके चपेट में मांगलिक कार्य को सम्पादित कराने गए पुरोहित की मौत हो गई, जिसके बाद मौजूदा ग्रामीणों ने जमकर बवाल काटा था।व्यपार मंडल का कहना है विभाग समय रहते सजग हो गया होता तो ऐसी घटना नहीं घटती, तो वही इस घटना से स्थानीय लोगों में रोश व्याप्त है। तमकुहीराज उपजिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में गुरवलिया के व्यपारियो ने मांग किया है की बाजार में प्रवाहित हो रही जर्जर तार पोल से बिजली को अबिलम्ब बदला जाय,हाईटेंशन तार वायर की व्यवस्था सुनिश्चित हो, मृतक के आश्रितों को दस लाख की मुवावजा दिया जाय,पूर्व में इससे शिकार हुए व्यक्तियो को मुवावजा दिया जाय, गुरवलिया बाजार में अग्निशमन विभाग का आफिस बनाया जाय, कमजोर तार लगाने वाले के खिलाफ कारर्वाई हो,घायल व्यक्तियों को भी आर्थिक मुवावजा दिया जाय। इस दौरान जिलापंचायत सदस्य राजन शुक्ला,कांग्रेसी नेता धर्मेंद्र सिंह,व्यपार मंडल अध्यक्ष अमरनाथ जायसवाल,चंदन शिवशंकर मद्धेशिया आदि के साथ तमाम व्यपारी मौजूद रहे।

## सपा की मासिक बैठक संपन्न

**देवरिया, 07 मई (तरूणमित्र)।** सपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष व्यास यादव की अध्यक्षता व जिला महासचिव मंजुर हसन के संचालन मे मासिक बैठक आहुत हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने, पार्टी स्तर पर जातीय जनगणना कराने पर विचार किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा की मजबूत संगठन ही सत्ता तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त करता है। मजबूत संगठन के अभाव में न तो हम अपने समाज का भला कर पाएंगे न सत्ता मे अपनी हिस्सेदारी कर पाएंगे। अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए जनपद मे संगठन को मजबूत बनाने मे हम सबकी सक्रिय सहभागिता नितांत आवश्यक है। श्री यादव ने कहा कि अखिलेश यादव जी के संघर्षों की वजह से ही आज भारतीय जनता पार्टी घुटने टेक कर जातीय जनगणना कराने को मजबुर हुई है। संगठन स्तर पर हम जातीय जनगणना के आंकडे जुटाएंगे साथ कोई धोखेबाजीं न कर सके ।

# एक देश, एक चुनाव के लिये संगोष्ठी में विमर्श

**बस्ती , 07 मई (तरूणमित्र)।** बुधवार को चन्द्रगुप्त मौर्य प्रभावंश महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बनकटी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम मिशन ह्यवन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र, वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम के जिला संयोजक पवन कसौधन, मुख्य वक्ता तथा महादेवा विधानसभा के निवर्तमान विधायक रवि सोनकर व वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश प्रसाद शुक्ल द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस दौरान उपस्थित महाविद्यालय की छात्राओं एवं क्षेत्रीय लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन कसौधन ने कहा कि साल 1952 से लेकर 1967 तक संपूर्ण भारतवर्ष में लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव एक साथ आयोजित हुआ करते थे, लेकिन क्षेत्रीय पार्टियों की आपसी कटुता की वजह से 1967 के बाद लोकसभा एवं विधानसभा में त्रिशंकु गठबंधन होने की वजह से भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त पंचवर्षीय चुनाव प्रक्रिया में व्यवधान आने लगा और मध्यावधि चुनाव होने के साथ-साथ पूरे देश में हर साल चुनाव होने लगा, जिससे सरकार के राजस्व की हानि होने लगी और विकास कार्य बाधित होने लगा।महादेव के निवर्तमान विधायक एवं मुख्य वक्ता रवि सोनकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि वर्ष 2047 तक हमारा देश पूरी दुनिया में विकसित राष्ट्र के रूप में जाना जाए और इसके लिए पूरे देश में वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम का आयोजन होना जरूरी है,जिससे जनता सहित सरकार को बार-बार चुनाव में नहीं जाना पड़ेगा और राष्ट्र का संपूर्ण विकास होगा।

# ऑपरेशन सिंदूर के दृष्टिगत आपातकालीन स्थिति से निपटने को कराया सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल

**बस्ती , 07 मई (तरूणमित्र)।** ऑपरेशन सिंदूर के दृष्टिगत जिलाधिकारी बस्ती रविश गुप्ता व पुलिस अधीक्षक बस्ती अभिनन्दन की अध्यक्षता में आपातकालीन स्थिति जैसे युद्ध, आतंकी हमला या अन्य गंभीर संकट/ आपात स्थिति से निपटने हेतु किए जाने वाले सुरक्षात्मक उपायों/ बरती जाने वाली सावधानियों आदि के संबंध में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बस्ती प्रांगण में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन कर निम्नांकित बातों के संबंध में जागरुक किया गया`जैसे सायरन बजने पर नागरिको को सुरक्षित स्थान पर पहुँचने हेतु बताया गया,बम फटने के पश्चात चपेट में आये नागरिकों को प्रशासन व मेडिकल टीम द्वारा तत्काल सहायता उपलब्ध करायी जाएगी,फायर सर्विस टीम बस्ती द्वारा आग लगने पर जान-माल आदि के बचाव के संबंध में जानकारी देते हुए आग को बुझा कर सुरक्षित रहने व आस-पास के लोगों को सुरक्षा/ सहयोग प्रदान करने के संबंध में



जागरुक किया गया,आपातकालीन स्थिति के समय सायरन बजने पर घर, दूकान, वाहन, मोबाइल का फ्लैश लाइट आदि के लाइटो व बिजली उपकरणों को तुरंत बंद कर देना है,घर व दूकान आदि की खिड़कियों व दरवाजों को तत्काल बंद कर अपने गाडियों के हेडलाइट व इंडिकेटर आदि को बंद रखना है,घर के समस्त सदस्यों यथा विशेष कर बुजुर्गों, बच्चों व दिव्यांगजनों को किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दें एवं यदि कोई घर से बाहर या यात्रा कर रहे हैं तो निकटम किसी सुरक्षित स्थान पर जाकर स्थिर हो जाना है,मूलभूत जरुरत की दवाइयों, खाद्य सामाग्री, टॉर्च आदि समान पहले से तैयार कर के रख लेना है,शासन-प्रशासन द्वारा समय-समय पर दिए जा रहे निदेर्शों को रेडियो, टी0वी0, मोबाइल या अन्य माध्यमों से सुनते रहें ।

## सेना ने ढेर किया पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने, पटाखे फोड़कर बढ़ाया मनोबल

**बस्ती , 07 मई (तरूणमित्र)।** आतंकवाद के विरूद्ध थल सेना, वायुसेना और नौसेना ने एकजुट होकर पाकिस्तान और पीओके में मौजूद 9 आतंकवादी ठिकानों को एक ही रात में निशाना बनाये जाने पर देशवासियों में खुशी की लहर है। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा के संयोजन में कटेश्वर पार्क के निकट पटाखे फोडकर खुशियों को साझा किया गया।भाजपा नेता अंकुर वर्मा ने कहा कि पहलगाम में आतंकवदियों द्वारा धर्म पूंछकर 26 पर्यटकों की क्रूरतम हत्या के बाद देश गुस्से में था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को भरोसा दिलाया था कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे। 90 से अधिक आतंवादियों को ढेर कर सैनिकों ने पहलगाम का बदला ले लिया।

## कांग्रेस नेता के चाचा एवं भाई के निधन पर जताया शोक

**देवरिया, 07 मई (तरूणमित्र)।** कांग्रेस के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी के बड़े भाई का गंगाराम अस्पताल में निधन हो गया,एवं निर्वतमान महासचिव निलेश त्रिपाठी के चाचा बेसिक शिक्षा विभाग गौरी बाजार में अध्यापक से सेवा निवृत्त थे 75 वर्ष आयु में मंगलवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर जिला कांग्रेस कार्यालय टाउन हॉल पर शोक सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस के पूर्वी जोन के अध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल, पूर्व जिलाध्यक्ष बिस्मिल्ला लारी, राधवेंद्र सिंह धर्मेंद्र सिंह, रामजी गिरी, जयदीप त्रिपाठी, संजीव कुमार मिश्रा, धर्मेंद्र पाण्डेय, भरत मणि त्रिपाठी, शिव शंकर सिंह, आनन्द देव गिरी चुन्नू, आनन्द श्रीवास्तव सोनू,राजकुमार जायसवाल, चंदू वर्मा,समीर पाण्डेय,जवाहरलाल बरनवाल, नागेंद्र शुक्ला, सुभाष राय,सुनील कुमार तिवारी, महेंद्र अंबेडकर, विजय शंकर मिश्र,रत्नेश मल्ल पिंटू,जुलेखा खातून,रीता त्रिपाठी,कमलेश मिश्रा, गिरीराज तिवारी आदि मौजूद रहे।

# दर्ज मुकदमे की शिकायत पर एसपी ने सीओ नगर को सौंपी जांच

**गोंडा , 07 मई (तरूणमित्र)।** पुलिस द्वारा थाने पर समझौता करने के बाद भी लोग बात नहीं मानते हैं और एक पक्ष दूसरे पक्ष पर आरोप प्रत्यारोप लगाते रहते हैं,मौका पाते ही एक दूसरे के ऊपर मुकदमा लिखा देते हैं,ताजा मामला कोतवाली नगर क्षेत्र से जुड़ा हुआ है,जहां पर 6 माह पहले पुलिस ने दो पक्षों का समझौता कराया था लेकिन बात नहीं माना, नगर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले सूबेदार तिवारी ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक के जनता दर्शन में मुलाकात कर आरोप लगाया है कि विपक्षी अनिल कुमार मिश्रा निवासी तुकार्डीहा थाना कोतवाली देहात द्वारा जमीन संबंधित पैसे लेनदेन को लेकर कोतवाली नगर में दिनांक 27-11-2024 को समझौता हुआ था, दोनों पक्ष अपने-अपने घर चले गए,अनिल समझौता ना मानते हुए सोशल मीडिया फेसबुक पर प्रार्थी उनके तीन भाई व बीवी बच्चों के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने लगे,पूर्व में मौजूद नगर कोतवाल मनोज पाठक से शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, छः माह बीत जाने के बाद अनिल ने फर्जी दस्तावेज तैयार किया प्रार्थी व उनके तीन भाई पर मुकदमा दर्ज हो गया। मुकदमा दर्ज होने की जानकारी होने पर प्रार्थी ने बुधवार को एक शिकायती पत्र लेकर एसपी से मुलाकात किया, आप बीती सुनाई,एसपी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए,पूरे मामले की जांच क्षेत्राधिकार नगर आनंद राय को सौंपी है,क्षेत्राधिकार आनंद राय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शिकायती पत्र मिला है जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी,जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क से स्टेशन तक मॉक ड्रिल : नागरिकों को बताए युद्ध में जीने के तरीके

## एयरस्ट्राइक के बीच जनपद में रहीं सरगर्मियां

**झांसी, 07 मई (तरूणमित्र)।** पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान पर हुई एयर स्ट्राइक के बाद जनपद में पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार पुलिस ने मॉकड्रिल को अंजाम दिया। शाम को पुलिस लाइन में 4:30 बजे तेज बम धमाके साथ मॉकड्रिल की शुरूआत हुई। ब्लास्ट होते ही तेज सायरन बजा, तो जो जहां था वहीं पर लेट गया। धुआं उठते देख फौरन फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी गई। थोड़ी ही देर में राहत बचाव कर्मी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने 10 मिनट में आग पर काबू पा लिया। हादसे में कोई नुकसान नहीं



हुआ।डीएम, एसएसपी और सीएमओ समेत 21 विभागों के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल का जायजा लिया, लोगों से बात की और उन्हें युद्ध की स्थिति में बचाव के टिप्स दिए।

उधर, झांसी रेलवे स्टेशन पर भी जीआरपी द्वारा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल के माध्यम से यात्रियों को यह समझाया गया कि जब उन्हें सायरन की आवाज सुनाई दे, तो उन्हें किस प्रकार तत्काल सुरक्षात्मक कदम उठाने चाहिए। जीआरपी के पुलिस अधीक्षक विपुल कुमार ने इस मॉकड्रिल के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सायरन की आवाज सुनाई देने पर लोगों को तुरंत किसी मोटी दीवार के सहारे से चिपक जाना चाहिए या फिर जमीन पर लेट जाना चाहिए। यह उन्हें संभावित विस्फोट या अन्य खतरों से बचाने में सहायक होगा। इसके अतिरिक्त, रेलवे प्रशासन के अधिकारियों और जीआरपी के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन परिसर में एक सघन चेकिंग अभियान भी चलाया। मॉकड्रिल में पुलिस, फायर ब्रिगेड, ट्रैफिक, राज्य आपदा प्रबंधन विभाग, होमगार्ड, पीआरडी, एससीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवक, निजी कंपनी के गार्ड, आरपीएफ, जीआरपी, स्काउट एंड गाइड और स्वयं सेवी संगठन शामिल हुए।

# जनशिकायतों के निस्तारण में झांसी रेंज अव्वल

## शासन ने जारी की आईजीआरएस का रिपोर्ट कार्ड

**झांसी, 07 मई (तरूणमित्र)।** आम आदमी की शिकायतों के त्वरित निस्तारण में झांसी रेंज पहले नंबर पर है। शासन ने अप्रैल माह की मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल की रिपोर्ट जारी की है जिसमें विभिन्न पटलों पर जनशिकायतों की सुनवाई औ? शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापरक निस्तारण पर रेटिंग जारी की जाती है।

मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण की शासन में प्रतिमाह समीक्षा की जाती है। समीक्षा के आधार पर ही शासन सभी जिलों व परिक्षेत्रों की रेटिंग जारी करता है। एक बार फिर से झांसी रेंज आईजीआरएस रेटिंग में परिक्षेत्र में टॉप पर आया है। सरकार ने आम लोगों की शिकायतों के निस्तारण के लिए ऑन लाइन शुरूआत की थी। इस संबंध में पुलिस उपमहानिरीक्षक केशव कुमार चौधरी ने बताया कि



आईजीआरएस, जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर माह अप्रैल 2025 में जो शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये उनका शासन की मंशानुरूप नियत समय में विधिक निस्तारण किया गया जिससे आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली अप्रैल 2025 मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश के परिक्षेत्रों की रैकिंग में झांसी परिक्षेत्र ने प्रथम रैंक प्राप्त की है। डीआईजी द्वारा इस अवसर पर प्रभारी आईजीआरएस, सीसीटीएनएस उपनिरीक्षक राजेश सिंह, रेंज कोर्डिनेटर विमल कुमार श्रीवास्तव, मुख्य आरक्षी देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं प्रियंका गुप्ता कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए को प्रोत्साहन हेतु नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।

# बेटियों की शादी अनुदान योजना की जानकारी पात्रों तक पहुंचाएं : डीएम



**ललितपुर, 07 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय स्वीकृति समिति की बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई, जिसमें पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं व कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एक-एक कर सभी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिये कि जनपद में शादी अनुदान योजना से पात्र माता-पिता व अभिभावक वंचित न रहने पायें, इसके लिए योजना का जनपद, तहसील व ब्लॉक स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

उन्होंने कहा कि योजना से प्रतिमाह के अंतिम सप्ताह तक स्वीकृति व भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी, विधायक सदर प्रतिनिधि श्रीकांत कुशवाहा, विधायक महरौनी प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ, विधायक प्रतिनिधि स्नातक विजय यादव, विधायक प्रतिनिधि स्थानीय निकाय अतुल निरंजन, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजेश कुमार बघेल उपस्थित रहे।

# कल से होगा खाद्यान्न का वितरण

**चित्रकूट, 07 मई (तरूणमित्र)।** जिला पूर्ति अधिकारी आनन्द कुमार सिंह ने बताया कि आवंटित खाद्यान्न का वितरण 9 मई से 25 मई तक कराया जायेगा। आवश्यक वस्तुओं का वितरण दिनांक 9 मई से प्रारम्भ होकर 25 मई तक सम्पन्न होगा। अन्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों के मध्य प्रति कार्ड 14 किग्रा) गेहूँ, 21 किग्रा० चावल (कुल 35 किग्रा० खाद्यान्न) का वितरण कराया जायेगा। गृहस्थी योजना के कार्डधारकों के मध्य दो किग्रा० गेहूं तथा तीन किग्रा० चावल प्रति यूनिट निःशुल्क वितरित कराया जाएगा।

# बुंदेलखंड के नौगांव में हुई सोफिया कुरैशी की आरंभिक शिक्षा

## जांबाज बेटी का बुंदेलखंड से यह रिश्ता

**झाँसी, 07 मई (तरूणमित्र)।** पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए 6-7 मई की रात पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक की प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देने वाली सोफिया कुरेशी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहीं हैं। इस बीच ये रोचक जानकारी सामने आई है कि सोफिया कुरेशी की आरंभिक शिक्षा बुंदेलखंड राज्य की प्रारंभिक राजधानी नौगांव छावनी से हुई जो एक समय सेना का बड़ा बेस था। सोफिया की कक्षा 1 से 5 तक की पढ़ाई नौगांव से ही हुई। भारतीय सेना की तरफ से प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी नौगांव की रहने



वाली हैं और उनकी बचपन की प्राथमिक शिक्षा कक्षा 1 से 5 तक नौगांव के जीटीसी स्कूल से हुई है।

सोफिया के पिता भी भारतीय सेना में मेजर के पद से सेवानिवृत्त हुये है। बाद में उनका परिवार बड़ौदा में शिफ्ट हो गया। नौगांव के स्व. बबलू सुलेमान एवँ बंटी सुलेमान के मामा की बेटी हैं कर्नल सोफिया कुरैशी। सोफिया के जांबाज प्रदर्शन से नौगांव और बुंदेलखंड का नाम ऊँचा हुआ है।

## बैंक सखी बनकर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने में योगदान दें : दिव्या

**झांसी, 07 मई (तरूणमित्र)।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 8 दिवसीय बैंक सखी का प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ हंसारी में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक आरसेटी कु. दिव्या जायसवाल ने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती मां के समक्ष पुष्प अर्पित करते हुए किया। उन्होने सभी प्रशिक्षणार्थियो को अच्छे से सीखने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बैंक सखी बनकर अपने गाँव में लोगों को बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करा कर उनकी मदद करने हेतु जागरूक किया। इस दौरान संस्थान में संकाय सदस्य अनुराग दुबे, अभिषेक वर्मा, ऑफिस असिस्टेंट अर्पिता उत्पल पराड़कर एवं प्रदीप अडजरिया उपस्थित रहे।



# आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियां में जुटें कार्यकर्ता -नेपाल

## समाजवादी पार्टी कार्यालय में हुई मासिक बैठक

**ललितपुर, 07 मई (तरूणमित्र)।** कार्यकर्ता अपने अपने बूथ की कमेटियां दुरूस्त रखें। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन में हम सभी पीडीए के फामूर्ले पर चलकर बूथ कमेटियों को तैयार करने में जुट गए। यह बात समाजवादी पार्टी कार्यालय में हुई मासिक बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने कही। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी से मिले पर निर्देश का कार्यकर्ता पालन करेंगे।

बूथ कमेटियों में हर वर्ग को शामिल किया जाएगा। जिससे चुनाव में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके, ताकि हम सभी आगामी विधानसभा चुनाव 2027 आसानी से फतह कर पाएं। इस दौरान जिला महासचिव डा. शिशुपाल सिंह लोधी,



तिलक सिंह यादव बानौली, ज्योति सिंह यादव, विजय सिंह यादव, गीता मिश्रा, अंशुल जैन अभि खजुरिया, रोहित राठौर, नरेंद्र सिंह राजपूत, मूरत सिंह यादव, सोन सिंह यादव, तुलसीराम अहिरवार, राजेश झा, राजेश यादव जय गुरुदेव, पुष्पेन्द्र सिंह यादव, जावेद खान, खिलान सिंह, शहरोज खान, प्रमोद इमलिया, रामविलास रजक, मोहम्मद सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुराने बाट-माप तौल उपकरणों की नीलामी 9 मई को

**झांसी।** बांट-माप निरीक्षक डी सी गुप्ता ने बताया कि सभी विभागीय मरम्मतकर्ता, विक्रेता, निमार्ता, कबाड़ी 9 मई 2025 को कार्यालय वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान झांसी में पुराने बाट-माप तौल उपकरणों की सार्वजनिक नीलामी होगी। इच्छुक लोग उपस्थित होकर उक्त नीलामी में सहभागी बनें।

# जिला पंचायत की बैठक में समयबद्ध विकास कार्य पूरे करने पर जोर



**ललितपुर, 07 मई (तरूणमित्र)।** जिला पंचायत की बैठक अध्यक्ष कैलाश निरंजन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी।

बैठक में अपर मुख्य अधिकारी द्वारा गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि हेतु प्रस्तुत की गयी। इसके बाद विभागवार उपस्थित अधिकारियों का सदन द्वारा परिचय प्राप्त करते हुए एक एक करके संचालित कार्यों की समीक्षा की गयी। सदस्य लीलाधर दुबे, मनोज कुशवाहा वीर सिंह बुन्देला द्वारा विद्युत विभाग से सम्बन्धित प्रश्न किये गये, जिसपर विद्युत विभाग के उपस्थित अधिशासी अभियन्ता द्वारा सदस्यों के प्रश्नों का निराकरण किया गया। बैठक में उपस्थित सीडीओ के के पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित कार्य पूर्ण ईमानदारी से कराएं। अध्यक्ष ने जिला स्तरीय अधिकारियो को निर्देश दिये गये कि जनपद में आपके स्तर से जो भी कार्य कराये जा रहे है उनकी जानकारी जिला पंचायत के सदस्यों को दी जाये। बैठक में जिला पंचायत के सदस्य कृष्णा कुमारी, ब्रजेन्द्र सिंह, बैनी बाई, सुरेन्द्र कुमार, मंगल सिंह, अमर सिंह, धनंजय सिंह, रामू कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, वीर सिंह बुन्देला, कल्लू, राजकुमार खटीक, आशीष कुमार रावत, नरेन्द्र कुमार झां एवं लीलाधर दुबे, सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे। संचालन अपर मुख्य अधिकारी सुनील कुमार द्वारा किया गया। बैठक में जिला पंचायत के राजकुमार नायक, आशुतोष कुमार तिवारी, दिनेश कुमार, राकेश कुमार एवं अंकित नायक उपस्थित रहे।

# प्राथमिक जानकारी होने से गम्भीर घटनाओं से होगा बचाव-तनुषा टीआर

**चित्रकूट, 07 मई (तरूणमित्र)।** आकांक्षा समिति के तत्वाधान में डॉ तनुषा टी आर (एमडी) अध्यक्ष आकांक्षा समिति की अध्यक्षता में मंदाकिनी अतिथि गृह कालूपुर में प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण के दूसरे चरण में आंगनबाड़ी, आशा एवं प्राथमिक विद्यालय की अध्यापिकाओं को कार्यशाला में प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ आकांक्षा समिति अध्यक्ष डॉक्टर तनुषा टीआर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

उन्होंने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक एवं प्रशिक्षित करना है। आज कल हार्ट अटैक एवं अस्थमा की घटनाएं अधिक देखने को मिल रही हैं इस सम्बन्ध में कोई प्राथमिक जानकारी न होने पर गम्भीर घटनाएं हो जाती है कई बार समय से इलाज न मिल पाने के कारण मृत्यु भी हो सकती है। अस्थमा अटैक होने पर पेट के बल लिटाकर गहरी सांस लेने को कहे तथा चिकित्सक के सलाहनुसार ही इन्हेलर व मेडिसिन देकर शीघ्रता से नजदीक अस्पताल ले जाएं। आपको शासकीय एम्बुलेंस 108 के बारे में जानकारी होनी चाहिए आप लोग स्वास्थ्य सेवाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिकाओं का निर्वहन करती हैं आपके लिए यह प्रशिक्षण बहुत ही महत्वपूर्ण साबित होगा। लखनऊ से आईं लेक्चरर रूपांशी रस्तोगी ने विभिन्न माध्यमों प्राथमिक उपचार के बारे में जानकारी दी। पीसीआर, दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को पट्टी वगैरह कैसे करना चाहिए तमाम सारी जानकारी दी।

कार्यक्रम में सीएमओ डॉ.भूपेश द्विवेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, रेड क्रास सोसाइटी सचिव केशव शिवहरे, सीडीपीओ बीएल गुप्ता, बीपीएम चंद्रप्रकाश, संजय सिंह चैहान, डीएमएचसी अरुण कुमार, डीपीएम आर के करवरिया मौजूद रहे।

# किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य

**बांदा, 07 मई (तरूणमित्र)।** जिले में करीब सवा लाख किसानों के सामने सम्मान निधि का संकट खड़ा हो सकता है। शासन ने किसान सम्मान निधि के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य कर दी है। रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों को अब पीएम सम्मान निधि की 20वीं किस्त का लाभ नहीं मिलेगा। शासन ने अप्रैल 2024 में फार्मर रजिस्ट्री कराने के आदेश जारी किए थे।गांव-गांव में कैंप के जरिए किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की गई। वहीं, अभी भी 1.25 लाख किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है। शासन ने शुरूआती दौर में किसानों को सहूलियत देते हुए 19वीं किस्त तो जारी कर दी, लेकिन अब 20वीं किस्तं में फार्मर रजिस्ट्री को पूरी तरह से अनिवार्य कर दिया गया है। वहीं मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य ने बताया कि किसान आधार से लिंक मोबाइल व आधार, खतौनी लेकर किसी भी जन सेवा केंद्र में जाकर फार्मर रजिस्ट्री करा सकते हैं। अन्यथा उनको पीएम सम्मान निधि की 20 वीं किस्त का लाभ नहीं मिलेगा। अब यदि ये सवा लाख किसान फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराते हैं तो इनके खाते में निधि का पैसा नहीं जाएगा। बताया जा रहा है कि इनमें अधिकांश किसान ऐसे हैं, जो बाहर रहते हैं। इसके अलावा जन सेवा केंद्रों में नेटवर्क की दिक्कत से थक हारकर घर बैठ गए हैं।

# 8 मई को होने वाली लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

**ललितपुर, 07 मई (तरूणमित्र)।** अपर जिला जज प्रथम व अध्यक्ष प्रोसेस सर्विंग कमेटी यादवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई के आयोजन के संबंध में प्रोसेस सर्विंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सचिव मयंक जायसवाल, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु न्यायालयों, अनुभागों, बैंक द्वारा जारी किए गए नोटिस-सम्मन की तामीला स्थिति का



अवलोकन किया गया, जिसमें 27007 नोटिस, सम्मन जारी किए गए पुलिस विभाग द्वारा आज तक मात्र 7562 नोटिस, सम्मन की तामीला कराई गई। तामीला हेतु 19445 शेष है जो कि असंतोष जनक है। पुलिस अधीक्षक से अपेक्षा की है कि संबंधित को निर्देशित करें कि 08 मई तक समस्त नोटिस/सम्मन की शत प्रतिशत तामीला सुनिश्चित हो।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
अनुरक्षण खण्ड नं0–1(सिविल)
लो0नि0वि0, लखनऊ

निविदा सूचना

पत्रांकः 1120/निविदा/2025　दिनांक : 06 /05/2025

1– महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड–1 (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो की प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित कार्य के लिये लोक निर्माण विभाग क्लासें ए/बी/सी/डी में भवन कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार निविदा डालने के योग्य होगें।

| क्र0 स0 | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदाप्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्यपूर्णकरने की अवधि | अधिषासी अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | लखनऊ | सामान्य मरम्मत मद के अन्तर्गत प्रमुख अभियन्ता कार्यालय स्थित साउथ विंग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तल में विविध सिविल कार्य। | 7.60 | 0.76 | Rs. 766 | 03 Month | अधि0 अभि0 अनु0 ख0 –1(सि0), लो0 नि0 वि0 लखनऊ |
| 2 | लखनऊ | सामान्य मरम्मत मद के अन्तर्गत प्रमुख अभियन्ता कार्यालय स्थित साउथ विंग के द्वितीय एवं तृतीय तल पर स्थित विभिन्न कक्षों में रंगाई–पुताई का कार्य। | 7.50 | 0.75 | Rs. 766 | 03 Month | अधि0 अभि0 अनु0 ख0 –1(सि0), लो0 नि0 वि0 लखनऊ |
| 3 | लखनऊ | सामान्य मरम्मत मद के अन्तर्गत प्रमुख अभियन्ता कार्यालय स्थित 32 क्वार्टर, 36 क्वार्टर एवं ड्राईवर आवासा के रंगाई–पुताई का कार्य। | 4.50 | 0.45 | Rs. 677 | 03 Month | अधि0 अभि0 अनु0 ख0 –1(सि0), लो0 नि0 वि0 लखनऊ |
| 4 | लखनऊ | सामान्य मरम्मत मद के अन्तर्गत डायमण्ड डेरी कालोनी में रंगाई–पुताई का कार्य। | 4.50 | 0.45 | Rs. 677 | 03 Month | अधि0 अभि0 अनु0 ख0 –1(सि0), लो0 नि0 वि0 लखनऊ |
| 5 | लखनऊ | सामान्य मरम्मत मद के अन्तर्गत डायमण्ड डेरी कालोनी में विविध सिविल मरम्मती कार्य | 3.00 | 0.30 | Rs. 677 | 03 Month | अधि0 अभि0 अनु0 ख0 –1(सि0), लो0 नि0 वि0 लखनऊ |
| 6 | लखनऊ | सामान्य मरम्मत मद के अन्तर्गत हैवलक रोड कालोनी में रंगाई–पुताई एवं विविध सिविल मरम्मती कार्य | 4.50 | 0.45 | Rs. 677 | 03 Month | अधि0 अभि0 अनु0 ख0 –1(सि0), लो0 नि0 वि0 लखनऊ |
| 7 | लखनऊ | सामान्य मरम्मत मद के अन्तर्गत कबीर मार्ग कालोनी में रंगाई–पुताई एवं विविध सिविल मरम्मती कार्य | 3.50 | 0.35 | Rs. 677 | 03 Month | अधि0 अभि0 अनु0 ख0 –1(सि0), लो0 नि0 वि0 लखनऊ |
| 8 | लखनऊ | सामान्य मरम्मत मद के अन्तर्गत प्रमुख अभियन्ता कार्यालय स्थित नवीन भवन में रंगाई–पुताई एवं विविध सिविल मरम्मती कार्य। | 7.00 | 0.70 | Rs. 766 | 03 Month | अधि0 अभि0 अनु0 ख0 –1(सि0), लो0 नि0 वि0 लखनऊ |

निविदा प्रपत्र सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता जिनका उल्लेख उक्त तालिका के स्तम्भ–8 मे किया गया है, के कार्यालय में पूर्वाह्न 10:00 बजे ये अपराहन 02:00 बजे तक दिनांक 09.05.2025 से दिनांक 15.05.2025 तक निविदाए बेची जायेगी तथा दिनांक 16.05.2025 को अपराह्न 02:30 बजे तक जमा की जा सकती है, जिनको उसी कार्य दिवस में दिनांक 16.05.2025 को 03.00 बजे जिलाधिकारी के कार्यालय में इच्छुक निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी। यदि उक्त निविदा प्राप्त करने एवं खोलने की तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होता है तो निविदा प्राप्त एवं खोलने की तिथि अगला कार्य दिवस होगा और खोलने के समय, स्थल तथा वैधता में कोई परिवर्तन नहीं होगा। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण इस कार्यालय से उपरोक्त तिथियों में देखा जा सकता है।

(उमाकान्त पाण्डेय)
अधिशासी अभियन्ता
अनुरक्षण खण्ड नं0–1(सिविल)
लो0नि0वि0, लखनऊ

U.P. 233518 dt. 07/05/2025 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।


# किसी भी प्रकार की आपदा से बचाव की तैयारी करें अधिकारी: डीएम



**बांदा, 07 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी श्रीमती जे0रीभा एवं पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा आपदा की स्थिति उत्पन्न होने पर उसके बचाव एवं आवश्यक उपायों को किये जाने के सम्बन्ध में बैठक आपदा प्रबन्धन कार्यालय में सम्पन्न हुई।जिसमें दैवीय आपदा सहित अन्य किसी प्रकार की आपदा की स्थिति उत्पन्न होने पर उससे बचाव किये जाने तथा आवश्यक तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये।

इसके उपरान्त जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में किसी आपदा एवं संकट की स्थिति उत्पन्न होने एवं उसके बचाव के साथ स्थिति से निपटने के लिए आपदा विशेषज्ञों से सहित मेडिकल टीम, फायर व अन्य सम्बन्धित संसाधनों के साथ लाइव मॉकड्रिल/बचाव का अभ्यास किया गया, जिसमें पुलिस अधिकारियों एवं आपदा विशेषज्ञों द्वारा ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर उपस्थिति लोगों एनसीसी कैडेट एवं अन्य लोगों को आपदा के समय क्या करें, क्या न करें के बारे में जानकारी दी गयी तथा आपदा विशेषज्ञ एवं मेडिकल टीम द्वारा अन्य उपलब्ध संसाधनों से मॉकड्रिल/बचाव का अभ्यास करते हुए सुरक्षित रहने के उपायों के सम्बन्ध में बताया गया। आपदा की स्थिति के समय सुरक्षित स्थान पर रहने तथा लाइट का उपयोग न करने, बच्चों, बुजुर्गों के लिए विशेष सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्था रखने के उपायों एवं जरूरी दस्तावेज आधार, पहचान पत्र व अन्य महत्पूर्ण अभिलेखों को सुरक्षित रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने तथा भीड-भाड वाले स्थान में एकत्र न होने आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। मॉकड्रिल के समय जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मण्डलीय पेंशन अदालत का आयोजन 2 जून को

**बांदा, 07 मई (तरूणमित्र)।** आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल, बाँदा अजीत कुमार की अध्यक्षता में 2 जून 25 को पूर्वाह्न 11 बजे, आयुक्त कार्यालय, बांदा में मंडलीय पेंशन अदालत आयोजित होगी । इस पेंशन अदालत में चित्रकूटधाम मंडल के जनपद बाँदा, हमीरपुर, महोबा व चित्रकूट के समस्त राजकीय कार्यालयों एवं उप्र बेसिक शिक्षा परिषद् के अंतर्गत प्राइमरी एवं जूनियर हाई स्कूल से सेवा निवृत्त कार्मिकों / अध्यापकों व उनके आश्रितों के लम्बित सेवा नैवृत्तिक लाभों (यथा पेंशन, उपादान, पेंशन पुनरीक्षण आदि से ही सम्बंधित वाद पत्र/प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, चित्रकूटधाम मंडल, बाँदा में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से 16 मई 25 के सांय 04 बजे तक प्राप्त कराये जा सकते हैं। इस तिथि के उपरान्त कोई भी वाद स्वीकार नहीं किये जायेंगे। वाद पत्र/प्रत्यावेदन की एक प्रति सम्बंधित कार्यालयाध्यक्ष जहाँ से कर्मचारी सेवा निवृत्त हुआ है को अनिवार्य रूप से प्राप्त कराते हुए प्राप्ति रसीद लेना अपेक्षित है।

# आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने को मॉक ड्रिल आयोजित

## प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य और राहत टीमों ने दिखाई तत्परता, नागरिकों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश





उरई, 07 मई (तरूणमित्र)। आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने की प्रशासनिक तैयारियों को परखने और आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से राजकीय इंटर कॉलेज में एक विशाल मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। गृह मंत्रालय के निर्देश पर आयोजित इस अभ्यास में जनपद के सभी प्रमुख विभागों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

ड्रिल की शुरूआत पुलिस लाइन, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, उर्वशी सिंथेटिक लिमिटेड, अंकित कोल्ड स्टोरेज और पूंडरी कोल्ड स्टोरेज में अलर्ट सायरन बजाकर की गई। सायरन की आवाज सुनते ही लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर भेजा गया। इस दौरान अधिकारियों ने नागरिकों को बताया कि आकस्मिक परिस्थितियों में किस प्रकार संयम और सावधानी बरतनी चाहिए। मौके पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, अपर जिलाधिकारी संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, सीओ अर्चना सिंह, सीएमओ डॉ. नरेंद्र देव शर्मा सहित पुलिस, फायर ब्रिगेड व स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने अपनी उपस्थिति और तत्परता दर्ज कराई। इसके पश्चात राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मॉक ड्रिल की उपयोगिता और कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की गई। फायर फाइटिंग टीम ने आग लगने की स्थिति में राहत और बचाव का अभ्यास भी किया, जिसमें एनएसएस, एनसीसी और रिटायर्ड आर्मी एसोसिएशन के सदस्य भी शामिल रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि सिविल डिफेंस कानून को भारत की संसद ने पारित किया था। इसे 1968 में नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1968 के रूप में जाना जाता है। यह अधिनियम मई 1968 में संसद द्वारा पारित किया गया था और 10 जुलाई 1968 से पूरे भारत में लागू किया गया था। यह अधिनियम नागरिक सुरक्षा के लिए प्रावधान करता है, यह नागरिक सुरक्षा के लिए एक संगठित बल स्थापित करता है। यह अधिनियम सरकार को नागरिक सुरक्षा के लिए नियम और विनियम बनाने का अधिकार देता है। यह अधिनियम युद्ध या अन्य आपात स्थितियों के दौरान नागरिकों, संपत्ति, स्थानों और चीजों की सुरक्षा के लिए उपाय प्रदान करता है। इस अधिनियम के तहत, नागरिक सुरक्षा को लोगों को आपात स्थितियों के बारे में जागरूक करना, उन्हें प्रशिक्षित करना, और आपात स्थिति के दौरान उनकी मदद करना शामिल है।

# आकस्मिक हमलों और आपदाओं से निपटने को मॉक ड्रिल का आयोजन



जालौन/उरई, 07 मई (तरूणमित्र)। आकस्मिक हमलों और आपदाओं से निपटने की तैयारी को परखने के उद्देश्य से बुधवार को नगर के छत्रसाल इंटर कॉलेज मैदान में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में अधिकारियों और सुरक्षा बलों ने मिलकर आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया का प्रदर्शन किया।

इस आयोजन में उप जिलाधिकारी विनय मौर्य, क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र बाजपेई समेत पुलिस, चिकित्सा विभाग, अग्निशमन सेवा और अन्य प्रशासनिक टीमें शामिल रहीं। कार्यक्रम में एसडीएम विनय मौर्य ने कहा कि इस प्रकार के अभ्यास से न सिर्फ प्रशासन की तैयारियों का परीक्षण होता है, बल्कि आमजन को भी आपात स्थितियों में सुरक्षित रहने की जानकारी मिलती है। मॉक ड्रिल के दौरान एक काल्पनिक आतंकी हमले की परिस्थिति तैयार की गई, जिसमें घायलों को बचाकर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने, उन्हें प्राथमिक उपचार देने और त्वरित राहत कार्यों को अंजाम देने का प्रशिक्षण प्रदर्शित किया गया। इस अभ्यास में एनसीसी की छात्राएं और स्कूल के छात्र-छात्राएं भी सक्रिय रूप से सम्मिलित रहे, जिन्होंने आपदा प्रबंधन कार्यों में अपनी भागीदारी से लोगों को जागरूक किया। अभ्यास के दौरान एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीमें अलर्ट होकर निर्धारित समय पर घटनास्थल पर पहुंचीं, जिससे यह संदेश दिया गया कि किसी भी संकट की घड़ी में समन्वय और तत्परता आवश्यक है। सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने उपस्थित लोगों को बताया कि मॉकड्रिल का उद्देश्य लोगों में डर की भावना को कम करना और उन्हें साहसपूर्वक कार्य करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आपदा की स्थिति में अफवाहों से बचें और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें। इस मौके पर इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे, एसएसआई गौरव मिश्रा, एसआई जितेंद्र सिंह, मदनपाल, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल प्रधानाचार्य राकेश निरंजन, राजा सिंह सेंगर, मानवेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

# अतिरिक्त दहेज की मांग को ले विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से निकाला

जालौन/उरई, 07 मई (तरूणमित्र)। अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर ससुराल से बाहर निकाल दिया गया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांडरी निवासी स्वाती ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई थी। पीड़िता ने बताया कि अप्रैल 2022 में उसका विवाह मांडरी के ही महेश नारायण के साथ उसकी हैसियत के अनुसार दान-दहेज देकर किया गया था। शुरूआती दिनों में पारिवारिक जीवन सामान्य रहा, लेकिन कुछ माह बाद ही ससुराल पक्ष ने दो लाख रुपये नकद और एक मोटरसाइकिल की मांग शुरू कर दी। स्वाती के अनुसार, उसके पिता पहले ही विवाह में अपनी क्षमता से अधिक खर्च कर चुके थे और अब वह अतिरिक्त दहेज देने की स्थिति में नहीं थे। जब यह मांग पूरी नहीं हुई तो ससुराल वालों का रवैया कठोर होता गया। उन्होंने स्वाती को कई बार शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया और कई बार भूखा-प्यासा रखा। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि जब उसके मायके वालों को इस अत्याचार की जानकारी हुई और वे समझाने उसके ससुराल पहुंचे, तब भी ससुराल पक्ष के लोगों ने कोई सुध नहीं ली। कुछ दिन पूर्व उसे रात के समय मारपीट कर घर से निकाल दिया गया और उसका सारा स्त्रीधन भी छीन लिया गया। किसी तरह वह उरई के मोहल्ला बघौरा स्थित अपने मायके पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि मामले की प्राथमिक जांच शुरू कर दी गई है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कारवाई की जाएगी।

# डीएम ने स्वच्छ भारत मिशन समिति की समीक्षा बैठक कर जताई नाराजगी




● निर्माणाधीन शौचालयों की धीमी प्रगति पर डीएम ने सख्त लहजे में कार्य में तेजी लाए जाने के दिए निर्देश

उरई, 07 मई (तरूणमित्र)। जनपद में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्माणाधीन शौचालयों की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सख्त लहजे में कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए है। विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित जिला स्वच्छ भारत मिशन समिति की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 60 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है, जो अत्यंत खेद जनक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्यों में तेजी लाकर समयबद्ध रूप कार्यों को पूर्ण नहीं किया गया तो संबंधित उत्तरदायी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने 574 ग्राम पंचायतों में बने सामुदायिक शौचालयों के सुचारूरूप से संचालन के निर्देश दिए है उन्होंने कहा कि शौचालयों के बंद रहने की लगातार शिकायतें विभिन्न स्रोतों से मिल रही हैं। जैविक कचरा प्रबंधन हेतु स्थापित आर.आर.सी. केंद्रों की भी अनदेखी ना की जाए इन्हें क्रियाशील कर ग्राम को स्वच्छ रखा जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी सामुदायिक शौचालयों व आर.आर.सी. केंद्रों का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए और इन सभी केंद्रों की सीसीटीवी कैमरे अधिष्ठापित कर नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जो जिला समन्वयक, ब्लॉक समन्वयक और सहायक विकास अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं, उनकी समीक्षा कर उनकी सेवा समाप्त की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि उपरोक्त पदाधिकारी उक्त चयनित ग्राम पंचायतों में प्रत्येक माह कम से कम 10 ग्रामों में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और संचालन का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए। जनपद की 29 पेरी-अर्बन ग्राम पंचायतों के 38 सम्मिलित ग्रामों में स्वच्छता सेवा गतिविधियों को सुनियोजित रूप से चलाए जाने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। साथ ही उक्त ग्रामों में स्थित व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से स्वच्छता शुल्क आरोपित कर धनराशि की वसूली सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। हमार कूड़ा-हमाई जुम्मेवारी अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल देते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ग्रामों को प्लास्टिक मुक्त बनाया जाए। एकत्रित प्लास्टिक को अपशिष्ट प्रबंधन केंद्रों के माध्यम से लोक निर्माण विभाग के समन्वय से निस्तारित किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, सीएमओ डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, उपायुक्त स्वतः रोजगार महेन्द्र चैबे, जिला विकास अधिकारी निशांत पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण ब्रह्मांड में देवी की सत्ता है व्याप्त: भागवताचार्य

जालौन/उरई, 07 मई (तरूणमित्र)। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सुढ़ार सालाबाद के पास बंगरा रोड पर स्थित शिव शंभू धाम परिसर में आध्यात्मिक वातावरण के बीच नौ कुंडी शिवशक्ति महायज्ञ, देवी भागवत महापुराण पाठ और रात्रिकालीन रामलीला का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया जा रहा है।

देवी भागवत कथा के तीसरे दिन मां दुर्गा के अवतारों का वर्णन किया गया। महायज्ञ के साथ चल रही देवी भागवत महापुराण कथा के तीसरे दिन भागवताचार्य अरविंद मिश्रा ने भक्तों को दिव्य कथाओं से सराबोर कर दिया। कथा में उन्होंने मां दुर्गा के नौ रूपों की महिमा, शक्ति तत्व की उत्पत्ति, राक्षसों पर देवी के प्रहार, और धर्म की स्थापना में नारायण शक्ति के योगदान का गूढ़ और प्रेरणास्पद विवरण दिया। उन्होंने बताया कि कैसे शक्ति बिना शिव भी शव के समान हैं और सम्पूर्ण ब्रह्मांड में देवी की सत्ता व्याप्त है। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण के दौरान जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कथा के दौरान उन्होंने यह भी बताया कि मानव जीवन में मातृशक्ति की उपासना किस प्रकार से कल्याणकारी होती है और कैसे यह कर्म, भक्ति व ज्ञान की त्रिवेणी से जोड़ती है।

उधर रात्रिकालीन सांस्कृतिक आयोजन में रामलीला का मंचन हुआ जिसमें रावण के अत्याचार, अहंकार, ऋषियों की तपस्या में विघ्न डालने, तथा दशरथ दरबार में श्रीराम के जन्म की लीला का प्रभावशाली मंचन हुआ। रामलीला मंडली ने अपने अभिनय से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

# आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल आयोजित



उन्नाव, 07 मई (तरूणमित्र)। संभावित युद्ध हवाई हमले की स्थिति में नागरिक सुरक्षा एवं आपात कालीन स्थिति से निपटने के लिए जीआईसी ग्राउण्ड उन्नाव में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता एवं पुसिल अधीक्षक दीपक भूकर की उपस्थिति में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

मॉकड्रिल के अवसर पर उपस्थित छात्रों, जन सामान्य को बताया गया कि आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए उपायों में बहुमंजिला ईमारतों के लिए विशेष सुरक्षा के निर्देश, सोसाईटी मुहल्लें में सामूहिक सुरक्षा, सायरन या धमाके के बाद क्या करें, मानसिक शक्ति और नेतृत्व व्यवहार, सरकारी मद्द और सहयोग, सामुहिक जागरूकता जैसे अन्य बिन्दुओं पर मॉकड्रिल किया गया। मॉकड्रिल के अवसर पर सम्भावित युद्ध हवाई हमले की स्थिति में बताया गया कि हवाई हमला या सायरन बजते ही शांत रहे और तुरन्त आश्रय लें, अपने शहर गांव में चिन्हित सुरक्षित आश्रय स्थल पहले से जान लें, घर में कम से कम सात दिन का राशन, पानी, दवाईयां और मास्क रखें। सीटी, टॉर्च, पावर बैंक, प्राथमिक चिकित्सा किट साथ रखें। बिजली का मेन स्विच, गैस सिलेण्डर बन्द करना न भूलें। परिवार के सभी सदस्यों के ब्लड ग्रुप, आधार कॉपी, और फोटो तैयार रखें। परिवार मिलन स्थल पहले से तय रखें। शिशु, बुजुर्ग और विकलांगों की विशेष तैयारी अलग से करें। उन्होने बताया है कि बहुमंजिला इमारतों में रहने वाले व्यक्ति आपात कालीन स्थिति में सीढ़ियों का प्रयोग करें-लिफ्ट से बचे। हर फ्लोर पर निकासी मार्ग प्रदर्शित करें। खिडकियों से दूर रहे। बाथरूम या कंक्रीट वाली दीवार के पास शरण लें। बच्चों के लिए सुरक्षा बैग तैयार करें। इसी प्रकार सोसाईटी मोहल्ले में सामूहिक सुरक्षा उपायो में सभी प्रवेश द्वार पर गार्ड व सीसीटीवी अनिवार्य करें। इंटर कॉम और आपात कालीन अलार्म प्रणाली सक्रिय रखें। व्हाट्स एप टेलीग्राम अलर्ट ग्रुप बनाए तथा डाक्टर, सेना अधिकारी, पुलिस आदि स्थानीय विशेषज्ञों को जोडे। इसी प्रकार सायरन या धमाके के बाद तुरन्त जमीन पर लेट जाएं। अंजान वस्तु या विस्फोटक न छुएं-पुलिस को सूचित करें।

गम्भीर स्थिति में भी संयम और नेतृत्व बनाएं रखें-दूसरों को संभालें। आपात कालीन स्थिति में सरकारी मद्द और सहयोग हेतु एनडीआरएफ, जिला प्रशासन या नागरिक रक्षा विभाग से सम्पर्क बनाएं रखे। निकटतम अस्पताल, पुलिस स्टेशन, फायर ब्रिगेड का पता और नम्बर नोट करें। गम्भीर स्थिति में 112 पर कॉल करें। तथा आपदा राहत केन्द्र या सामुदायिक बंकर का पता पहले से जान लें।

इस अवसर पर बताया गया कि आज रात्रि 08.00 बजे से 8:10 बजे तक जनपद के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लैक आउट किया जायेगा।

इस अवसर पर विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। उन्होने जनपदवासियों से अपील की है कि समस्त जनपदवासी निर्धारित समय में अपने घरों में लाइट न जलाएं तथा घरों के अन्दर रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कृति राज, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुशील कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी न्यायिक विकास कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजीव राज, सहायक कलेक्टर शौर्य अरोड़ा, उप जिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी नगर सोनम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# दो लोगों पर पुलिस ने की कार्यवाही

जालौन/उरई, 07 मई (तरूणमित्र)। विवाह समारोह के दौरान दो लोगों ने विवाह समारोह में विवाद कर दिया। जिसकी सूचना वहां मौजूद लोगों ने कोतवाली पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रूरा मल्लू में एक विवाह समारोह का आयोजन था। विवाह समारोह में गांव के ही रिंकू और धर्मेंद्र भी मौजूद थे। शादी समारोह में चल रहे मांगलिक कार्यों के बीच ही दोनों वहां विवाद करने लगे और वहां मौजूद लोगों के साथ अभद्रता शुरू कर दी। लोगों ने दोनों को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद भी नहीं माने। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# विश्व अस्थमा दिवस पर गोष्ठी संपन्न

उन्नाव, 07 मई (तरूणमित्र)। कमलावती रिसर्च एंड वेलफेयर फाउंडेशन परिवार लगातार स्वास्थ्य जगत में समर्पित होकर अपनी सेवाएं देता चला आ रहा है। संस्था परिवार समय समय पर नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आम जन मानस को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु रनिःशुल्क चिकित्सा शिविरोंर के आयोजन तथा 'गोष्ठियां' भी संचालित कर रहा है। संस्था की पदाधिकारी तथा समाज सेविका डॉ. आंचल वर्मा के नेतृत्व में आज 'विश्व अस्थमा दिवस' पर कमलावती हॉस्पिटल में 'अस्थमा जागरूकता गोष्ठी' का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में 'प्रमुख वक्ता' के रूप में कमलावती हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. एस के वर्मा ने गोष्ठी में शामिल हुए अतिथि गणों तथा मरीजों के सहायकों को उद्बोधन के माध्यम से बताया कि प्रतिवर्ष मई माह के प्रथम मंगलवार को संपूर्ण विश्व में 'विश्व अस्थमा दिवस' मनाया जाता है वर्तमान समय में वायु मण्डल में बढ़ते वायु प्रदूषण से अस्थमा के रोगियों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है इस बीमारी के बढ़ने के और भी कई कारण हैं। धूम्रपान भी इस जटिल बीमारी का प्रमुख कारण बन जाता है कई मरीज अनुवांशिक भी देखे गए हैं, अनुवांशिक में तो इस जटिल बीमारी के उपचार कम ही हैं लेकिन धुम्रपान करने वाले लोग इस जटिल बीमारी से बच सकते हैं बीड़ी सिगरेट चिलम जैसे धुवां वाली स्मोकिंग करने वाली चीजें न ही सेवन करें तो आप सबके स्वास्थ्य के लिए ज्यादा सही होगा यदि किसी मरीज को डॉक्टर ने इन्हेलर के लिए बताया है तो उसको डॉक्टर के निदेर्शानुसार अवश्य लेना चाहिए मौसम के अनुसार मौसमी पेय पदार्थों का सेवन करें जो कि आपके स्वास्थ्य के लिए सर्वश्रेष्ठ सिद्ध होंगे। वायु मण्डल में बढ़ते वायु प्रदूषण से छोटे बच्चों से लेकर वयोवृद्ध जन तक प्रभावित हो रहे हैं अस्थमा विरोध की जागरूकता एवं शिक्षा हेतु इस दिन संपूर्ण विश्व में यह महत्वपूर्ण दिवस मनाया जाता है आज के इस महत्वपूर्ण दिवस को मनाने के लिए समाज सेविका डॉ. आंचल वर्मा ने आप सबके समक्ष इस जटिल रोग से बचाव करने के लिए इस आवश्यक गोष्ठी का आयोजन किया है।

## पत्नी के साथ मारपीट करने पर दो पर की कार्यवाही

जालौन/उरई, 07 मई (तरूणमित्र)। अलग-अलग मामलों में पत्नी के साथ मारपीट कर रहे दो लोगों के खिलाफ पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ताबां निवासी प्रियंका पत्नी उमेश और सहाव निवासी उमा देवी पत्नी राघवेंद्र ने पुलिस को बताया कि उनके पति अक्सर उनके साथ विवाद करते रहते हैं। घर पर कई बार उन्हें समझाने की कोशिश की लेकिन उनकी आदतों में बदलाव नहीं आ रहा है। आरोप लगाया कि बुधवार की सुबह वह घर के काम कर रही थीं। तभी पति वहां आए और अकारण ही उनके साथ मारपीट कर दी। पीड़िताओं की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# बुद्ध के सिद्धांत अनुशरण करने के लिए किया प्रेरित




● बुद्ध की शिक्षा आज के समय में बहुत प्रासंगिक : प्रदीप कुमार

उरई, 07 मई (तरूणमित्र)। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ व उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के संयोजन में बुद्ध पथ-प्रदीप कार्यशाला का प्रशिक्षण शिविर सर्वोदय इंटर कालेज में प्रबंधक भगवान सिंह अध्यक्षता में हुआ। जिसमें गौतम बुद्ध के सिद्धांत का अनुशरण करने के लिए छात्र छात्राओं को प्रेरित किया गया।

उन्होंने कहा कि विश्व में भगवान गौतम बुद्ध के मार्ग पर चलकर ही शांति स्थापित की जा सकती है। पंचशील सिद्धांत का अनुसरण करके जीवन को सफल बनाया जा सकता है। मुख्य अतिथि प्रतिनिधि जल शक्ति मंत्री अरविंद सिंह चैहान ने कहा कि भारत वह महान देश है जिसने विश्व को शांति के प्रणेता उपलब्ध कराए हैं। आज भी दुनिया सत्य की खोज के लिए भारत की तरफ गहरी निगाहों से देखती है। प्रधानाचार्य डा. प्रदीप कुमार निरंजन ने कहा कि गौतम बुद्ध की शिक्षा आज के समय में बहुत प्रासंगिक हैं। आज जब दुनिया तनाव, चिंता, अशांति से भरी हुई है ऐसी स्थिति में गौतम बुद्ध की शिक्षा स्थिरता और संतुष्टि की ओर ले जाती हैं। उन्होंने कहा कि मन को स्थिर रखने के लिए शांति की खोज करने के लिए गौतम बुद्ध के जीवन से युवा प्रेरणा ले सकते हैं। इसलिए छात्र-छात्राएं भी कभी भी अशांत न रहें बल्कि शांत मन से किसी भी विषय की तैयारी करें। कार्यशाला का संचालन हरगोविंद कुशवाहा, मिथिलेश कुमार कुशवाहा ने किया। इस दौरान विनोद कुमार, नरेंद्र कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, राघवेंद्र झा, रवींद्र, कमल, दीपक, वीर बहादुर निरंजन, रंजना, रितु, बृजेंद्र, विकास साहू, राजू अग्रवाल, अनीता, रिचा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सूखा व बाढ़ से बचाव की तैयारियों को ले डीएम ने की समीक्षा

उरई, 07 मई (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में वर्ष 2025 की संभावित सूखा व बाढ़ से बचाव और राहत कार्यों की तैयारियों को लेकर स्टियरिंग ग्रुप की बैठक कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

जिलाधिकारी ने सिंचाई एवं कृषि विभाग को निर्देशित किया कि वे जनपद के संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बन्धों और तटबंधों का समय से पूर्व निरीक्षण करें और जहां कहीं भी मरम्मत की आवश्यकता हो, उसे प्राथमिकता से पूर्ण कराएं। साथ ही, बाढ़ नियंत्रण कक्ष एवं फ्लड ग्रुप की स्थापना की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने को कहा।उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित किया गया कि बाढ़ संभावित गांवों में राहत शिविरों के लिए सुरक्षित स्थान चिन्हित करें और प्रत्येक प्रभावित ग्राम के न्यूनतम 50 व्यक्तियों के मोबाइल नंबरों की डायरेक्टरी पूर्व से तैयार रखें। पुलिस विभाग एवं उपजिलाधिकारी को बाढ़ चैकियों की स्थापना और निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने को निर्देश दिए। गोताखोरों और नाविकों की सूची तैयार कर, जनपद में उपलब्ध नावों का चिन्हीकरण किया जाएगा तथा उन्हें आवश्यक सेफ्टी किट वितरित किए जाएंगे।

मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए गए कि जीवनरक्षक दवाओं एवं सर्पदंश की औषधियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। वहीं, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पशुशालाओं और राहत शिविरों में पशुओं के लिए चारा, भूसा और ठहरने की व्यवस्था पहले से करने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका और नगर पंचायतों को कैम्पों में पीने के पानी की व्यवस्था, जल निकासी के लिए लिफ्टर और पम्पिंग सेट सहित अन्य आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि बाढ़ राहत हेतु खाद्यान्न सामग्री की निविदा प्रक्रिया आगामी 15 दिनों में पूर्ण कर ली जाए। साथ ही, महिलाओं एवं किशोरियों के लिए डिग्निटी किट की व्यवस्था हेतु भी निविदा प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ समय से पूर्व पूरी तैयारियां सुनिश्चित करें ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। उन्होंने कहा कि बरसात में जलभराव की समस्या को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। मलंगा नाल, पाडरी पुल, तहसील माधौगढ़ परिसर, देव नगर चैराहा व मोहल्ला सुशीलनगर (उरई) में जलभराव की आशंका को देखते हुए पहले से कार्य योजना बनाकर सफाई कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, समस्त उप जिलाधिकारी, उपायुक्त स्वतः रोजगार महेंद्र चैबे, अधिशासी अभियंता बेतवा नहर प्रखंड प्रथम धर्म घोष आदि सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## मत्स्य पालकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

उरई, 07 मई (तरूणमित्र)। सहायक निदेशक मत्स्य, डॉ. मुनीश कुमार ने जानकारी दी है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना के अंतर्गत विभिन्न लाभ प्रदान किए जाएंगे। इनमें चिकित्सा सहायता, दैवीय आपदा राहत, शिक्षा सहायता एवं वैवाहिक सहायता शामिल हैं। इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक जनसामान्य तक पहुँचाने के उद्देश्य से विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। योजनाओं से संबंधित परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं विस्तृत दिशा-निर्देश इसी पोर्टल पर उपलब्ध हैं। इच्छुक लाभार्थी आवेदन से पूर्व समस्त जानकारी पोर्टल पर देख सकते हैं। इसके अलावा, कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, जालौन (स्थान-उरई) में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## अनुसूचित जाति, जनजाति के छात्रों के लिए नि:शुल्क छात्रावासीय सुविधा उपलब्ध

उरई, 07 मई (तरूणमित्र)। जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में अध्ययनरत छात्रों को सूचित किया जाता है कि समाज कल्याण विभाग जालौन स्थान उरई द्वारा जनपद में अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों के लिए निःशुल्क छात्रावासीय सुविधा उपलब्ध है। ये छात्रावास उरई, जालौन, शेखपुर बुजुर्ग एवं कालपी में स्थापित हैं। उक्त छात्रावासों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र विज्ञापन तिथि से दिनांक 25.05.2025 तक छात्रावास कार्यालयों से प्राप्त कर सकते हैं तथा दिनांक 31.05.2025 तक समस्त अभिलेख/औपचारिकतायें पूर्ण कर आवेदन पत्र सम्बन्धित छात्रावास में अवश्य जमा कर दें। उक्त दिनांक के पश्चात आये आवेदन पत्रों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

# गरीब, पिछड़े मुसलमानों के हित में है वक्फ कानून: उस्मानी

उरई, 07 मई (तरूणमित्र)। वक्फ कानून पर भ्रांतियों को दूर करने के लिए आकांक्षा रिसोर्ट में कार्यशाला हुई। इसमें कानून के बारे में विस्तार से समझाया गया। मुस्लिमो को इसके बारे में अपने अपने मंडल में जाकर अल्पसंख्यक वर्ग तक सही जानकारी पहुंचाने के लिए कहा गया। बताया गया कि वक्फ कानून गरीब और पिछड़े मुसलमानों के हित में है।

मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री अनस उस्मानी ने कहा कि वक्फ कानून पसमांदा मुस्लिम व महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक रूप से मजबूत करने में सहायक होगा। कहा कि देश में पसमादा मुस्लिम की आबादी 85 फीसदी से अधिक है, उनका वक्फ बोर्ड में न कोई अध्यक्ष और न ही समिति में कोई सदस्य हैं। ज्यादातर भू माफिया वक्फ बोर्ड में काबिज है। इसका दुरुपयोग रोकने के लिए केंद्र सरकार ने गरीब मुसलमान के उत्थान के लिए बिल पारित किया गया है। जिला प्रभारी अशोक जाटव ने कहा कि 1954 में वक्फ बोर्ड के पास केवल 10 एकड़ जमीन थी। 1995 में यह बढ़कर 18 लाख एकड़ हो गई है। 2013 में संशोधन के बाद यह बढ़कर 38 लाख एकड़ हो गई है। कहा कि संशोधित वक्फ कानून गरीब मुसलमान को लाभ पहुंचाएगा। विपक्षी दल लगातार लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। वही आये हुए अतिथियों का जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी ने आभार जताते हुए कहा कि सभी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने-अपने मंडल में वक्फ कानून के बारे में समाज में चर्चा करें। जिससे मुस्लिम समाज में फैली भ्रांति दूर हो सके।

# जिला स्तरीय, निर्यात प्रोत्साहन समिति उप्र टूरिज्म पॉलिसी बैठक सपन्न

**मैनपुरी, 07 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जिला स्तरीय, निर्यात प्रोत्साहन समिति, उ.प्र. टूरिज्म पॉलिसी की बैठक में उपस्थित उद्यमियों, व्यापारियों से कहा कि प्रदेश सरकार टूरिज्म यूनिट संबंधी गतिविधियों अनुदान सब्सिडी का प्राविधान किया है, पर्यटन विभाग द्वारा होटल, ढाबा, वाटर पार्क, एडवेंचर पार्क, रिसॉर्ट, कन्वेंशन सेंटर आदि की स्थापना पर सरकार द्वारा 25 प्रतिशत, महिला, अनुसूचित जाति, जनजाति हेतु 30 प्रतिशत की कैपिटल सब्सिडी का प्राविधान किया है इसके अतिरिक्त निवेशक को भू-उपयोग शुल्क, विकास शुल्क, स्टाम्प शुल्क में भी 100 प्रतिशत की छूट का प्राविधान है। पर्यटन विभाग द्वारा निवेशकों की सुविधा के लिए पंजीकरण एवं



सब्सिडी आवेदन हेतु ऑनलाइन पोर्टल भी विकसित किया गया है। उन्होने पर्यटन अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि पर्यटन नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार कर निवेशकों को लाभ दिलाये जाने के लिए प्रभावी कार्यवाही करें।

श्री सिंह ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा के दौरान नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ बैंकर्स द्वारा शासन की जन-कल्याणकारी, लाभार्थीपरक योजनाओं में ऋण वितरण में रुचि नहीं ली जा रही है। उन्होंने बैंकर्स को हिदायत देते हुए कहा कि बैंकर्स सिर्फ धनराशि जमा करने में दिलचस्पी न दिखाएं बल्कि कमजोर वर्ग के व्यक्तियों, युवाओं को सशक्त, आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाने हेतु शासन की संचालित योजनाओं में प्राथमिकता पर ऋण वितरण करना सुनिश्चित करें ताकि युवा अपना स्वतः रोजगार स्थापित कर आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सके। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में विशेष तौर पर एक्सिस बैंक, एच.डी.एफ.सी. बैंक, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक, आई.डी.बी.आई., पंजाब नेशनल बैंक द्वारा पत्रावलियों को स्वीकृत करने, स्वीकृत पत्रावलियों पर ऋण वितरण में विलंब करने की शिकायतें निरंतर मिल रही है। उन्होंने उक्त बैंक के शाखा प्रबंधकों को सचेत करते हुए कहा कि कार्यशैली सुधारें अन्यथा की दशा में कार्यवाही को तैयार रहें। उन्होंने समीक्षा के दौरान पाया कि चालू वित्तीय वर्ष में योजना के अंतर्गत वार्षिक लक्ष्य 1700 के सापेक्ष विभिन्न बैंकों को माह अप्रैल में 432 पत्रावलियां प्रेषित की गई, जिसमें से बैंकर्स द्वारा मात्र 156 पत्रावलियों को स्वीकृत कर 100 पर ही ऋण वितरण किया गया, एक्सिस बैंक, एच.डी.एफ.सी. बैंक, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक, आई.डी.बी.आई. बैंक द्वारा एक भी पत्रावली पर ऋण वितरण नहीं किया गया जबकि पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 17 पत्रावलियों में से मात्र 01 पत्रावली को स्वीकृत किया गया और उस पर भी ऋण वितरण नहीं किया गया, यह स्थिति किसी भी दशा में ठीक नहीं है, बैंकर्स कार्यशैली सुधार लोगों के हितों को ध्यान में रख कार्य करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्ञानेश्वर प्रसाद, उपायुक्त उद्योग उत्कर्ष चन्द्र, जिला अग्रणी प्रबन्धक रामचन्द्र शाहा, उप कृषि निदेशक नरेंद्र कुमार त्रिपाठी, प्रधानाचार्य आई.टी.आई. रवि भूषण, जिला उद्यान अधिकारी ए.के. चतुवेर्दी, सहायक प्रबन्धक उद्योग अजय परिहार, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, उद्यमी लक्ष्मी नारायण तापड़िया, राघव तापड़िया, सुनील अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अंकित भटनागर आदि उपस्थित रहे, बैठक का संचालन जिला पर्यटन अधिकारी विशाल श्रीवास्तव ने किया।

# दलित अभियुक्तों के साथ मारपीट की घटना में पुलिस जॉच में अभियुक्त दोषी

**अलीगढ़, 07 मई (तरूणमित्र)।** लोधा थाना क्षेत्र में नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के आरोपी जिन यू-ट्यूबरों की ग्रामीणों ने पिटाई की थी, वह रोज छात्रा का पीछा करते थे। छात्रा जब स्कूल से घर और घर से स्कूल आती-जाती थी तो आरोपी उसके पीछे बाइक लगा देते थे। रास्ते में आरोपी उसके साथ छींटाकशी भी करते थे। पुलिस की जॉच में सामने आया है कि आरोपी पिछले एक सप्ताह से लगातार छात्रा को परेशान कर रहे थे। इसके बाद ही ग्रामीणों ने उनकी पिटाई करके उन्हें पुलिस के हवाले किया था। पुलिस ने इस सारी घटना के सीसीटीवी फुटेज भी जारी कर दिए हैं, जिसमें आरोपी छात्रा का बाइक से पीछा करते नजर आ रहे हैं। आरोपियों के खिलाफ बीते दिनों पॉस्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था।

लोधा के गॉव चिकावटी में छात्रा दोपहर को अपने घर जा रही थी। रास्ते में तीनों आरोपी प्रदीप पुत्र भगवती प्रसाद, छविकांत पुत्र सुखपा सिंह और राहुल पुत्र सूर्यकांत ने छात्रा पर छींटाकशी की थी और उसके साथ छेड़छाड़ की थी। जिस पर छात्रा ने शोर मचाया था।

छात्रा की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण वहां पहुंच गए थे और उन्होंने तीनों आरोपियों की पकड़कर पिटाई कर दी थी। ग्रामीणों ने तीनों को नंगा करके पीटा था, जिसके लोगों ने वीडियो बना लिए थे। इसके बाद ग्रामीणों ने युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया था। पहले दिन पुलिस ने तीनों को शांति भंग में पाबंद करके छोड़ दिया था।

# दस स्कूलों सहित विभिन्न संस्थानों एवं स्थानों पर मॉकड्रिल का आयोजन

## सायरन के महत्व को समझना जरूरी, स्वयं जागरूक होते हुए दूसरों को भी जागरूक करें : डीएम

**गाजियाबाद, 07 मई (तरूणमित्र)।** भारत सरकार के निर्देशानुसार 7 मई 2025 को ऑपरेशन 'अभ्यास' के अंतर्गत सिविल डिफेंस द्वारा हवाई हमले के दौरान सायरन द्वारा ध्वनि संकेत के माध्यम से स्कूल के विद्यार्थियों को अपने और परिवार के लोगों का कैसे बचाव किया जा सकता है इसके लिए प्रशिक्षित करने हेतु जनपद गाजियाबाद के दस विभिन्न स्कूलों में एक मॉक ड्रिल का आयोजन जिला प्रशासन और सिविल डिफेंस गाजियाबाद द्वारा प्रातः 9.00 से 10.00 बजे कराया गया। जनपद गाजियाबाद में विभिन्न संस्थानों व स्थानों पर पुलिस विभाग, एनसीसी, एजेन्सियों सहित अन्य विभागों द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

नगर पालिका इंटर कॉलेज नवयुग मार्केट गाजियाबाद पर काल्पनिक हवाई हमले से बचाव की मॉक ड्रिल के दौरान डीएम दीपक मीणा ने अपनी उपस्थिति में मॉक ड्रिल का अवलोकन किया। इस दौरान सिविल डिफेंस द्वारा सायरन के महत्व को समझाते हुए मॉकड्रिल किया गया और छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया। उन्होने बताया कि हवाई हमले की स्थिति में सायरन बजाया जायेगा जो कि तेज व धीमी आवाज में बजेगा। जिसके बजने पर सभी को अपने घरों में या सुरक्षित स्थानों पर छिपना है।

इस दौरान आवासीय, व्यवसायिक सहित सभी स्थानों पर लाईट बंद करनी है किसी भी प्रकार का उपकरण संचालित नहीं करना हैं जिससे कोई खतरा उत्पन्न ना हो। गैस के वॉल को बंद रखना है। यदि आप खुले स्थान पर हैं तो अपने सिर की सुरक्षा करते हुए जमीन पर लेटना है। वहीं खतरा की स्थिति समाप्त होने पर दूसरा सायरन बजाया




जायेगा जो तेज ध्वनि में बजेगा। डीएम दीपक मीणा ने इस मौके पर कहा कि हवाई हमले की स्थिति में सूझबूझ के साथ परिस्थिति को सम्भालना है व सुरक्षित रहने का हर सम्भव प्रयास करना है। घबराहट, भगदड़ आदि परिस्थितियां उत्पन्न ना होने दे। मॉक ड्रिल, टीवी, रेडियों, समाचार पत्रों, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से ऐसी परिस्थितियों से निकलने के उपाय देखें। स्वयं जागरूक होते हुए दूसरों को भी जागरूक करें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गंभीर सिंह, अपर नगर आयुक्त अरुण यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अखिलेश मोहन, अयान जैन आईएएस ट्रेनी, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, चीफ वार्डन ललित जायसवाल, प्रभारी मुख्यालय/सहायक उप नियंत्रक गुलाम नबी, स्कूल के प्रिंसिपल डॉक्टर अंतिम चौधरी, डिविजनल वार्डन राजेंद्र शर्मा, अनिल अग्रवाल सहित भारी संख्या में सिविल डिफेंस के वार्डन ने प्रतिभाग किया तथा स्कूल के पूरे स्टाफ और टीचर्स का भरपूर सहयोग किया गया।

इसी के साथ शहर के शंभु दयाल इंटर कॉलेज, गुरु नानक इंटर कॉलेज, सेठ मुकुंद लाल इंटर कालेज, राजकीय कन्या इंटर कालेज, जेकेजी इंटर कालेज, स्वामी विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर, खेतान पब्लिक स्कूल, नगर पालिका इंटर कालेज साहिबाबाद और पद्मश्री एनएन मोहन पब्लिक स्कूल पर भी यह मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

# मथुरा में बढ़ी चौकसी, अजनबियों पर पैनी नजर

**मथुरा, 07 मई (तरूणमित्र)।** बॉर्डर पर तनाव के बीच आंतरिक सुरक्षा को भी चुस्त किया गया है। प्रमुख मंदिरों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सघन चौकिंग अभियान चलाया गया। वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सघन तलाशी कराई जा रही है। किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जा रही है। जहां एक ओर खुशियां मनाई जा रही है



तो वहीं पुलिसकर्मी मुस्तैदी से तैनात हैं। जगह जगह चेकिंग पॉइंट बने हुए हैं। मेटल डिटेक्टर से चेकिंग की जा रही है। रेलवे जंक्शन पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया है। जीआरपी और आरपीएफ के अधिकारियों ने चेकिंग चला कर व्यवस्था पर की। आरपीएफ सहायक आयुक्त एके सिंह ने थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश गोस्वामी के साथ जंक्शन के प्लेटफार्म एक और दो पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए जंक्शन पर फोर्स तैनात की है। दिल्ली की ओर से आने वाली सभी ट्रेनों पर टीम कोच में जाकर चेकिंग करेगी, इसके अलावा संदिग्ध चीजों पर भी टीम की कड़ी निगरानी रहेगी।

# ट्रक ने साइकिल को मारी टक्कर, राजमिस्त्री की मौत

**अलीगढ़, 07 मई (तरूणमित्र)।** बुधवार सुबह एक साइकिल सवार की ट्रक से टक्कर में मौत हो गई, मृतक की पहचान क्यामपुर गॉव निवासी 44 वर्षीय भूपाल सिंह के रूप में हुई है, वह पेशे से राजमिस्त्री थे। भूपाल सिंह रोजाना की तरह साइकिल से अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे, इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि भूपाल सिंह ट्रक के टायर के नीचे आ गए, हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। मृतक के ठेकेदार सीताराम ने बताया कि भूपाल सिंह पिछले 6 वर्षों से उनके साथ काम कर रहे थे। घटना की सुबह उनकी भूपाल सिंह से फोन पर बात हुई थी। शव करीब आधे घंटे तक ट्रक के टायर के नीचे पड़ा रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को हटवाया और शव को बाहर निकाला। तो वहीं थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार शर्मा के अनुसार पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है।

# जल निकासी : लगातार मॉनीटरिंग कर रहे नगर आयुक्त, डीएम भी पहुंचे

**मथुरा, 07 मई (तरूणमित्र)।** वर्षा ऋतु से पूर्व नगर निगम द्वारा बृहद अभियान चलाकर नाला सफाई का कार्य कराया जा रहा है। जिसके दृष्टिगत नगर निगम टीम के द्वारा नगर आयुक्त शशांक चौधरी के निर्देशन पर विशेष अभियान चलाकर नालों के ऊपर किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए नाला सफाई का कार्य कराया जा रहा है।

कार्यों का नगर आयुक्त द्वारा नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जिला अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने नगर निगम टीम के साथ भैंस बहोरा क्षेत्र में स्थित मुख्य नाले की साफ सफाई, अतिक्रमण आदि व्यवस्थाओं का पैदल भ्रमण कर सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी एवं नगर आयुक्त द्वार भैंस बहोरा नाले के सभी चोक पॉइंट्स तथा नाले से




जुड़े हुए सभी मार्गों का पैदल भ्रमण कर नाले के ऊपर किए गए अतिक्रमण नाले की सफाई, जल निकासी, नाले की चौड़ाई गहराई आदि सभी स्थिति का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ स्थानीय लोगों द्वारा नाले के ऊपर स्लैब तथा पटिया डालकर अतिक्रमण किया गया है। स्थानीय लोगों से स्वतः अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया है। अतिक्रमण नहीं हटाने की स्थिति में नगर निगम टीम को अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोपाल बाबू गर्ग, सहायक अभियंता निर्माण शशांक सिंह, सफाई निरीक्षक राजकुमार लवानिया आदि उपस्थित रहे।

केआर कॉलेज वाले नाले के लिए प्रोजेक्ट होगा तैयार

डीएम ने निर्देश दिए हैं कि जिस जिस जगह से नाला संकरा है उसे चौड़ा कर रिटेन वॉल बनाने की कार्यवाही की जाए। साथ ही केआर गर्ल्स डिग्री कॉलेज से कैलाश नगर मोड़ तक नाले को सुव्यवस्थित करने के लिए प्रोजेक्ट के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। जिससे नाले में पानी का बहाव सुगमता से हो सके। इसके अतिरिक्त के.आर गर्ल्स डिग्री कॉलेज के पास स्थिति कूड़ा स्थल के लिए स्थानीय निवासियों को कूड़ा डालने के लिए दो कूड़ा गाड़ियों को खड़ी करने तथा कूड़ा स्थल को सौंदर्यीकरण कराने के लिए निर्देश दिए गए।

# शहर से गांव तक गूंजे भारत माता के जयकारे

**मथुरा, 07 मई (तरूणमित्र)।** बुधवार की सुबह जोश और जुनुन से लबरेज थी। हर चेहरे पर जोश साफ दिख रहा था। लोग एक दूसरे को बता रहे थे कि रात भारतीय सेना ने किस तरह पराक्रम किया। हर जगह सिर्फ ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा थी। जगह जगह आतिशबाजी की गई, लोगों ने मिठाई खिलाकर खुशियां मनाईं। राया में क्षेत्रीय लोगों ने हाथरस मथुरा मार्ग नेहरू पार्क पर जमकर आतिशबाजी चलायी। पाकिस्तान मुर्दाबाद भारत माता की जय के नारे लगाए। आतिशबाजी चलाकर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा के मंडल अध्यक्ष रामकुमार उपाध्याय राकेश बंसल मोहन नारायण अग्रवाल पवन अग्रवाल मनोज नागर विकास चौधरी अंकुर देवा प्रधान प्रमोद कुमार नितेश पाठक गोविंद सिंह मनोज शर्मा चौधरी शेखर सिंह अफजल , आदि मौजूद रहे। वृंदावन में व्यापारियों ने नगर की अनाज मंडी में नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने एकत्रित होकर हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए भारतीय सेना को सलाम करते हुए हर्ष व्यक्त किया। वहीं इस मौके पर पदाधिकारियों के द्वारा आतिशबाजी और मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। इस मौके पर विस्तृत जानकारी देते हुए व्यापार मंडल के अध्यक्ष आलोक बंसल और चेयरमैन धनेंद्र अग्रवाल बॉबी ने बताया कि आज हर हिंदुस्तानी के लिए बहुत ही गर्व का विषय है। इस मौके पर लक्ष्मी नारायण दीक्षित, आनंद गुप्ता, भीमसेन अग्रवाल, चंद्र प्रकाश अग्रवाल, बालकिशन वार्ष्णेय, लक्ष्मी नारायण सैनी, मुकेश शर्मा, वीरेंद्र सिंह सिसोदिया आदि मौजूद रहे। मथुरा में होली गेट पर लोगों ने जश्न मनाया।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **28.05.2025 को 15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 04902025 dated 06.05.2025 | |
| निविदा संख्या | (1) 06/DEN-V-LKO/2025-26 (2) 09/DEN-V-LKO/2025-26 (3) 10/DEN-V-LKO/2025-26 | |
| कार्य का नाम | (1) अयोध्या और अयोध्या कैंट में विभिन्न बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क जलापूर्ति नालियां सीवरेज प्रणाली सेप्टिक टैंक आदि का सुधार और संवर्द्धन।<br>(2) मंडल अभियंता/पंचम लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता अयोध्या कैंट के अधीन एलसी संख्या 92, 132, 148 पर तथा सहायक मंडल अभियंता (द्वितीय)/लखनऊ के अधीन एलसी संख्या 171, 1 पर दबाव ग्राउटिंग द्वारा जोड़ो को सील करने नाबदान कुओं की सफाई रिटेनिंग दीवारों को ऊपर उठाने पहुंच मार्गो पर रिवर्स ढलान का प्रावधान पीसीसी कार्य और जलभराव रोकने के लिए अन्य उपायों जैसे सुधारात्मक उपायों का प्रावधान।<br>(3) मंडल इंजीनियर/पंचम लखनऊ के अधीन डी स्ट्रेसिंग टीएफआर 59.570 टी के एम और एबीपी एवाईसी बीबीके एलबीएच अनुभाग में अन्य संबद्ध कार्य। | |
| अनुमानित लागत | (1) Rs.2,31,09,594.90 (2) Rs.3,31,86,693.86 (3) Rs.92,29,551.16 | |
| धरोहर राशि | (1) Rs.2,65,600.00 (2) Rs.3,15,900.00 (3) Rs.1,84,600.00 | |
| कार्य की समापन अवधि | 1 एवं 3 के लिये | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 6 माह। |
| | 2 के लिये | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 14.05.2025 | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 28.05.2025 at 15:00 hrs | |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in | |

नोटः– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1350/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पेज 1 का शेष...

### भारत ने पहलगाम हमले...

उन्होंने लोगों को उनके परिवार के सदस्यों के सामने सिर में गोली मारी। परिवार के सदस्यों को जानबूझकर आघात पहुंचाया गया और उन्हें नसीहत दी गई कि वो वापस जाकर इस संदेश को पहुंचा दें। यह हमला स्पष्ट रूप से जम्मू-कश्मीर में बहाल हो रही सामान्य स्थिति को बाधित करने के उद्देश्य से किया गया था।

बताया जा रहा है कि आतंकी मसूद अजहर के दस रिश्तेदार मारे गए है। पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ देश में उपजा गम और गुस्सा आज सुबह नए जज्बे के रूप में दिखा। पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ आधी रात बाद किए गए वायु सेना के ऑपरेशन सिंदूर को सुनकर लोगों के कलेजे को कुछ ठंडक पहुंचीं। हमले में अपने परिजनों को गंवाने वालों ने बदला लेने के लिए भारतीय सेना को सलाम करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया।मंगलवार की आधी रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया। भारत ने बिना सीमा पार किए हैमर, संकल्प और मिसाइलों से पाकिस्तान और पीओके के नौ आतंकी शिविरों पर हमला करके जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिद्दीन के ठिकानों को तबाह कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर भारी गोलाबारी शुरू कर दी है। भारतीय सेना ने एलओसी पर पाकिस्तानी गोलीबारी का सटीक जवाब दिया है। भारत द्वारा पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों पर देर रात किए गए हमले के बाद उपजे सैन्य तनाव का असर विमानन सेवाओं पर भी दिखाई देने लगा है। सुरक्षा कारणों से देश के कई हवाई अड्डों से उड़ान सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दी गई हैं। एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट जैसी प्रमुख विमानन कंपनियों ने अपने-अपने बयान जारी करते हुए यात्रियों से सतर्कता बरतने और अपडेट रहने की सलाह दी है।

एयर इंडिया ने एक बयान में कहा है कि जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट से 7 मई दोपहर 12 बजे तक सभी उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। कंपनी ने बताया कि यह निर्णय स्थानीय अधिकारियों से आगे कोई निर्देश मिलने तक लिया गया है। साथ ही अमृतसर की ओर जा रही दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को दिल्ली की ओर मोड़ दिया गया है।अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि वे भारत और पाकिस्तान की स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस टिप्पणी को दोहराया है जिसमें इस टकराव के जल्द शांतिपूर्वक समाप्त होने की उम्मीद जताई गई थी। विदेश मंत्री रुबियो ने कहा कि अमेरिका दोनों देशों की नेतृत्व से बातचीत कर शांति की दिशा में प्रयास करता रहेगा।

### पुंछ में पाक की भारी...

दहशत फैल गई है जिन्हें मजबूरन भूमिगत बंकरों में शरण लेनी पड़ी है या अपने गांवों के अंदर या बाहर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा है। उन्होंने बताया कि पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास बालाकोट, मेंढर, मनकोट, कृष्णा घाटी, गुलपुर, केरनी और पुंछ जिला मुख्यालय से भी गोलाबारी की खबर मिली है जिससे दर्जनों रिहायशी घरों को नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों के मुताबिक पाकिस्तानी गोलाबारी में बलविंदर कौर उर्फ रूबी (33), मोहम्मद जैन खान (10), उनकी बड़ी बहन जोया खान (12), मोहम्मद अकरम (40), अमरीक सिंह (55), मोहम्मद इकबाल (45), रंजीत सिंह (48), शकीला बी (40), अमरजीत सिंह (47), मरियम खातून (7), विहान भार्गव (13) और मोहम्मद रफी (40) की मौत हुई है। बारामुला जिले के उरी सेक्टर में सीमा पार से गोलाबारी में पांच नाबालिग बच्चों सहित दस लोग घायल हो गए जबकि राजौरी जिले में तीन अन्य घायल हो गए। कुपवाड़ा जिले के करनाह सेक्टर में गोलाबारी के कारण कई घरों में आग लग गई। दोपहर तक सीमा पार से गोलाबारी तेज रही और बाद में रुक-रुक कर जारी रही जो ज्यादातर पुंछ सेक्टर तक ही सीमित रही। अधिकारियों ने बताया कि भारी गोलाबारी के कारण स्थानीय लोगों को पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पुंछ बस स्टैंड पर भी गोलाबारी हुई है, जिससे कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि 6 और 7 मई की रात के दौरान पाकिस्तानी सेना ने जम्मू और कश्मीर के सामने नियंत्रण रेखा पार चौकियों से तोपखाने की गोलाबारी सहित मनमानी गोलीबारी का सहारा लिया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना आनुपातिक तरीके से जवाब दे रही है। जवाबी कार्रवाई में भारतीय सैनिकों ने दुश्मन सेना की कई चौकियों को नष्ट कर दिया, जिससे कई सैनिक हताहत हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि अंतिम रिपोर्ट मिलने तक पुंछ सहित कुछ सेक्टरों में दोनों पक्षों के बीच सीमा पार से गोलीबारी जारी थी।

### हादसे में एक परिवार के...

(पुत्री बृजेश), और मंदा (पुत्री जमुना प्रसाद), निवासी मोतीपुर, जिला बहराइच सवार थे। बताया जा रहा है कि कार चालक बृजेश को नींद की झपकी आ गई, जिससे कार का संतुलन बिगड़ गया और वह डिवाइडर तोड़कर झांसी की ओर से आ रहे ट्रक में जा भिड़ी। इस हादसे में बृजेश, उसकी पत्नी प्रीति, संगीता, सिद्दीका और अत्ताशय की मौके पर ही मौत हो गई। राहत और बचाव कार्य के दौरान गैस कटर की मदद से शवों को बाहर निकाला गया। हादसे की सूचना मिलते ही एट थाना पुलिस, सीओ कोच और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद कार में फंसे शवों को बाहर निकाला और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी भेजा गया। पुलिस ने हादसे की जानकारी मृतकों के परिजनों को दे दी है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में मनाई रविन्द्र नाथ टैगोर की जयंती

**अलीगढ़, 07 मई (तरूणमित्र)।** विद्या भारती से संबद्ध सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खैर मार्ग में रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विजय प्रकाश शर्मा एवं अशोक सारस्वत ने संयुक्त रूप से रवीन्द्रनाथ टैगोर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया। शिक्षक अतुल सिंह ने रवीन्द्रनाथ टैगोर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कवि एवं नोबल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर के उपन्यास, कहानियां, गीत, नृत्य नाटक और निबंध राजनीतिक और व्यक्तिगत विषयों पर बात करते थे। भारत का जन गण मन और बांग्लादेश का आमार सोनार बांग्ला उनके द्वारा ही लिखा गया था।


**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रताप शंकर उर्फ पहाड़ी पुत्र राजेंद्र प्रसाद ग्राम किठूरी थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी का मूल निवासी हूं मेरे दो पुत्र व तीन पुत्रियां हैं मेरे बड़े पुत्र हिमांशु मिश्रा का चाल चलन सही नहीं है इसलिए मैं उसे अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं उसके द्वारा किए गए कृत्य से मेरा कोई सरोकार नहीं है।

नाम पता उपरोक्त



**कार्यालयः जिला पंचायत, उन्नाव**

पत्रांक : 01 /अस्थि चर्म /जि0पं0उ0 /2025-26 दिनांक- 06 मई, 2025

**अल्पकालिक अस्थि चर्म निविदा सूचना वर्ष 2025-26**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय पत्रांक- 09/अस्थिचर्म/जि0पं0/2024-25 दिनांक 04 मार्च, 2025 के द्वारा मृत पशु शव निस्तारण एवं भण्डारण का लाइसेंस/ठेका वर्ष 2025-26 हेतु दिनांक 29.03.2025 को निविदायें आमंत्रित की गयी थी। जिसे मा० अध्यक्ष महोदया की स्वीकृति के क्रम में 09.04.2025 तक बढ़ाते हये निविदा उसी दिन खोली गयी। उक्त तिथियों में प्राप्त निविदाओं की स्वीकृति पश्चात अवशेष विकास खण्डों की न्याय पंचायतों हेतु मृत पशु शव निस्तारण एवं भण्डारण हेतु पुनः निविदायें दिनांक- 15-05-2025 समय 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उसी दिन दिनांक-15-05-2025 को अपरान्ह 3.00 बजे से निविदादाताओं की उपस्थिति में निविदा समिति के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में की जा सकती है। दिनांक-15-05-2025 के उपरान्त अवशेष न्याय पंचायतों में मृत पशु शव निस्तारण एवं भण्डारण हेतु नीलामी की कार्यवाही प्रत्येक बुद्धवार को मूल निविदानुसार कार्यालय में अपरान्ह 2.00 बजे से की जायेगी। निविदा के नियम व शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

**अवशेष विकास खण्डों एवं न्याय पंचायतों का विवरण**

| क०सं० | विकास खण्ड | न्याय पंचायतें |
|---|---|---|
| 1 | मियागंज | पाठकपुर, परेंदा, तियर,, बरहाकला। |
| 2 | फतेहपुर चौरासी | लवानीकला, अहमदाबाद माथर, सकराबाद, भड़सर नौसहरा, कटिघरा, बारीथाना, राजेपुर, फरदापुर, जाजामऊ। |
| 3 | सफीपुर | अटवा, अतहा, देवगांव, दरौली, सरायंसकहन, मऊमंसूरपुर, ब्रम्हना, रूपपुर चन्देला। |
| 4 | बिछिया | चांदपुर (औ० क्षेत्र सा० नं०-01 व सा० नं०-02सहित) कोरारीकलां, कुइथर, मुलुकगड़ार, बिछिया, पड़रीखुर्द, पड़रीकलां, डीह, तौरा, जमुका, मुर्तजानगर, रूपऊ । |
| 5 | गंजमुरादाबाद | अटवाबैक, अमीरपुर गम्भीरपुर, दसगवां, सुल्तानपुर, भिखारीपुर पतसिया, बल्लापुर, व्योली इस्लामाबाद, रूरी सादिकपुर। |
| 6 | औरास | नन्दौली, शाहपुरतोंदा, रामपुरगढ़ौदा, परथ्यावां, परसहरा, टिकरासामद, दिपवल, मिर्जापुर अजगांव, मवई, बछौली। |
| 7 | सि०सरोसी | गंगौली, अकबरपुर दबौली, देवाराकलां, सरैया, शंकरपुर सरायं, पतारी, भदेवरा, हाजीपुर, सिकन्दरपुर सिहुरा, बन्दा खेड़ा, ख्वाजगीपुर, ऐराभदियार, परियर। |
| 8 | सि० कर्ण | बन्थर (औ0 क्षेत्र सा० नं0-01 सहित) अचलगंज, पंसारी, हड़हा, सि०कर्ण, मनोहरपुर, मसवासी, कोलुहागाड़ा, कर्नीबिजलामऊ, बदरका, बहुराजमऊ, बेथर, खुटहानौगवां, खरौली। |
| 9 | सुमेरपुर | गोबरहा, अहिरौरा, जगतपुर, चैनपुर, देवारा, छाछीराईखेड़ा, सहिला, संग्रामपुर, पाटन, भटखेरवा, भदेवरा, बिहार, खिजौली, महेश खेड़ा, मनिकापुर। |
| 10 | नवाबगंज | गौरा कठेरुवा, गोरिन्दा, अजगैन, जनसार, चमरौली, सोहरामऊ, रायपुरगढ़ी, भैसौरा, कटेहरू, ऐतबारपुर। |

(वर्तिका)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, उन्नाव

(शकुन सिंह)
अध्यक्ष
जिला पंचायत, उन्नाव


स्वत्वाधिकार-श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर संस्थापक, संपादक स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक व संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, 23 जहांगीराबाद मेंशन अशोक रोड हजरतगंज, लखनऊ से प्रकाशित। फोन- 0522-4067598, 2288985, 2288968, फैक्स- 0522-4066898, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25 Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।






नगर निगम लखनऊ जोन-5 क्षेत्र में अतिक्रमण हटाता नगर निगम दस्ता। छाया: तरूणमित्र

# परेड ग्राउंड बना मोहल्ला, सायरन बजते ही लेट गये लोग

**लखनऊ, 07 मई (तरूणमित्र)।** पुलिस लाइन में ब्लैक आउट की मॉक ड्रिल की गई। शहर के लगभग पांच हजार लोग युद्ध के लिए तैयार किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस दौरान पुलिस लाइन पहुंचे। मॉक ड्रिल से पहले पुलिस लाइन को मोहल्ले के रूप में बदला गया है। वहां बच्चे खेल रहे थे।

महिलाएं मंदिर में भजन-कीर्तन कर रही थी,इस दौरान हमला हो गया। बचाव के लिए मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान कैमिकल अटैक से



बचने के उपाय भी बताये गए। मॉक ड्रिल की रिहर्सल के दौरान

## कैमिकल अटैक से बचने के उपाय बताये

बमबारी-भगदड़ का सीन क्रिएट किया गया।

सिविल डिफेंस टीम को बताया गया कि बमबारी हुई और भगदड़ मची। कई लोग घायल हो गए हैं। पुलिस जवान के साथ लोग घायलों को घटनास्थल से बाहर निकालकर मेडिकल पोस्ट पर लाते हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया जाता है। भारत के पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद बुधवार को दिनभर शहर में जश्न का माहौल रहा। लोग तिरंगा लेकर सड़कों पर निकले।

आर्मी के लिए जिंदाबाद के नारे लगाए। सीएम योगी ने आदेश दिया कि सभी विभाग अलर्ट रहें। सोशल मीडिया की निगरानी की जाए। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि एयर स्ट्राइक में उन लोगों का खानदान मिटा दिया गया। पूरी मॉक ड्रिल ब्लैक आउट के दौरान ही दिखाई गई। लोगों को दिखने के लिए एलईडी से फोकस किया गया। एसडीआरएफ की टीम लोगों को केमिकल अटैक से बचने के उपाय बताये। साथ ही स्निफर डॉग से मलबे में फंसे लोगों की पहचान कराई गई। इसके साथ ही सिलेंडर में लगी आग को सिविल डिफेंस वाले काबू पाते दिखे।

वही हवाई हमले के बाद घरों में आग लगने का सीन भी बनाया गया। हमले में घरों में आग लगने के बाद लोगों को बचाया गया। एम्बुलेंस, फायर और पुलिस प्रशासन की टीम रेस्क्यू में लगी रही।

## वेबकास्ट पोषण पाठशाला आज

**लखनऊ।** महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग के तत्वाधान में मातृ पोषण, स्तनपान और गर्मी से बचाव के उद्देश्य से 8 मई, 2025 को पूर्वाहन 11 बजे से 01:30 बजे तक वेबकास्ट पोषण पाठशाला का आयोजन किया गया है। पोषण पाठशाला में महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार मंत्री श्रीमती बेबीरानी मौर्य व राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला भी जुड़ेगी। पोषण पाठशाला के विशेषज्ञ/पैनलिस्ट प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग लीना जौहरी, विभागाध्यक्ष प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, वाइस-डीन एकेडमिक्स केजीएमयू लखनऊ डा. अंजू अग्रवाल, सलाहकार एवं आरआरटीसी नोडल उप्र तकनीकी सहयोग इकाई, (यूपीटीएसयू) लखनऊ डा. सीमा टंडन, वरिष्ठ सलाहकार (बालरोग) वीरांगना अवंतीबाई महिला अस्पताल (डफरिन) लखनऊ, डा. मो. सलमान खान होंगे।




ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर अमीनाबाद में खुशी मनाते उप्र आदर्श व्यापार मंडल के सदस्य। छाया: तरूणमित्र


# चचेरी साली से अवैध संबंध बनाने का आरोप

**लखनऊ, 07 मई (तरूणमित्र)।** मोहनलालगंज में पति ने अवैध संबंध में रोड़ा बनने पर पत्नी की हत्या की थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में प्रयोग किया गया पत्थर भी बरामद हुआ है। मामले के सहआरोपी देवर, सास और ससुर से पूछताछ की जा रही है। दड़ाईन मजरा? मोहद्दीनपुर के संजय की पत्नी सविता का शव सोमवार शाम पूरनपुर गांव के पास किसान पथ के किनारे मिला था। सविता के पिता राम नरेश ने मामले में पति संजय, देवर अजय और सास-ससुर के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी संजय से पूछताछ की। उसने बताया कि चचेरी साली से वह अवैध संबंध बनाना चाहता था। सविता इसका विरोध कर रही थी। इस पर उसने उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाई। योजना के तहत सोमवार को दवाई दिलाने के बहाने वह सविता को घर से बाहर बुलाया। बहाने से उसे गोसाईंगंज के एक तांत्रिक के यहां ले गया। वापस लौटते समय पूरनपुर गांव के पास पत्थर से उसके सिर पर वार कर दिया। वह घायल होकर जमीन पर गई, तो उसकी साड़ी से उसका गला घोंट दिया। संजय ने बताया कि हत्या करने के बाद सविता के शव को किसान पथ के किनारे 20 फीट नीचे खाई में फेंक दिया। पुलिस उसे मौके पर ले गई। वहां घटना में प्रयोग किया गया खून से सना पत्थर बरामद हुआ। डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल के पर्यवेक्षण में एडीसीपी अमित कुमावत, एसीपी रजनीश वर्मा और प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह की टीम ने इस हत्याकांड का खुलासा किया।

संजय ने पुलिस को बताया है कि वह सविता को तांत्रिक के पास ले गया था। इसके पीछे क्या कारण था, पुलिस इसकी पड़ताल कर रही है। पुलिस का कहना है कि तांत्रिक के बारे जानकारी जुटाई जा रही है। हत्या में उसकी संलिप्तता पाई जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

## चौक में एक अवैध व्यावसायिक निर्माण सील

**लखनऊ, 07 मई (तरूणमित्र)।** बुधवार एलडीए प्रवर्तन जोन सात की टीम ने चौक क्षेत्र में एक अवैध व्यावसायिक निर्माण सील किया। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि गोपाल दास, राजकुमार, किशन कुमार व अनूप कुमार द्वारा चौक में खुन खुन जी रोड पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण करवाया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इस



अवैध निर्माण के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में सहायक अभियंता संजय शुक्ला के नेतृत्व में अवर अभियंता इम्तियाज अहमद द्वारा प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से उक्त अवैध निर्माण को सील कर दिया गया।

## केक काटकर मनाया मातृ दिवस

**लखनऊ, 07 मई (तरूणमित्र)।** लक्षिका वेलफेयर सोसाइटी एवं महिला सशक्तिकरण के तत्वावधान में सहारा गंज मॉल में सैकड़ों महिलाएं एकत्रित हुई और केक काटकर मातृ दिवस मनाया। इस अवसर पर शिव शक्ति फाउंडेशन के पदाधिकारी मोहित शर्मा, प्रशांत भंडारी नेहा त्रिपाठी ने मातृ दिवस की महिलाओं को बधाई दी। अध्यक्ष उषा अग्रवाल ने कहा कि मां एक बच्चे को जन्म देने के साथ उसको जमीन पर चलने के अलावा संस्कारों से पोषित देश व समाज को उन्नत बनाने में अहम भूमिका का निर्वाहन करती हैं। इस अवसर पर महिलाओं ने मातृत्व दिवस की पूर्व संध्या पर आपस में मिलकर अपने अनुभवों को साझा किया। इस मौके पर सोसाइटी की अध्यक्ष उषा अग्रवाल, सीमा चंद्रवंशी, सुषमा झिंगरन, दीपिका, पलक, सोनी, रीता, मोनिका, अंजू, प्रतिभा एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रही।

## बीबीएयू में सुरक्षा प्रबंधन रणनीति पर हुई चर्चा

**लखनऊ, 07 मई (तरूणमित्र)।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबंधन के लिए रणनीति विषय पर चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक कुलपति एवं डीन ऑफ अकेडमिक अफेयर्स प्रोफेसर एस विक्टर बाबू ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय अहमदाबाद के प्रोफेसर एमेरिटस एवं उड़ीसा लोक सेवा आयोग के भूतपूर्व चैयरमैन ब्रिगेडियर (डॉ.) एलसी पटनायक उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मंच पर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के संकायाध्यक्ष प्रो. अमित कुमार सिंह, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. लता बाजपेयी सिंह एवं डॉ. सलिल सेठ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन एवं बाबासाहेब के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। कार्यवाहक कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा का सिद्धांत, राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देना है। भारतीय सेना राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रवाद की एकता सुनिश्चित करने के साथ-साथ राष्ट्र को बाहरी आक्रमण और आन्तरिक खतरों से बचाने का कार्य करती है। संकायाध्यक्ष प्रो. अमित कुमार सिंह ने देश की सुरक्षा में सेना के योगदान के साथ-साथ आम जनता के दायित्वों पर अपने विचार रखें।

# एनईआर में संवेदनशील पदों का रोटेशनल ट्रांसफर किया जाये

**लखनऊ, 07 मई (तरूणमित्र)।** पूर्वोत्तर रेलवे के वरिष्ठ उपमहाप्रबन्धक व मुख्य सतर्कता अधिकारी तुषार कान्त पाण्डेय ने बुधवार को लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लखनऊ के सभागार में मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल और अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (परिचालन) विक्रम कुमार तथा अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (इंफ्रा) भुवनेश सिंह व समस्त शाखाधिकारियों के साथ यात्री परिवहन और सुविधाओं तथा कर्मचारी कल्याण आदि विषयों पर समीक्षा बैठक की।

एडीआरएम ऑपरेशन ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से लखनऊ मण्डल की आधारभूत संरचना, भौगोलिक क्षेत्र, ट्रेन परिचालन, महत्वपूर्ण गतिविधियां, संरक्षा एवं सुरक्षा तथा कर्मचारी



## मुख्य सतर्कता अधिकारी ने लखनऊ मंडल टीम संग की समीक्षा बैठक

कल्याण के अन्तर्गत हो रहे कार्यो की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। सीवीओ ने कर्मचारी कल्याण, गतिशक्ति, स्टेशन विकास, यात्री परिवहन आदि विकास परक परियोजनाओं पर प्रमुख रूप से चर्चा करते हुए कहा कि कार्यो को पारदर्शिता के साथ निश्चित समयावधि में पूर्ण करना अति आवश्यक है। कर्मचारी कल्याण की दिशा में इनकी विभागीय पदोन्नति तथा एमएसीपी इत्यादि को निश्चित समय अवधि में पूरा किया जाये। साथ ही संवेदनशील पदों का रोटेशनल ट्रांसफर किया जाये। इस अवसर पर समस्त शाखाधिकारी व अन्य कमचारी उपस्थित थे।

# पुलिस मुख्यालय के पास पिस्टल की बट से सिर फोड़ा

**लखनऊ, 07 मई (तरूणमित्र)।** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में पिस्टल की बट से प्रॉपर्टी डीलर का सिर फोड़ दिया गया। तीन युवकों ने उसे रात में कार पार्क करते समय गालियां दीं। विरोध करने पर उसे गिराकर मारने लगे। उसकी सोने की चेन और 35 हजार रुपए लेकर भाग गए। घटना स्थल पुलिस मुख्यालय से कुछ दूरी पर ही मौजूद है।

जानकारी के मुताबिक सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में मंगलवार रात करीब 10:30 बजे टेंडर पाल्म अस्पताल के सामने मुख्य मार्ग पर तीन युवकों ने स्कॉर्पियो सवार की पिटाई कर लहूलुहान कर दिया। घनश्याम द्विवेदी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके साले



मोहित मिश्रा (निवासी विरखुंभा कजेहरा थाना गोल्फ सिटी) स्कॉर्पियो पार्क कर रहे थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल और एक डंपर पर सवार तीन बदमाश वहां पहुंचे।

उन्होंने पहले गालियां दीं। जब मोहित ने इसका कारण पूछा, तो तीनों ने मोहित मिश्रा को सड़क पर गिराकर पीटना शुरू कर दिया। बदमाशों ने घनश्याम के लाइसेंसी पिस्टल से उनके सिर के पिछले हिस्से में हमला किया। फिर पिस्टल वहीं फेंककर उनके गले की सोने की चेन और जेब में रखे 35000 रुपए लूट लिए। हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल मोहित मिश्रा का टेंडर पाल्म अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

